राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 केजरीवाल का बड़ा ऐलान, सभी सफाईकर्मियों को मकान बनाकर ...

लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल सकते हैं ऋषभ ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 274 | नई दिल्ली, सोमवार, 20 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## राहुल गांधी को इतिहास की जानकारी नहीं, कांग्रेस ने संविधान का उड़ाया मखौल: जेपी नड्डा

प्रात : किरण/ एजेंसी

अहमदाबाद। भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राहुल गांधी के 'इंडियन स्टेट' बयान को संविधान का मखौल उड़ाने वाला बताया है। लोकसभा सांसद की 'इतिहास संबंधी जानकारी' पर भी सवाल उठाए। जेपी नड्डा ने गुजरात में संविधान गौरव अभियान के तहत एक जनसभा को संबोधित किया। बोले, ₹कांग्रेस नेता राहुल गांधी ₹फाइट अगेंस्ट द इंडियन स्टेट₹ की बात करते हैं। आपने सुना होगा, राहुल गांधी कहते हैं कि फाइट अगेंस्ट द इंडियन स्टेट। इन्हें न इतिहास की जानकारी है, न ही इतिहास से इनको कोई लेना-देना है। मैं कई बार कहता हूं कि इनके स्पीच राइटर कुछ भी लिख देते हैं और ये वहीं बात सार्वजनिक तौर पर बोल देते हैं। सबसे ज्यादा किसी ने संविधान का माखौल उड़ाया है तो वह कांग्रेस पार्टी है।

नड्डा ने कांग्रेस राज का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा, 75 साल की इस यात्रा में 65 साल कांग्रेस के नेताओं ने इस देश पर राज किया। लेकिन बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के साथ कांग्रेस पार्टी ने खिलवाड़ किया। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू-कश्मीर की जिम्मेदारी ली थी, ऐसी-ऐसी खिचड़ी पकी कि वहां धारा 370



लागू कर दिया। जम्मू कश्मीर राज्य को विशेषाधिकार देने और भारत से अलग करने की इस नीति पर बाबा साहेब अंबेडकर ने देशद्रोह करार दिया था। बाबा साहेब ने अच्छा संविधान बनाया लेकिन बुरे लोगों ने उसका दुरुपयोग कर जम्मू-कश्मीर में 35ए लगाई, जिसे संसद से भी पास नहीं कराया गया। संसद को धोखा देने वाले ये लोग आज संसद की मयार्दा की चिंता करने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1975 में श्रीमती इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त किया था। उस समय देश को खतरा नहीं था बल्कि इंदिरा गांधी की कुर्सी को खतरा था। उसे बचाने के लिए उन्होंने भारत में आपातकाल लगा दिया था। वहीं शाहबानों केस में सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ित महिला को गुजारा भत्ता देने के आदेश दिया था लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मुस्लिम नेताओं और मौलवियों के दबाव में आकर कानून ही बदल दिया।

जिसका परिणाम यह हुआ कि शाहबानों को न्याय नहीं मिल सका। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया, 35ए को समाप्त किया गया। कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब के बारे में सिर्फ बातें करती है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहेब की जयंती 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया। उनकी स्मृति में स्मारक बनाकर समाज में उनका सम्मान बढ़ाया, वहीं कांग्रेस ने तो उन्हें भारत रत्न तक देने से मना कर दिया था। जेपी नड्डा ने आगे कहा कि बाबा साहेब की जन्मभूमि महू हो, शिक्षा भूमि लंदन हो, दीक्षा भूमि नागपुर हो, चैत्य भूमि मुंबई हो या फिर दिल्ली, जहां उन्होंने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था, उन स्थानों को तीर्थ स्थान बनाने का काम भी पीएम मोदी ने किया है। जबकि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव तक हरवाने का काम किया और उन्हें भारत रत्न देना भी उचित नहीं समझा, बाबा साहेब को भारत रत्न तब मिला, जब केंद्र में भाजपा समर्थित सरकार बनी। एक हफ्ते बाद हम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाएंगे। इसके साथ ही संविधान गौरव यात्रा में सहभागिता करें और ये संदेश प्रसारित करें कि संविधान के साथ किसने छेड़छाड़ की थी।

## देशवासी मताधिकारों का उपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करें: पीएम

**प्रधानमंत्री ने इसका जिक्र करते हुए देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने की अपील की। मन की बात का 118वां एपीसोड अगले सप्ताह गणतंत्र दिवस आयोजन के चलते अंतिम रविवार के स्थान पर आज तीसरे रविवार को प्रसारित किया गया। इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चचाओं में भाग लेते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनाएं।**



प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया और साथ ही देशभर में निष्पक्ष चुनाव कराने की आयोग की प्रतिबद्धता की सराहना की। चुनाव आयोग की स्थापना के दिन 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने इसका जिक्र करते हुए देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने की अपील की।

मन की बात का 118वां एपीसोड अगले सप्ताह गणतंत्र दिवस आयोजन के चलते अंतिम रविवार के स्थान पर आज तीसरे रविवार को प्रसारित किया गया। इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चचाओं में भाग लेते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनाएं। इसमें डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा को एक मत होने, डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के मानवीय मूल्यों और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अवसरों की समानता पर अपनी बात रख रहे थे। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित कुंभ, दक्षिण की नदियों के तटों पर आयोजित होने वाले पुष्करम और पश्चिम बंगाल के गंगा सागर मेले के सुंदर आयोजनों और विहंगम दृश्यों को मन की बात का हिस्सा बनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं कोई भेदभाव या जातिवाद नहीं है, तभी तो कुंभ को एकता का ह्यमहाकुंभह्न कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उत्तर भारत में प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है। इसी प्रकार दक्षिण में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेले में संक्रांति के अवसर पर पूरी दुनिया से आए लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। वर्ष-2025 में भारत की अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पर हम सभी भारतीयों को गर्व करना चाहिए। उन्होंने इस दौरान भारतीय स्पेस टैक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल के बारे में बताया जिसने भारत का पहला निजी सैटेलाइट कांस्टेलेशन फायरफ्लाई सफलतापूर्वक पर लॉन्च किया है। उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि का जिक्र किया। वहीं, उन्होंने बताया कि आईआईटी मद्रास का ह्यएक्सटेमह्नकेंद्र अंतरिक्ष में मैन्युफैक्चरिंग के लिए कई नई तकनीक का पर काम कर रहा है।

मन की बातह्न में इस बार भी प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की दृष्टि से देशभर में हो रहे सराहनीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम के नौगांव में हाथियों से जुड़ी कई घटनाएं होती थी। इसको देखते हुए गांव वालों ने हाथी बंधु नाम से एक टीम बनाई और करीब 800 बीघा बंजर भूमि को घास युक्त किया। इसके चलते हाथियों का आबादी और खेतों में जाना काम हो गया। साथ ही उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि पिछले दो महीनों में भारत ने दो नए टाइगर रिजर्व जोड़े हैं- छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला और मध्य प्रदेश में रातापानी।

प्रधानमंत्री ने टायर टू और टायर थ्री शहरों में लगातार बढ़ते स्टार्टअप्स कल्चर की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे हुए हैं। यह हर हिन्दुस्तानी के लिए खुशी का विषय है। अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चैंगलपट्ट, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम जैसे शहरों में स्टार्टअप के केंद्र बन रहे हैं। नागालैंड राज्य में भी पिछले साल स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन में 200 से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

### मोदी ने राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वहित के भाव से जुटने का किया आह्वान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान निमार्ता के सपनों के अनुरूप भारत के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए सर्वहित, संस्कृति संरक्षण और समानता के मूल्यों को लेकर आगे बढ़ना होगा। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगाँठ है। उन्होंने कहा, ₹मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूँ, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।₹ उन्होंने कहा कि संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चचार्एं हुईं। ये चचार्एं, संविधान सभा के सदस्यों के विचार, उनकी वाणी बहुत बड़ी धरोहर है। श्री मोदी ने अपने संबोधन में संविधान सभा के सदस्य डॉक्टर बी आर अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ श्यामाचरण मुखर्जी के भाषणों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने एकमत और सर्वहित पर जोर दिया और डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अहिंसा और शांति जैसे मूल्यों के संस्कृति संरक्षण को महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने डॉक्टर श्यामा चरण मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अवसरों की समानता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देशवासियों को संविधान निमार्ताओं के इन विचारों से प्रेरणा लेकर ऐसे भारत के निर्माण के लिए काम करना है जिस पर हमारे संविधान निमार्ताओं को भी गर्व हो। श्री मोदी ने कहा, आज 2025 की पहली 'मन की बात' हो रही है। हर बार 'मन की बात' महीने के आखिरी रविवार को होती है लेकिन इस बार हम एक सप्ताह पहले चौथे रविवार की बजाय तीसरे रविवार को ही मिल रहे हैं। क्योंकि अगले सप्ताह रविवार के दिन ही 'गणतंत्र दिवस' है।

### नेताजी सुभाष बाबू के जीवन से प्रेरणा लें युवा : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महान विभूति नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दूरद्दष्टा और प्राक्रमी बताते हुये आज कहा कि सुभाष बाबू एक कुशल प्रशासक भी थे और उनके जीवन से युवाओं को निरंतर प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा 'मेरे प्यारे देशवासियों, पल-भर के लिए आप एक द्दष्य की कल्पना कीजिए- कोलकाता में जनवरी का समय है। दूसरा विश्व युद्ध अपने चरम पर है और इधर भारत में अंग्रेजों के खिलाफ गुस्सा उफान पर है। इसकी वजह से शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिसवालों की तैनाती है। कोलकाता के बीचोंझबीच एक घर के आस-पास पुलिस की मौजूदगी ज्यादा चौकस है। इसी बीच लंबा ब्राउन कोट, पेंट और काली टोपी पहने हुए एक व्यक्ति रात के अंधेरे में एक बंगले से कार लेकर बाहर निकलता है।

## महाकुंभ समरसता का प्रतीक: मोदी

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ को समरसता का प्रतीक करार देते हुए रविवार को कहा कि यह विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय द्दश्य और समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं। कुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत समेत पूरे विश्व के लोग जुटते हैं। उन्होंने कहा, हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। उन्होंने कहा, महाकुंभ में भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं - तभी तो 'कुंभ' एकता का महाकुंभ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का आयोजन इसका संकेत है कि हमारी परम्पराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उत्तर से दक्षिण तक मान्यताओं को मानने के तरीके एक जैसे ही हैं। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है वैसे ही, दक्षिण भू-भाग में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम होते हैं। ये दोनों ही पर्व हमारी पवित्र नदियों से, उनकी मान्यताओं से जुड़े हुए हैं। इसी तरह कुंभकोणम से तिरुक्कड-यूर, कूड़-वासल से तिरुचेरई अनेक ऐसे मंदिर हैं जिनकी परम्पराएं कुंभ से जुड़ी हुई हैं। श्री मोदी ने कहा कि कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आती है और जब युवा-पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ, गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं। इससे उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम इस बार कुंभ के डिजिटल का प्रयोग भी बड़े पैमाने पर कर रहे है। कुंभ की ये वैश्विक लोकप्रियता हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में गंगासागर पर मकर संक्रांति मेले का उल्लेख करते हुए कहा कि संक्रांति के पावन अवसर पर इस मेले में पूरी दुनिया से आए लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है।

## अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई प्रौद्योगिकी पर हो रहा है काम: मोदी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2025 की शुरूआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और अभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि आईआईटी मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। ये केंद्र अंतरिक्ष में 3डी प्रिंटेड बिल्डिंग, धातु फॉम और ऑप्टिकल फाइबर्स जैसे तकनीकों पर रिसर्च कर रहा है। ये सेंटर बिना पानी के कांसेंट्रेट निर्माण जैसी क्रांतिकारी विधियों को भी विकसित कर रहा है। एक्सटेम की ये शोध भारत के गगनयान मिशन और भविष्य के अंतरिक्ष केन्द्र को मजबूती देगी। इससे विनिर्माण में आधुनिक तकनीक के भी नए रास्ते खुलेगें। प्रधानमंत्री ने कहा 'यह बातते हुये मुझे गर्व है कि एक भारतीय स्पेस स्टार्टअप बेंगलुरू के पिक्सेल ने भारत का पहला निजी उपग्रह कांस्टेलेशन 'फायर-फ्लाई' सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। यह उपग्रह कांस्टेलेशन दुनिया का सबसे हाई रिसुलेशन हाईपरस्पेक्ट्रल उपग्रह कांस्टेलेशन है। इस उपलब्धि ने न केवल भारत को आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक में अग्रणी बनाया है बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। ये सफलता हमारे निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती ताकत और नवाचार का प्रतीक है। मैं इस उपलब्धि के लिए पिक्सेल की टीम, इसरो और इन स्पेस को पूरे देश की ओर से बधाई देता हूं।' उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में ही एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। वैज्ञानिकों ने उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग कराई है। जब अंतरिक्ष में दो उपग्रह जुड़ते हैं तो इस प्रक्रिया को अंतरिक्ष डॉकिंग कहते हैं। यह तकनीक अंतरिक्ष में अंतरिक्ष केन्द्र तक आपूर्ति भेजने और उसमें गये लोगों के लिए अहम है।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची से होकर जाएंगी 38 कुंभ स्पेशल ट्रेनें, पहली ट्रेन को रक्षा राज्य मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

रांची। रांची रेलवे जंक्शन से कुंभ स्पेशल ट्रेन (नंबर 08067) रविवार को हर-हर महादेव के नारों के बीच रवाना हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस ट्रेन पर कुंभ क्षेत्र जाने वाले दो हजार से अधिक श्रद्धालु सवार रहे। ट्रेन को रवाना किए जाने के मौके पर राज्य सभा के भाजपा सांसद दीपक प्रकाश, झामुमो सांसद महुआ माजी, रांची के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत बिंद्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने ट्रेन से रवाना होने वाले श्रद्धालुओं को तिलक लगाए, उन पर पुष्प वर्षा की और पांव छूकर उनका अभिवादन किया।

**महत्वपूर्ण खबर**




### सधे हुए अपराधियों ने किया केजरीवाल पर हमला, आरोपी भाजपा से संबंधित : आतिशी

नईदिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर भाजपा के गुंडों द्वारा हमला करवाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल की जान लेने का प्रयास था। जिन व्यक्तियों ने अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया, वे सधे हुए अपराधी हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमलावर भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों पर दिल्ली के अलग-अलग थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर इतने बड़े पत्थर से हमला किया गया कि अगर वह किसी को लग जाता तो जानलेवा हो सकता था। मुख्यमंत्री आतिशी ने हमलावरों की पहचान बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े राहुल उर्फ शैंकी वहां मौजूद थे, जहां केजरीवाल पर हमला किया गया। आतिशी ने कहा कि शैंकी प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के साथ लगे रहते हैं।

### बिहार के कटिहार में गंगा में नौका पलटने से तीन लोगों की मौत, चार लापता

कटिहार। बिहार के कटिहार जिले में रविवार को गंगा में नौका पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह नौका अमदाबाद इलाके में गोलाघाट के पास पलटी जिसमें 17 लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि अब तक दस लोगों को बचाया जा चुका है जिनमें अधिकतर तैरकर किनारे तक पहुंचे। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया, लापता चार लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में से दो की पहचान पवन कुमार (60) और सुधीर मंडल (70) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो पाई है।

**आस्था** | पीएम मोदी ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली।

## महाकुंभ क्षेत्र में लगी आग पर पाया काबू, मौके पर पहुंचे सीएम योगी, पीएम मोदी ने भी ली जानकारी

प्रात : किरण/ एजेंसी

महाकुंभ नगर। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ क्षेत्र में रविवार को आग लगने की घटना सामने आई। इसके बाद मौके पर प्रशासन की टीम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति का जायजा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आग पर काबू पा लिया गया है। पीएम मोदी ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली।

रविवार दोपहर बाद करीब 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस में आग लग गई। आग की लपटें बढ़ने के बाद इसके आसपास के प्रयागवाल के 10 टेंट भी प्रभावित हुए। आग लगने के बाद तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि गीता प्रेस और आसपास के टेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही हम तुरंत कार्रवाई में जुटे। अग्निशमन और पुलिस की टीम ने आग पर तत्परता से काबू पा लिया। अब स्थिति सामान्य है और कोई जनहानि की सूचना नहीं है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत कार्यों में जुटी हुई हैं। आग लगने के बाद मेला अधिकारी विजय किरन और अन्य आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आग बुझाने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है, कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आग की घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने और राहत कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया। इसके अलावा, सीएम योगी ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस घटना पर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के सेक्टर 19 (तुलसी मार्ग) पर हुए अग्निकांड के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दल घटनास्थल पर मौजूद है और वहां आने वाले साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जा रही है।



### हजारों लोगों ने नागा साधुओं के अखाड़ों में शामिल होने को आवेदन किया

महाकुम्भ नगर। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हजारों लोगों ने नागा साधु के तौर पर दीक्षा लेने के लिए अखाड़ों में आवेदन किया है और तीन स्तरों पर इन आवेदनों की जांच कर दीक्षा देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। निरंजनी अखाड़ा के महंत रवींद्र पुरी ने बताया कि निरंजनी में प्रथम चरण में 300-400 लोगों को नागा संन्यासी के तौर पर दीक्षा दी जा रही है और 13 अखाड़ों में सात शैव अखाड़े हैं, जिनमें से छह अखाड़ों में नागा साधु के तौर पर दीक्षा दी जाती है। उन्होंने बताया कि इनमें निरंजनी, आनंद, महानिवार्णी, अटल, जूना और आह्वान अखाड़ों में नागा साधु बनाए जाते हैं जबकि अग्नि अखाड़े में ब्रह्मचारी होते हैं, वहां नागा नहीं बनाए जाते हैं। शंकराचार्य ने नागा साधु बनाने की जो परंपरा डाली थी, वह संन्यासी अखाड़ों के लिए है। जूना अखाड़ा के महामंत्री हरि गिरि महाराज ने बताया कि जूना अखाड़े में नागा साधुओं को दीक्षा के लिए जगह का अभाव है, इसलिए कई चरणों में इन्हें नागा साधु की दीक्षा दी जाएगी और हजारों की संख्या में नागा साधु के लिए आवेदन आए हैं। महानिवार्णी अखाड़े के सचिव महंत यमुनापुरी महाराज ने बताया कि महानिवार्णी में 300-350 लोगों को नागा साधु के तौर पर दीक्षा दी जा रही है जिसके लिए पहले से काफी लोगों के आवेदन आए थे। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने बताया कि विभिन्न अखाड़ों में नागा साधु के तौर पर दीक्षा के लिए हजारों की संख्या में लोगों ने आवेदन कर रखा है जो सनातन धर्म के लिए अपना सब कुछ बलिदान करके नागा साधु बनना चाहते हैं।

# बर्फ से ढकी चोटियां देखने लैंसडौन पहुंच रहे पर्यटक





**लैंसडौन, एजेंसी।**
पर्यटन नगरी लैंसडौन में टिप इन टॉप और राठी व्यू प्वाइंट से टेलीस्कोप और दूरबीन की मदद से नजर आ रहीं हिम चोटियां पर्यटकों के लिए कौतूहल बनी हैं। हिमालय की इन चोटियों को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक लैंसडौन पहुंच रहे हैं।

शनिवार को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम से पहुंचे पर्यटकों ने बर्फ से ढकी 30 से अधिक हिमालय की चोटियां न केवल कौतूहलवश देखी, बल्कि उनके संबंध में जानकारी भी ली। गढ़वाल हिमालयन रेंज के अंतर्गत हिमालय की चोटियों दूना गिरि (7066 मीटर), चौखंबा (7138), केदारनाथ मेन (6940), शिवलिंग (6543), नीलकंठ (6596), त्रिशूल (7120), मेरु (6660), कमेट (7756), स्वर्गारोहिणी (6252), नंदा कोट (6861 मीटर) को सामान्य आंखों से भी आसानी से देखा और टेलीस्कोप व दूरबीन की मदद से इन चोटियों का पास से दीदार किया।

पर्यटकों को लैंसडौन के टूरिस्ट गाइड ऋषभ माहरा ने प्रसिद्ध हिमालय चोटियों से संबंधित मैथोलॉजिकल कहानियों और हिमालय के ग्लेशियर से निकलने वाली नादियों की जानकारी दी। इसके साथ ही भैरव गढ़ी, हनुमान गढ़ी के दर्शन किए और विभिन्न उच्च पर्वतीय गांवों को देखा। गाइड ऋषभ माहरा ने बताया कि गतवर्ष हिमालय की चोटियां बर्फ विहीन थीं। इस साल जनवरी माह में जमकर बर्फबारी हुई है। जिससे हिमालय की सुंदरता में चार चांद लगे हैं। यह पर्यटकों को खूब भा रहा है। दिल्ली के पर्यटक संजीता, नोएडा की हिमानी, गुरुग्राम के मंजीत सिंह ने बताया कि हिमालय की खूबसूरती को निहारने के लिए राठी हट से डुमेला मार्ग का ट्रैक आकर्षण का केंद्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए बैलेट पेपर हरे रंग का

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** सीडीओ डॉ. जीएस खाती की देखरेख में चुनाव अधिकारियों व कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण हुआ। चुनाव ड्यूटी में तैनात आरओ, एआरओ, जोनल ऑफिसर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों समेत 187 अधिकारियों व कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में हुए प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए बैलेट पेपर का रंग हरा है तथा नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए बैलेट पेपर का रंग गुलाबी है। सभासदों के लिए बैलेट पेपर का रंग सफेद होगा। इस मौके पर रिटर्निंग अधिकारी नपा रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, रिटर्निंग अधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, रिटर्निंग अधिकारी नगर पंचायत अगस्त्यमुनि अनीता पंवार, रिटर्निंग अधिकारी नगर पंचायत तिलवाड़ा मीनल गुलाटी, रिटर्निंग अधिकारी गुप्तकाशी खुशवंत सिंह चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### महिलाओं ने चलाया गांव में स्वच्छता अभियान

**नई टिहरी, एजेंसी।** ग्राम पंचायत मुखमालगांव की महिलाओं ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। महिला मंगल दल और नशामुक्ति संघर्ष समिति के सदस्याओं ने गांव के सार्वजनिक स्थलों, आंतरिक संपर्क मार्गों, नालियों, और धारे-पनियारों की सफाई की। अभियान का नेतृत्व महिला मंगल दल की अध्यक्ष जगतंबा देवी, नशामुक्ति संघर्ष समिति की अध्यक्ष अंगुरा देवी ने किया। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग से मनरेगा योजना के तहत महीने में दो दिन का स्वच्छता अभियान रोजगार के रूप में चलाने की मांग की। साथ ही उन्होंने झाड़ू, कंटेनर और वाइपर जैसे आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। इस मौके पर सोना देवी, सुरजा देवी, चैता देवी, रामप्यारी देवी, पाटा देवी, झाबरी देवी, भीमा देवी, ऐला देवी, सुलोचना देवी, हिम्मत सिंह, रमेश सिंह, सोबन सिंह, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

### चमोली में 16 और रुद्रप्रयाग में 10 परीक्षा केंद्र बनाए

**गोपेश्वर/रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड सेवा चयन आयोग की ओर से 19 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए चमोली जिले में 16 और रुद्रप्रयाग जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर जिले के परीक्षा केंद्रों में शांति व्यवस्था बनाए जाने को लेकर परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लगाई गई है। परीक्षा केंद्र के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। यह आदेश 18 जनवरी को शाम 6 से 19 को शाम 5 बजे तक लागू रहेगा। वहीं रुद्रप्रयाग जिले में भी परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एसडीएम आशीष चंद्र घिल्डियाल ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए दस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन पर स्कूली बच्चों ने जिला मुख्यालय पर जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने आम जनमानस को यातायात नियमों और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र व यातायात पुलिस रुद्रप्रयाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूली बच्चों की ओर से सुविधानगर से शुरू की गई रैली मुख्य बाजार होते हुए पैट्रोल पंप तक पहुंची। इस दौरान स्कूली बच्चों ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी व यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए शपथ दिलाई। इसके अलावा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया।

## थत्यूड़-बंगशील-मोलधार सड़क पर सफर जोखिमभरा

**टिहरी, एजेंसी।**
जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ से बंगशील होते हुए मोलधार को जोड़ने वाली 15 किमी सड़क लंबे समय से खस्ताहाल बनी है। वर्ष 2006 में कराया गया डामरीकरण पूरी तरह से उखड़ गया है, जिससे लोगों को सड़क पर हिचकोले खाकर जोखिमभरा सफर करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोनिवि को सड़क की दशा सुधारने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

थत्यूड़-बंगशील-मोलधार मोटर मार्ग इन 20 सालों में खस्ताहाल हो गया है। पूरी 15 किमी सड़क पर कहीं भी डामर नहीं दिख रहा है। सड़क पर जगह-जगह पड़े गड्ढे और कई जगहों पर पुश्ता टूटने से सड़क काफी संकरी हो गई है, जिससे मार्ग पर सफर करने वाले तेवा, ओंतण, बंगशील, नौगांव, पुलाल्डी, बुड़कोट और मोलधार गांव के लोग खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नजदीक गांव वाले सड़क से उड़ने वाली धूल से भी खासे परेशान हैं, जबकि अन्य लोगों को जोखिमभरा सफर करना पड़ रहा है।



मार्ग पर जौनपुर क्षेत्र के देवलसारी और नागटिब्बा भी पड़ता है। बावजूद सड़क की सुध नहीं ली जा रही है। क्षेत्र के पूर्व प्रधान महावीर राणा, सोमवारी लाल नौटियाल, विजेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से सड़क का सुधारीकरण और डामरीकरण करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुध नहीं ली जा रही है।

बारिश के समय तो जोखिम और बढ़ जाता है। टैक्सी संचालक संजय गौड़ और रणवीर कोहली ने बताया कि पूरी 15 किमी सड़क काफी खस्ताहाल है। जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन को काफी नुकसान पहुंचता है। कुछ दिन चलने के बाद गाड़ी की मरम्मत पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है। उन्होंने मार्ग का जल्द सुधारीकरण करने की मांग की। बताया गया कि विभाग ने बंगशील से आगे मोलधार तक पांच किमी का प्रस्ताव भेजा है, जबकि थत्यूड़ से बंगशील तक छोड़ दिया गया है। उन्होंने पूरी सड़क का डामरीकरण करने की मांग की है।

थत्यूड़-बंगशील-मोलधार मोटर मार्ग पर बंगशील से मोलधार तक पांच किमी के डामरीकरण की स्वीकृति मिलने के बाद निविदा निकाली गई है। थत्यूड़ से दुगड्डा तक पांच किमी सड़क का डामरीकरण करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बजट मिलते ही मार्ग का सुधारीकरण और डामरीकरण कार्य शुरू किया जाएगा।

## डीएम व एसएसपी ने किया स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण

**कोटद्वार, एजेंसी।** जिला प्रशासन ने निकाय चुनाव के अंतर्गत कोटद्वार में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों की भी समीक्षा की। डीएम डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी लोकेश्वर सिंह शुक्रवार अपराह्न कोटद्वार पहुंचे। उन्होंने राजकीय पीजी कॉलेज में मतपेटियां रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए यहीं से मतदान सामग्री देकर रवाना करने, मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में मतपेटियों को सुरक्षित रखने और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम डॉ. आशीष चौहान ने मतगणना के लिए चिह्नित हॉल को भी देखा। यहां प्रशासन की ओर से 25 जनवरी को मतगणना के लिए 20 टेबल लगेंगी। मेयर पद के नीले और पार्षद पद के सफेद बैलेट की एक साथ गिनती शुरू होगी। निरीक्षण के दौरान एएसपी चंद्रमोहन सिंह, एसडीएम सोहन सिंह सैनी, सीओ निहारिका सेमवाल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवक पर पंच से किया हमला, आंख में गंभीर चोट आई

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र की राम रहीम कॉलोनी में एक युवक पर पंच से हमला कर दिया गया। मारपीट कर उसे घायल कर दिया गया। पंच से हमले में युवक की आंख में गंभीर चोट आई है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, दिलशाद पुत्र निसार अहमद निवासी राम रहीम कॉलोनी ज्वालापुर ने शिकायत दी। बताया कि उसका पुत्र साहिल घर के बाहर खड़ा था। तभी मोहल्ले के ही आफताब, अयान, अकरम, मुकर्रम ने आकर गाली-गलौज कर दी। जान मारने की नीयत से साहिल पर पंच से हमला कर दिया।

## आने वाला समय ई-हेल्थ तकनीक का है : मधुकर



**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्वास्थ्य क्षेत्र में स्मार्ट ई-हेल्थ और ई-लर्निंग प्रोग्राम को बढ़ावा देने के लिए एम्स में दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव मधुकर कुमार भगत ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में स्मार्ट ई-हेल्थ और ई-लर्निंग का बहुत महत्व है। उन्होंने भविष्य की दृष्टि से तकनीक आधारित डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को क्रांतिकारी कदम बताया। कहा कि संचार क्रांति के युग में स्वास्थ्य क्षेत्र की यह तकनीक रोगियों को घर बैठे स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध करवा रही है। कहा कि आने वाला समय ई-हेल्थ तकनीक का है।

एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने संस्थान की ओर से संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की योजनाओं की जानकारी दी। नेशनल मेडिकल कॉलेज नेटवर्क के तहत संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही ई-लर्निंग एजुकेशन को फैकल्टी सदस्यों तथा मेडिकल छात्रों के लिए विशेष लाभकारी बताया। साथ ही ई-हेल्थ के तहत संस्थान की ड्रोन आधारित मेडिकल सेवाओं, टेली कंसल्टेशन, आउटरीच सेंटरों, टेली फॉलोअप और ई-स्मार्ट लर्निंग के अन्तर्गत टेली एजुकेशन और अन्य योजनाओं के लाभ गिनाए। इस दौरान प्रो. शालिनी राव, कार्यशाला के आयोजन सचिव विनीत कुमार, सह आयोजन सचिव संदीप कुमार सिंह, डॉ. विवेक सिंह मलिक, डॉ. श्रीलोय मोहंती आदि मौजूद रहे।

### राजू ने पहलवान को दी पटकनी, दंगल देखने के लिए दर्शकों से खचाखच भरा रहा सरयू बगड़

**बागेश्वर, एजेंसी।** उत्तरायणी मेले में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। पहले मुकाबले में यूपी के अयोध्या से आए पहलवान नागेंद्र दास ने झांसी के रवि को हराया। उत्तराखंड के राजू थापा ने राजस्थान के मोनू पहलवान, पंजाब के बग्गा पहलवान ने बनारस के रजत और हरियाणा के संदीप ने संदीप पहलवान को पराजित किया। प्रतियोगिता में पहली बार महिला पहलवान भी प्रतिभाग कर रही हैं। इनका मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा। दंगल देखने के लिए सरयू बगड़ दर्शकों से खचाखच भरा रहा। फाइनल मुकाबले शनिवार को खेले जाएंगे। दंगल का शुभारंभ डीएम आशीष भटगांई, एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के और आयोजक सीनियर सिटीजन वेलफेयर न्यास के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल ने संयुक्त रूप से किया।

## धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज करने के आदेश

**काशीपुर, एजेंसी।**
न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने कंपनी में [illegible] करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर व्यक्ति से लाखों रुपये ठगने के मामले में कुंडा पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्सरवाला निवासी इमरान अहमद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें बताया अगस्त 2024 को उसके घर बाजपुर के ग्राम गुमसानी निवासी रहमत अली आया था।

उसने खुद को रनलीव कंपनी का मालिक बताते हुए कहा कि वह उसकी कंपनी में ऑनलाइन निवेश करे तो कई गुना मुनाफा होगा। उसकी बातों में आकर उसने रहमत अली के बताए गए



क्यूआर कोड पर रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसने सलीम, नरगिस, अब्दुल कादिर, मुशाहिद हुसैन, क्रांति, मंतशा, गुलाम अहमद, आसिफ, शहजाद अली और किफायत आदि से लगभग 20 से 25 लाख रुपये ऐंठ लिए। कुछ समय के बाद आरोपी रहमत अली ने रुपये वापस करने से मना कर दिया। पीड़ितों ने कुंडा पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। तब पीड़ितों ने एसएसपी को तहरीर भेजकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद पीड़ितों ने अदालत की शरण ली। सुनवाई के दौरान इमरान अहमद के अधिवक्ता के तर्कों से संतुष्ट होकर न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर मनोज सिंह राणा की अदालत ने कुंडा पुलिस को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

## टूटे पुश्ते और झाड़ियों के कारण हो सकता है हादसा

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
ष्मणझूला-सिलोगी मोटर मार्ग पर टूटे पुश्ते और झाड़ियों के कारण हादसा हो सकता है। लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि दो साल बीत जाने के बाद भी अधिकांश स्थानों पर टूटे पुश्ते नहीं लग पाए।

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग खंड धुमाकोट (पौड़ी) की लापरवाही से लक्ष्मणझूला-सिलोगी मोटर मार्ग पर सफर करना चुनौती भरा हो गया है। स्थिति यह है कि ऊपर की ओर बड़ी-बड़ी झाड़ी उगी हैं और नीचे की ओर पुश्ते टूटे हैं। मोहनचट्टी, नौडखाल, गैंडखाल, धारीखाल, सिलोगी बाजार से पहले, परसूलीखाल, मष्टखाल सहित 10 से अधिक स्थानों पर टूटे हुए पुश्तों के कारण मोटर मार्ग अति संवेदनशील हो गया है।

झाड़ियों के कारण कई वाहन आपस में



टकरा चुके हैं। स्थानीय निवासी केदार सिंह रावत, सुरेंद्र नेगी, राजेंद्र नेगी ने बताया कि मोटर मार्ग पर टूटे पुश्तों के निर्माण के लिए वह कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं, लेकिन अधिकारी कार्रवाई को तैयार नहीं हैं।

लक्ष्मणझूला-सिलोगी मोटर मार्ग की झाड़ियां कागजों में ही कट रही हैं। विभागीय अधिकारियों की मानें तो उक्त मोटर मार्ग की झाड़ियों के कटान के लिए एक एजेंसी को ठेका दिया गया है। लेकिन एजेंसी सड़क की झाड़ी नहीं काट पा रही है। परिवहन विभाग कोटद्वार की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर शहरों में बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इन दावों की पोल लक्ष्मणझूला-सिलोगी मोटर मार्ग खोल रहा है। सड़क के टूटे पुश्तों को लेकर परिवहन विभाग भी एनएच धुमाकोट और जिला प्रशासन पौड़ी को अवगत नहीं करा पा रहा है।

### छात्रों ने उत्साह से किया मौली का स्वागत

**ऋषिकेश , एजेंसी।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार के लिए एनडीएस स्कूल श्यामपुर में शुभंकर मौली का आगमन हुआ। छात्र-छात्राओं ने भी उत्साह के साथ शुभंकर मौली का स्वागत किया। प्रतीक स्वरूप विभिन्न खेलो का प्रदर्शन कर बच्चों का मनोरंजन किया गया। प्रदेश को इस बार राष्ट्रीय खेलों के आयोजन का मौका प्राप्त हुआ है। यही कारण है कि राष्ट्रीय खेलों के प्रतीकात्मक चरित्र शुभंकर मौली को राज्य की पहचान के रूप में रखा गया है। इसका उद्देश्य खेलों की भावना, मूल्यों और मेजबान राज्य की सांस्कृतिक विशेषताओं को दर्शाना है। शुभंकर खेलों के प्रचार, दर्शकों के मध्य उत्साह और आकर्षण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विलुप्त होती इस प्रजाति के संरक्षण के लिए जनता को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएन सूरी, प्रधानाचार्या ललिता कृष्णास्वामी आदि मौजूद रहे।

### मतदाता सूची से नाम गायब होने जताया आक्रोश

**ऋषिकेश, एजेंसी।** मतदाता सूची से नाम गायब होने पर स्थानीय निवासियों ने आक्रोश जताया। इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है।

गंगा नगर के लगभग 100 से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब हैं। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि जानबूझ कर उनके नाम मतदाता सूची से गायब किए गए हैं। जबकि उन्होंने समय रहते बीएलओ को फार्म भरकर उपलब्ध कराया था। स्थानीय निवासियों ने एसडीएम स्मृता परमार को ज्ञापन सौंप इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**संक्षिप्त खबरें**

## दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

नई दिल्ली। बाहरी जिले के मुंडका इलाके के महिंद्रा लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट कंपनी के दफ्तर में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस को घटना की सूचना शनिवार सुबह मिली। तीसरे मजदूर की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है।

डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार मुंडका के त्यागी विहार इलाके में ट्रांसपोर्ट कंपनी का दफ्तर है। दफ्तर में 44 वर्षीय राजेश, 46 वर्षीय राजेंद्र सिंह और 26 वर्षीय मुकेश पांडेय ट्रकों से सामान उतारने और लादने का काम करते थे। देर रात तक काम होने के चलते तीनों कंपनी के दफ्तर में ही गए। शुक्रवार रात तीनों खाना खाने के बाद ठंड से बचने के लिए कोयले की अंगीठी जलाकर सो गए। इस दौरान दम घुटने से तीनों बेहोश हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पड़ोस में चाय की दुकान चलाने वाले पवन उन्हें चाय पिलाने के लिए आते थे। शनिवार सुबह वह चाय देने गया तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला। उसने खिड़की के ऊपर से तीनों पर पानी फेंक कर जगाने की कोशिश की, लेकिन तीनों में कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर जांच-पड़ताल की तो मुकेश की सांसें चल रही थीं। पीसीआर ने तीनों को सोनिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने राजेंद्र और राजेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि मुकेश को संजय गांधी अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीसीपी के अनुसार राजेंद्र सिंह इटावा के पीलू खेड़ा तहसील के अराजी जादोपुर गांव का रहने वाला था। मृतक के परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। राजेश के परिजन दिल्ली के लाडपुर गांव के रहने वाले हैं। वहीं मुकेश मूलरूप से उप्र के संत रविदास नगर का रहने वाला है।

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम आज से

नोएडा। निपुण लक्ष्य को पाने के लिए हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन इस बार 20 जनवरी से 01 फरवरी तक दो चरणों में होगा। पहला चरण विकास खंड स्तर पर 20 से 25 जनवरी और दूसरा चरण जिले स्तर पर 27 जनवरी से एक फरवरी तक होगा। इस संबंध में समग्र शिक्षा की राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने सर्कुलर जारी कर दिया। वहीं, प्रदेश के सभी ब्लॉकों के लिए प्रति प्रतिभागी 150 रुपये जारी किए गए। स्थलीय व्यवस्था के लिए प्रति जिला 50 हजार रुपये दिए गए हैं।

## हैबतपुर में सड़क पर जलभराव से दिक्कत

ग्रेटर नोएडा। हैबतपुर गांव में सरकारी स्कूल तक जाने वाला रास्ते की हालत बेहद ही खराब है। इसका कारण वहां पर जलभराव की समस्या है। सड़क पर पानी भरा होने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पिछले कई दिनों से बारिश होने की वजह से सड़क पर जलभराव हो गया है। ऐसे में बच्चों को विद्यालय तक पहुंचने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में करीब 200 बच्चे हैं। लोगों ने इस सड़क को जल्द ठीक कराने की मांग की है।

## दिल्ली पुलिस ने वृत्तचित्र दिखाने की हमारी कोशिश को फिर से विफल कर दिया : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत पार्टी नेताओं की गिरफ्तारी पर आधारित एक वृत्तचित्र को प्रदर्शित करने के उनके एक और प्रयास को विफल कर दिया है। आप के दावे पर रविवार को पुलिस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि] दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा था कि पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद इस वृत्तचित्र के प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं ली गयी थी।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि पुलिस ने उनके संवाददाता सम्मेलन की अनुमति देने से इनकार कर दिया, जहां वृत्तचित्र दिखाया जाना था। सिंह ने मध्य दिल्ली स्थित आंध्र एसोसिएशन के एक सभागार के बाहर कहा, मैं निर्वाचन आयोग से पूछना चाहता हूं कि किस नियम के तहत अनुमति नहीं दी गई।

# केजरीवाल का बड़ा एलान, सभी सफाईकर्मियों को मकान बनाकर देगी आप सरकार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सफाई कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि चुनाव बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली सरकार सभी सफाई कर्मचारियों को मकान बनाकर देगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जमीन केंद्र सरकार के अधीन आती है। इसलिए मैंने इस हाउसिंग योजना के लिए केंद्र सरकार को रियायती दर पर जमीन देने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा है। इस कल्याणकारी योजना की शुरूआत एमसीडी और एनडीएमसी के सफाई कर्मचारियों से की जाएगी। इसके बाद सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू की जाएगी। नौकरी के दौरान ही सफाई कर्मचारी किश्तों में अपने लिए घर खरीद सकेंगे और रिटायर होने के बाद वह इसमें शिफ्ट हो सकेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली में घर की बड़ी समस्या है। खासकर गरीब इंसान के लिए अपना घर या किराए पर घर लेना लगभग नामुमकिन है। मैं अभी जब अपनी विधानसभा नई दिल्ली में घूम रहा हूं तो मेरे पास बहुत सारे सफाई कर्मचारी आते हैं। जब तक सफाई कर्मचारी नौकरी करता है, तब तक उसके पास सरकारी निवास होता है। लेकिन रिटायर होने के बाद वह लगभग सड़क पर आ जाता है। उसकी पेंशन इतनी नहीं होती है कि वह किराए पर घर ले सकता है और ना ही उसके पास इतनी बचत होती है कि वह अपने लिए घर ले सके। मैंने कई ऐसे सफाई कर्मचारियों को देखा है जो रिटायर होने के बाद झुग्गियों में अपना जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाते हैं। लेकिन झुग्गी बनाना भी आसान नहीं होता है।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मैंने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली के अंदर सरकारी कर्मचारियों के लिए एक योजना बनाई जाए। क्योंकि दिल्ली में जमीन केंद्र सरकार के अधीन आती है। अगर केंद्र सरकार अत्यधिक रियायती दर पर जमीन देती है तो उस पर दिल्ली सरकार मकान बनवा देगी और सरकारी कर्मचारी आसान किस्तों का भुगतान करके उस मकान के मालिक बन सकते हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि हम इस योजना की शुरूआत सभी सफाई कर्मचारियों से कर सकते हैं। इस योजना की शुरूआत एनडीएसमी और दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों से की जाए। जिसके तहत केंद्र सरकार जमीन देगी और दिल्ली सरकार उस पर घर बनवा देगी। सभी सफाई कर्मचारी नौकरी के आखिरी के कुछ सालों में अपनी तनख्वाह में से उस मकान की किस्तें कटवा सकते हैं। ताकि वह जब तक रिटायर हों तो उनके पास एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए घर होगा। कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार राजी हो जाएगी। क्योंकि यह योजना गरीबों के लिए यह है। पहले इसकी शुरूआत सफाई कर्मचारियों से करते हैं। इस योजना के शुरू हो जाने के बाद इसे अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए भी लागू किया जा सकता है। यह बेहद कल्याणकारी योजना है।

अरविंद केजरीवाल का प्रधानमंत्री को पत्र आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि मैं एनडीएमसी और एमसीडी क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। ये कर्मचारी हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। वे नौकरी के दौरान सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आवासों में रहते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद उन्हें ये घर खाली करने पड़ते हैं। वे अपना खुद का घर खरीदने या दिल्ली में महंगे किराए पर घर लेने में असमर्थ होते हैं, जिससे वे और उनके परिवार असुरक्षित स्थिति में आ जाते हैं। चूंकि दिल्ली में जमीन से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधीन आते हैं, इसलिए आपसे अनुरोध है कि केंद्र सरकार सफाई कर्मचारियों के लिए रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराए। दिल्ली सरकार इन जमीनों पर इनके लिए घर बनाकर देगी और कर्मचारी इन घरों की लागत को आसान किस्तों में सरकार को वापस चुका देंगे।

# गांवों की मांगों पर राजनैतिक दल गारंटी दें:पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली पंचायत संघ ने भाजपा, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों से मांग की है कि वे दिल्ली देहात गांव ग्रामीण किसानों की मांगों को पूरा करने की गारंटी दें। संघ का कहना है कि जिस प्रकार पार्टियां जनता को आकर्षित करने के लिए मुफ्त सेवाओं और छूटों की घोषणाएं कर रही हैं, उसी तरह ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की ठोस गारंटी भी दी जाए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि जहां देश के अन्य हिस्सों में स्वामित्व योजना से किसानों और ग्रामीणों को अपनी भूमि का मालिकाना हक मिल रहा है, वहीं दिल्ली के गांवों को अभी तक लाल डोरा और विस्तारित लाल डोरा खत्म कर यह अधिकार नहीं दिया गया है।

गांवों की प्रमुख मांगेंः ठोस गारंटी की आवश्यकता पंचायत संघ ने सभी दलों से मांग की है कि वे इन प्रमुख मांगों को पूरा करने की गारंटी देंः

1. करों में छूटः गांवों को हाउस टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और पार्किंग चार्ज से मुक्त किया जाए।

2. रोजगार और विकासः

रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में अधिसूचित किया जाए।

गांवों को भवन उपनियमों से बाहर रखा जाए।

कृषि भूमि का सर्कल रेट बढ़ाकर 10 करोड़ किया जाए।

3. भूमि और आवासः

वर्षों पहले अधिग्रहित कृषि भूमि, जो अभी तक खाली पड़ी है, किसानों को वापस दी जाए।

ग्राम सभा की कृषि भूमि को अधिग्रहण से बाहर रखा जाए।

गांव के गरीबों को मकान देने और बनवाने की गारंटी दी जाए।

4. स्मार्ट विलेज का विकासः

गांवों को स्मार्ट शहरों की तर्ज पर स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किया जाए।

गांवों के मुख्य मार्ग और फिरनी की चौड़ाई 100 फुट की जाए।

5. शिक्षा और आरक्षणः

गांव की जमीन पर बने पब्लिक स्कूलों में 100% दाखिला गांव के बच्चों के लिए आरक्षित हो।

गांवों के युवाओं को सरकारी सेवाओं में 50% आरक्षण की गारंटी दी जाए।

6. गांवों की जमीन के दस्तावेज उर्दू और फारसी से हटाकर हिंदी में किए जाएं।

ग्राम सभा की भूमि का उपयोग गांवों के विकास के लिए किया जाए, जैसेः पार्किंग स्थल,बारातघर खेलकूद परिसर, पशुओं के लिए चारागाह आदि।

1 फरवरी को पंचायत बुलाने की घोषणा पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि इन सभी मांगों को लेकर 1 फरवरी को पंचायत बुलाई जाएगी। इसमें सभी पंचायतें शामिल होंगी और यह निर्णय लिया जाएगा कि जो भी राजनीतिक दल इन मांगों को पूरा करने की गारंटी देगा, उसे सामूहिक समर्थन और भारी मतदान दिया जाएगा।

# फैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 का चौथी बार केके जैन अध्यक्ष व धर्मेन्द्र शर्मा बने महासचिव



नोएडा। फैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 का आज हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर केके जैन तथा महासचिव पद पर धर्मेन्द्र शर्मा भरी मतों से विजयी हुए। सेक्टर-34 में रविवार को फैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 के मतदान हुआ। जिसमें विभिन्न पदों पर चुनाव हुआ। जिसमें केके जैन एवं धर्मेन्द्र शर्मा पैनल एकतरफा विजयी रहा। यहां कुल 14 सोसायटी से 28 प्रतिनिधियों के वोट किया है। इनमें 20 लोगों ने मतदान किया और 20 वोट पाकर केके जैन एवं धर्मेन्द्र शर्मा पैनल विजयी रहा। अध्यक्ष पद पर केके जैन ने एसपी चमौली को महासचिव पद पर धर्मेंद्र शर्मा ने एसके सिंघल को, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार राय ने जगदीश जोशी को, उपाध्यक्ष पद पर कुलदीप मुंशी ने जगत सिंह को तथा कोषाध्यक्ष पद पर एमसी भारद्वाज ने सुधीर सिंह को हराया। इससे पहले भी एसपी चमोली पैनल पिछले दो चुनावों में हार चुका है। इस बड़ी जीत पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष केके जैन एवं महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी का लक्ष्य सेक्टर के विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाना है, जिसके लिए हमेशा प्रयास रहेगा। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार भी व्यक्त किया। बता दें कि फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 के चुनाव 2025 को काफी गहमागहमी रही। बीते बुधवार को नामांकन हुआ था। फैडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 में कुल 14 आरडब्ल्यूए फेडरेशन की सदस्य है। केके जैन और धर्मेन्द्र शर्मा ने चौथी बार अध्यक्ष और महासचिव पद पर विजय प्राप्त की है। नामांकन के दिन से ही केके जैन और धर्मेन्द्र शर्मा पैनल चुनाव में जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिखाई दे रहा था। उन्होंने कहा था कि पूर्व के कार्यकाल में किए गए सेक्टर के विकास के कार्य ही हमारी जीत का रास्ता खोलेंगे।

# दिल्ली में मतदाताओं को लुभाने के लिए उत्पादों पर आकर्षक संदेश लिख रहे हैं राजनीतिक दल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली का सियासी माहौल गर्म है और कार्यकर्ता राजनीतिक दलों के प्रति अपनी निष्ठा साबित करने तथा मतदाताओं को लुभाने के लिए रचनात्मक तरीके से तैयार विविध उत्पादों का सहारा ले रहे हैं, जिन पर आकर्षक वाक्यांश एवं संदेश लिखे हुए हैं। आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और अन्य दल विभिन्न उत्पादों पर लिखे चुटीले, आकर्षक एवं व्यक्तिगत अपील वाले संदेशों के जरिये चुनावी दौड़ में एक-दूसरे से आगे निकलने का प्रयास कर रहे हैं।

सर्दियों के मौसम में मतदाताओं को लुभाने के लिए कार्यकर्ता स्वेटर, स्टोल, टी-शर्ट, स्कार्फ, धूप के चश्मे, चाबी के छल्ले, कार पर लगाए जाने वाले झंडे एवं कटआउट, पेन, पोस्टर और यहां तक कि माउसपैड तक बांट रहे हैं।

एक नेता ने कहा, ह्यपार्टी के चुनाव चिह्न और नारे वाले ये अनोखे उत्पाद न सिर्फ प्रचार का साधन हैं, बल्कि समर्थकों को ज्यादा व्यक्तिगत और जीवंत रूप से लुभाने का कारगर तरीका भी हैं। आप ने अपने प्रचार के लिए नीले और पीले रंग के स्वेटर व स्टोल पेश किए हैं। सदर बाजार में राजनीतिक सामान की आपूर्ति करने वाले एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता विक्रम ने कहा, ह्यइनमें आगे की तरफ पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का चेहरा और पीछे की तरफ पार्टी का चुनाव चिह्न है, जो उन्हें पहली नजर में अलग दिखाता है।

आप ने खासतौर पर डिजाइन किए गए चाबी के गुच्छे, रिस्ट बैंक (कलाई पर बांधने वाले पट्टे), बैज और कार पर लगाए जाने वाले झंडे भी ऑर्डर किए हैं।

विक्रम ने कहा, हमने चुनावी रैलियों के लिए 2,000 से 2,500 बड़े झंडों और 5,000 छोटे झंडों के गट्ठर तैयार किए हैं। झंडों की कीमत सामग्री और आकार के आधार पर 2.50 रुपये प्रति झंडा से लेकर 165 रुपये प्रति झंडा तक है।

भाजपा अपने चुनाव प्रचार में ऐसे उत्पादों का सहारा ले रही है, जो अलग होने के साथ-साथ एक नजर में लोगों का ध्यान खींचते हैं।

विक्रम ने कहा, पार्टी ने ऑरेंज रंग के धूप के चश्मे का ऑर्डर दिया है, जिस पर सफेद रंग से पार्टी का नाम लिखा हुआ है। उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्र वाली टी-शर्ट का भी ऑर्डर दिया है, जिस पर लोग अपने चित्र भी छपवा सकते हैं।

वहीं, कांग्रेस ने रोजमर्रा के जीवन में उपयोगी चीजों को चुना है। विक्रम के मुताबिक, पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने बड़े पैमाने पर ऐसे माउसपैड, पेन और चाबी के छल्ले के ऑर्डर दिए हैं, जिन पर कांग्रेस का चुनाव चिह्न छपा हो।

आपूर्तिकताओं ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में राजनीतिक प्रचार सामग्री की मांग 60 फीसदी तक बढ़ गई है।

सदर बाजार के एक अन्य व्यापारी ने कहा, ह्यचुनाव का मौसम हमारे लिए सबसे व्यस्त समय होता है। इस साल प्रचार सामग्री में असाधारण रचनात्मकता और विविधता देखने को मिल रही है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होगा, जबकि वोटों की गिनती आठ फरवरी को की जाएगी।

## दिल्ली में भरी सड़क पर धू-धू कर जली कार, शादी का कार्ड बांटने निकले शख्स की मौत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार रात को एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना में अपनी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने गए शख्स की कार में ही जलकर मौत हो गई। यह हादसा गाजीपुर में बाबा बैंक्वेट हॉल के पास हुआ। कार में अचानक आग लग गई जिसकी वजह से शख्स अंदर ही जलकर मर गया। नवादा के रहने वाले अनिल की 14 फरवरी को शादी होने वाली थी। घटनास्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वैगन आर भरी सड़क पर धू-धू कर जलती नजर आ रही है। कार में आग कैसे लगी इसकी वजहों का अभी पता नहीं चल पाया है। परिजनों का कहना है कि अनिल दोपहर को अपनी शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए घर से बाहर निकला था। वह शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों को उसकी फिक्र हुई। इसके बाद परिजन उसे फोन मिलाने लगे तो वह स्विचऑफ निकला। इसके बाद पुलिस का देर रात को परिजनों को फोन आया। इसमें अनिल के दुर्घटना के बाद अस्पताल में होने की सूचना मिली। हालांकि बाद में परिजनों को पता चला कि अनिल अब इस दुनिया में नहीं है। वहीं एनसीआर के गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में एक घर में रविवार को तड़के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस भीषण दुर्घटना में एक महिला और उसके बच्चों समेत कुल 4 लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घर में लगी आग को बुझाया। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के बाद घर से सभी की लाशें बरामद की। सभी तीसरे माले पर सो रहे थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल ने बताया कि दमकल कर्मियों ने दीवार तोड़कर सभी की लाशें बरामद की। मृतकों की पहचान महिला गुलबहार (32), उसके बेटे जान (9) और शान (8) और जीशान (7) के रूप में हुई है।

# केजरीवाल फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, महिलाओं की तरह छात्रों के लिए भी बस यात्रा मुफ्त करेंगे- संजय सिंह



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को आरके पुरम, मेहरौली और छतरपुर विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ह्यह्यआपह्नह्न प्रत्याशियों को भारी जन समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। वह महिलाओं की तरह सभी छात्रों के लिए भी बस यात्रा मुफ्त करेंगे। साथ ही, हर महिला को 2100 रुपए प्रतिमाह मिलेगा और बुजुर्गों का सारा मुफ्त मुफ्त किया जाएगा। पहले सरकारी स्कूलों में मकड़ी के जाले लगे होते थे, लेकिन आज उन्हीं स्कूलों को अरविंद केजरीवाल ने शानदार बना दिया है। भाजपा कह रही है कि जो काम केजरीवाल कर रहे हैं, वहीं हम भी करेंगे। जब ओरिजनल मौजूद है तो डुप्लिकेट की क्या जरूरत है? संजय सिंह ने कहा कि आपको 5 फरवरी को वोट डालने के लिए जाना है। आपको वोट की ताकत दिलाने और देश को आजाद कराने के लिए भारता माता के वीर सपूतों ने अपनी कुबार्नी दी। शहीद ए आजम भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र ने अपनी कुबार्नी दी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने फांसी के फंदे को चूमा तब हमें आजादी और वोट का अधिकार मिला। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान बनाया ताकि देश उसी के मुताबिक चलेगा। यह बहुत दुर्भाग्य की बात है कि संविधान को पीछे रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि उनके फरमान से यह देश चलेगा। आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कहता है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के फरमान से नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान से यह देश चलेगा।

संजय सिंह ने कहा कि हमने दिल्ली में कई काम किए। मुख्यमंत्री बनने के बाद जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री सरकारी स्कूलों का दौरा करने जाते थे। वह देखते थे कि बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ रहे थे। स्कूल में मकड़ी के जाले लगे हुए थे। बच्चियों के लिए शौचालय का इंतजाम नहीं था। आज उन्हीं सरकारी स्कूलों में अरविंद केजरीवाल ने बच्चों की पढ़ाई के लिए एयर कंडीशन क्लासरूम बनाने का काम किया है। साथ ही, सरकारी स्कूलों में एथलीट और हॉकी ग्राउंड बनवाए। स्वीमिंग पूल का निर्माण करवाया। जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप हिंदुस्तान आईं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे कहा कि गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के स्कूल देख लो। तो मेलानिया ने कहा कि मुझे अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के सरकारी स्कूल देखने हैं। पहले लोग कहते थे कि अमेरिका से सीखो लेकिन आज अमेरिका के लोग कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल से सीखो।

संजय सिंह ने कहा कि हमने मोहल्ला क्लीनिक बनाए जिसमें 200 तरह की जांच फ्री होती हैं और दवाई भी मुफ्त मिलती है। अरविंद केजरीवाल जब झुग्गियों में जाते थे तो लोग उनसे कहते थे कि हमें गहने गिरवी रखकर बिजली का बिल भरना पड़ा। बिजली का 10-10 हजार रुपए का बिल आता है। अरविंद केजरीवाल ने उनके दर्द को समझा और बिजली मुफ्त कर दी। आज

## दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान कभी नहीं देखा, जब पूर्व मुख्यमंत्री पर जानलेवा हमले का प्रयास हुआ: केजरीवाल

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये प्रचार के दौरान उनके वाहन पर कथित हमले के एक दिन बाद रविवार को कहा कि उनका जीवन देश के लिए समर्पित है लेकिन उन्होंने दिल्ली ने चुनाव प्रचार के दौरान कभी ऐसा नहीं देखा, जब एक पूर्व मुख्यमंत्री पर ह्यजानलेवा हमलाह्न करने का प्रयास किया गया। ह्यआपह्न ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के ह्यगुंडोंह्न ने शनिवार को निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान केजरीवाल पर हमला किया। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ह्नदिल्ली के लोगों ने प्रचार के दौरान कभी ऐसा प्रचार और हिंसा नहीं देखी, जिसमें एक पूर्व मुख्यमंत्री पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई हो। यह उनका (भाजपा का) प्रचार करने का तरीका है क्योंकि वे बुरी तरह हार रहे हैं।ह्व उन्होंने वर्मा के इस दावे को भी हास्यास्पद बताया कि केजरीवाल नई दिल्ली सीट से 20,000 वोटों से हारने जा रहे हैं। केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, ह्नउन्हें (प्रवेश वर्मा) कुछ दिनों तक सपनों में जीने दें।ह्व केजरीवाल ने यह भी कहा कि उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के लिए आवास योजना के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है

# केजरीवाल से मिला अग्रवाल समाज का प्रतिनिधिमंडल, आप को दिया समर्थन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से रविवार को दिल्ली के अग्रवाल समाज का एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस दौरान अग्रवाल समाज ने दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी अपना समर्थन दिया। अरविंद केजरीवाल ने भी उन्हें भरोसा दिया कि आम आदमी पार्टी की सरकार में व्यापारी वर्ग और अग्रवाल समाज का किसी भी तरह से राजनीतिक शोषण नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज अपने आवास पर अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और आम आदमी पार्टी को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। महाराजा अग्रसेन के आशीर्वाद से हमने दिल्ली के लोगों की सच्चे मन से सेवा की है और आगे भी यूं ही करते रहेंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि रविवार को दिल्ली की 70 विधानसभाओं से कई लोग अग्रवाल समाज की एकता का परिचय देने के लिए अरविंद केजरीवाल से मिलने आए थे। अरविंद केजरीवाल भी अग्रवाल समाज से संबंध रखते हैं। भाजपा ने उनके ऊपर कई जुल्म किए, उन्हें जेल में डाला, फर्जी मुकदमे बनाए। ईडी और सीबीआई की धमकियां अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ अग्रवाल समाज के हर व्यक्ति को मिलती हैं। इसके खिलाफ अग्रवाल समाज ने अपनी आवाज बुलंद की है। ये सभी लोग अरविंद केजरीवाल का आभार व्यक्त करने आए हैं। इस लड़ाई में अग्रवाल समाज के सभी लोग उनके साथ खड़े हैं।

वहीं, अग्रवाल समाज की आवाज संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गोयल ने कहा कि हमारे समाज के नेता अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए हमारी संस्था के दिल्ली की सभी विधानसभाओं से विधानसभा अध्यक्ष अपनी टीम के साथ अपने मन की पीड़ा साझा करने आए थे। अरविंद केजरीवाल ने सबको भरोसा दिया है कि उनकी सरकार में पहले की तरह आगे भी व्यापारी वर्ग और अग्रवाल समाज का किसी तरह से राजनीतिक शोषण नहीं होगा। जिस प्रकार से एक षड्यंत्र के तहत हमारे समाज को राजनीति से दूर किया जा रहा है, यह अत्यंत चिंताजनक है। आज हमारा अग्रवाल समाज इतनी दहशत में है कि वह किस राजनीतिक दल के साथ खड़ा है, यह कहने में भी हिचकिचाता है। क्योकि एक राजनीतिक षड्यंत्र काम कर रहा है। सभी जानते हैं कि जहां भी अग्रवाल समाज होगा, वह अपनी योग्यता से अपनी जगह बना लेगा। योग्यता में हमारा मुकाबला कोई नहीं कर सकता। इसलिए बाकी सभी लोग चाहते हैं कि अग्रवाल समाज राजनीति से दूर रहे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अग्रवाल समाज का नाम रौशन किया है। हमारा समाज अरविंद केजरीवाल के हाथ मजबूत करने के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा हैं।

**जाट समाज के नेताओं ने भी की थी केजरीवाल से मुलाकात**

इससे पहले, अरविंद केजरीवाल से जाट समाज का एक प्रतिनिधि मंडल भी मिला था और केंद्रीय सूची में जाट समाज को शामिल करने को लेकर प्रधानमंत्री का पत्र लिखने के लिए अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया था। जाट समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने अरेंविंद केंजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी और आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन व्यक्त किया था। अरविंद केजरीवाल ने जाट समाज को भरोसा दिया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर जाट समाज को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा।

**पुजारियों और ग्रथियों ने केजरीवाल को दिया था आशीर्वाद**

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों के लिए पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा की है। इसके तहत हर पुजारी और ग्रंथी को 18 हजार रुपए प्रतिमाह की सम्मान राशि दी जाएगी। इस घोषणा के बाद पूरी दिल्ली के विभिन्न मंदिरों के पुजारियों ने अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर आकर मुलाकात की थी। इस दौरान पुजारियों ने इस योजना के एलान के लिए अरविंद केजरीवाल की जमकर तारीफ की थी और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया था।

# दिल्ली में भरी सड़क पर धू-धू कर जली कार, शादी का कार्ड बांटने निकले शख्स की मौत


नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार रात को एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना में अपनी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने गए शख्स की कार में ही जलकर मौत हो गई। यह हादसा गाजीपुर में बाबा बैंक्वेट हॉल के पास हुआ। कार में अचानक आग लग गई जिसकी वजह से शख्स अंदर ही जलकर मर गया। नवादा के रहने वाले अनिल की 14 फरवरी को शादी होने वाली थी। घटनास्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वैगन आर भरी सड़क पर धू-धू कर जलती नजर आ रही है।

कार में आग कैसे लगी इसकी वजहों का अभी पता नहीं चल पाया है। परिजनों का कहना है कि अनिल दोपहर को अपनी शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए घर से बाहर निकला था। वह शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों को उसकी फिक्र हुई। इसके बाद परिजन उसे फोन मिलाने लगे तो वह स्विचऑफ निकला। इसके बाद पुलिस का देर रात को परिजनों को फोन आया। इसमें अनिल के दुर्घटना के बाद अस्पताल में होने की सूचना मिली। हालांकि बाद में परिजनों को पता चला कि अनिल अब इस दुनिया में नहीं है।

वहीं एनसीआर के गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में एक घर में रविवार को तड़के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस भीषण दुर्घटना में एक महिला और उसके बच्चों समेत कुल 4 लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घर में लगी आग को बुझाया। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के बाद घर से सभी की लाशें बरामद की। सभी तीसरे माले पर सो रहे थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार, 20 जनवरी, 2025

# भाजपा जानलेवा हमले करके चुनाव लड़ती है और मैं अपने काम पर लड़ता हूं- केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले को लेकर पार्टी ने बड़ा खुलासा किया। आप का कहना है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के करीबी हैं और उन पर डकैती, चोरी व हत्या के प्रयास में कई केस दर्ज हैं। इस संबंध में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा बुरी तरह से चुनाव हार रही है। ये इसी तरह जानलेवा हमला करके चुनाव लड़ना जानते हैं। लेकिन मैं लोगों के काम, उनके विकास और भले के लिए योजनाएं लेकर आ रहा हूं। हम अपने काम पर चुनावी कैंपेन कर रहे हैं। इस तरह का कैंपेन और हिंसा दिल्ली के लोगों ने आज तक नहीं देखी है, जिसमें एक पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर कातिलाना हमला करने की कोशिश की गई। मेरा पूरा जीवन देश और समाज के लिए समर्पित है। उधर, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कहा कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाला भाजपा का ही गुंडा निकला। अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डरी भाजपा अब उनकी हत्या की साजिश रचने पर उतर आई है। अमित शाह जी, दिल्ली पुलिस आपके अधीन है, फिर भी अब तक आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? क्या इन आरोपियों को शह देना भाजपा की राजनीति का ही हिस्सा है?

सीएम आतिशी ने प्रवेश वर्मा और हमलावरों के बीच संबंध को लेकर दिए सबूत



वहीं, आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर रविवार को दिल्ली की सीएम आतिशी और सांसद संजय सिंह ने संयुक्त प्रेसवार्ता की। सीएम आतिशी ने कहा कि शनिवार को नई दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर भाजपा के गुंडों ने हमला किया। सबने इसका वीडियो देखा। इतने बड़े पत्थर से उनकी गाड़ी को मारा गया कि अगर वह किसी को लग जाता तो जानलेवा हो सकता था। सीएम आतिशी ने हमले के दौरान की वीडियो क्लीप की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि इसमें एक शख्स शैंकी है। आतिशी ने दूसरी तस्वीर में प्रवेश वर्मा को बधाई देते हुए शैंकी का पोस्टर दिखाया। उन्होंने कहा कि शैंकी भाजपा में उपाध्यक्ष है और अपने इलाके में प्रवेश वर्मा के पोस्टर लगाते हैं। आतिशी ने प्रवेश वर्मा के साथ शैंकी की कई सारी तस्वीरें दिखाईं और कहा कि वह उनके प्रचार में दिन-रात लगा रहता है।

भाजपा ने केजरीवाल पर हमला करने के लिए दुर्दांत अपराधियों को भेजा- सीएम आतिशी

सीएम आतिशी ने आगे कहा कि राहुल उर्फ शैंकी एक हार्डकोर आपराधिक पृष्ठभूमि का व्यक्ति है। राहुल उर्फ शैंकी पर लूट करने की कोशिश में आईपीसी 393 और 394 के केस दर्ज हैं जिसमें 7 साल की सजा होती है। राहुल उर्फ शैंकी पर आर्म्स एक्ट के केस लगे हुए हैं जिसमें कम से कम 2 साल की सजा होती है। उसके ऊपर शकरपुर थाने में एफआईआर भी है, जिसमें आईपीसी की धारा 394, 397, 34, 120बी और 201 के तहत डकैती, मारपीट और जान लेने की कोशिश की धाराओं में मामला दर्ज है। इसमें 10 साल की सजा हो सकती है। राहुल उर्फ शैंकी पर अभी भी इन मामलों में केस चल रहा है। पहाड़गंज थाने में इसके खिलाफ एक और डकैती और चोरी के दौरान किसी पर हमला करने और मारने की कोशिश के लिए आईपीसी 394 और 397 के तहत केस दर्ज है। इससे बिल्कुल साफ है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए ऐसे दुर्दांत अपराधियों और गुंडों को भेजा गया जिन पर पहले से ही डकैती और डकैती के दौरान मर्डर के प्रयास के केस चल रहे हैं।

तीनों हमलवारों पर चोरी, डकैती, हत्या के प्रयास मे केस दर्ज है- सीएम आतिशी सीएम आतिशी ने कहा कि इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति अटैक में शामिल था। उसका नाम रोहित त्यागी है। आतिशी ने रोहित त्यागी के फेसबुक पेज की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि इसमें रोहित त्यागी की तस्वीर प्रवेश वर्मा के साथ है। वह लगातार प्रवेश वर्मा के प्रचार में भी शामिल रहा है। रोहित त्यागी भी एक हार्डकोर क्रिमिनल है। उस पर तीन गंभीर मामलों में मुकदमे चल रहे हैं। रोहित त्यागी के खिलाफ 2011 में एक एफआईआर दर्ज है जिसमें उस पर चोरी का आरोप और 10 साल की सजा तक लगी हुई है। 2011 में ही आईपीसी 382, 411, 34 के तहत उसके खिलाफ दूसरा मामला दर्ज है। यह केस चोरी और जानलेवा हमला करने के लिए दर्ज है। वहीं 2017 में नॉर्थ एवेन्यू के अंदर सेक्शन 308, 325, 341, 34 के तहत रोहित त्यागी पर मर्डर करने का केस दर्ज है। वहीं, हमले की एक अन्य तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि हमला करने वाला तीसरे व्यक्ति का नाम सुमित है। इस पर भी चोरी, डकैती और उसके दौरान मर्डर करने के प्रयास के केस अलग-अलग थानों में चल रहे हैं, जिसमें मंदिर मार्ग थाना और सनलाइट कॉलोनी के पुलिस थाने शामिल हैं।

भाजपा ने अपनी हार की बौखलाहट में केजरीवाल पर हमले करवाया- सीएम आतिशी

सीएम आतिशी ने कहा कि ये सारे मुकदमें दिखाते हैं कि भाजपा के जिन तीन गुंडों ने शनिवार को अरविंद केजरीवाल पर हमला किया, वह उसके कोई आम कार्यकर्ता नहीं है बल्कि ये भाजपा के सधे हुए गुंडे और अपराधी है। और अगर ऐसे लोगों को अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए भेजा गया, जिनपर चोरी, डकैती और जान से मारने की कोशिश के केस चल रहे हैं तो इससे यह बिल्कुल साफ है कि भाजपा चुनाव में हार की बौखलाहट से अरविंद केजरीवाल की जान लेने पर उतर आई है। वोट काटने और फर्जी वोट जोड़ने से भाजपा का काम नहीं बना। भाजपा को पता है कि 1100 रुपए, जूते, बेडशीट और चश्में बांटने से भी वो चुनाव नहीं जीत सकते। लेकिन अब वो अरविंद केजरीवाल पर जानलेवा हमला करना चाहते हैं। हमलावरों के खिलाफ सबूत होने के बाद भी चुनाव आयोग चुप सीएम आतिशी ने कहा कि इससे न सिर्फ दिल्ली पुलिस, बल्कि चुनाव आयोग और चुनाव करा रहे सभी अफसरों पर भी सवाल उठता है कि जब बिल्कुल साफ है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल पर भाजपा के कार्यकताओं द्वारा हमला किया गया है तो इसमें चुनाव आयोग क्या कर रहा है? क्या उनको यह दिख नहीं रहा? आम आदमी पार्टी सांस तक भी लेती है तो वो नोटिस भेज देते हैं। पुलिसवाले केस कर देते हैं।

## किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। इलाहाबास गांव से छह जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता हो गई। पुलिस ने उसके परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर उसको बरामद कर लिया और उसे ले जाने वाले युवक को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी के पिता ने 18 जनवरी को थाने में केस दर्ज कराया कि वह मूलरूप से जिला बिजनौर के रहने वाले हैं। पिछले कुछ वर्षों से वह परिवार के साथ इलाहाबास में रहते हैं। छह जनवरी को उनकी नाबालिग बेटी लापता हो गई। उन्होंने परिचित और रिश्तेदारों के यहां बेटी को खोजा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। करीब 14 दिन बाद भी बेटी के न मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने आशंका जताई कि उनकी बेटी को जिला हाथरस निवासी सुमित कुमार नामक युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। आशंका थी कि आरोपी युवक उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना न कर दे। इससे पूरा परिवार डरा हुआ था। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आरोपी और किशोरी को खोजने के लिए दो टीम गठित की गई थीं।

## ट्रेन की चपेट में आने से गई जान

दादरी। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर छपरौला गांव के पास ट्रेन से कटकर 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह के समय रेलवे ट्रैक पर कीमैन कृपाराम जोशी लाइन की जांच करता हुआ जा रहा था। जब उसने मृतक को देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

## अवध ओझा ने पटपड़गंज में खेला फ्री कोचिंग का दांव

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार माहौल साल 2025 की तुलना में बहुत अलग है। इस बार हर दल के प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए मुफ्त बिजली, पानी, पैसा और फ्री बस यात्रा का प्रलोभन दे रहे हैं। वहीं, पटपड़गंज विधानसभा से आप प्रत्याशी अवध ओझा ने मुफ्त कोचिंग का दांव खेल दिया है। पटपड़गंज क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अवध ओझा ने एक क्यूआर कोड भी जारी किया है, जिस पर लोगों से मुफ्त कोचिंग के लिए फॉर्म भरने के लिए कहा गया है। अवध ओझा का दावा है कि पटपड़गंज से चुनाव जीतने पर वो बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग देंगे। ये दावा अवध ओझा ने एक जनसभा में किया। इसके अलावा, उन्होंने सोशल मीडिया पर न केवल अपने दावों को पोस्ट किया बल्कि अपने दावों को दोहराया। आप प्रत्याशी अवध ओझा के मुफ्त कोचिंग वाले दांव पर स्थानीय निवासी देवेश्वरी का कहना है कि ये बात सही है कि वो लोगों ने बच्चों को फ्री पढ़ाने का वादा किया है। वहीं, प्रियांशी ने बताया कि अवध ओझा आए थे। उन्होंने कहा कि फ्री कोचिंग खोलूंगा। उनके इस ऐलान से बच्चे खुश हुए। लोगों को लगता है कि उनका ये ऐलान मिडिल क्लास परिवार के बच्चों को ऊपर पहुंचाने में मददगार साबित होगा। दीप चंद का कहना है कि अवध ओझा का मुफ्त कोचिंग वाला दांव उनके जैसे गरीबों के बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर है। वेस्ट विनोद नगर के अरुण रावत के मुताबिक मुफ्तखोरी आदमी को कमजोर बनाती है। फ्री में कुछ नहीं चाहिए। आप कार्यकर्ता निखिल ने बताया कि क्यूआर कोड उनके कार्यालय में उपलब्ध है। युवक क्यूआर कोड स्कैन कर फ्री कोचिंग का फॉर्म भर सकते हैं। क्यूआर कोड के जरिए फॉर्म भरने के लिए युवाओं से आईडी से लेकर आधार और नाम उम्र से जुड़ी जानकारियां मांगी जा रही हैं। आप प्रत्याशी अवध ओझा की मुफ्त कोचिंग योजना को खिचड़ीपुर में रहने वाले संजय और अन्य महिलाएं बढ़िया बता रही हैं।

## शीला दीक्षित शरीफ लेडी थीं, अच्छी थीं : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों दोहरी चुनौती से जूझ रहे हैं। एक तरफ उन्हें दिल्ली में आम आदमी पार्टी को एक बार फिर बहुमत दिलाना है तो दूसरी तरफ उन्हें अपनी सीट नई दिल्ली पर भी उन्हें काफी ध्यान देना पड़ रहा है। शनिवार शाम ह्यआपह्ल के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली इलाके में प्रचार किया। इस दौरान एक तरफ जहां उन्होंने पूर्व सीएम शीला दीक्षित की तारीफ की तो दूसरी तरफ प्रवेश वर्मा पर वोटर्स को खरीदने की कोशिश का आरोप लगाया। केजरीवाल ने उन लोगों को भी एक संदेश दिया जो उससे नाराज हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जनता भले चाहे जिसे वोट दे लेकिन उसे नहीं देना चाहिए जो वोट खरीदने के लिए पैसे बांटता है, उनका इशारा भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा की ओर था, जिन पर ह्यआपह्ल ने महिलाओं को 1100-1100 कैश देने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने एक नुक्कड़ सभा में कहा, ह्यमेरा तो एक और कहना है, मेरे को वोट मत दो, जिसको मर्जी वोट दे देना, लेकिन उसको वोट मत देना जो 1100 में वोट खरीदने की कोशिश कर रहा है। उसको मत देना बाकी किसी को दे देना। केजरीवाल ने कहा कि 1100-1100 रुपए में वोट खरीदने की कोशिश हो रही है। यह सही नहीं है। किदवई नगर में बड़े अफसरों को चादर बांट रहे हैं। कई वीडियो में अफसर कह रहे हैं कि तू हमें चादर में खरीदेगा। इसकी सोच क्या है, क्या आदमी है ये। चादर, कंबल, जैकेट जूते... मेरा कहना है कि जो दे रहा है ले लो, अपना ही लूट रखा है। वोट बेचना मत, वोट बिकने मत देना। हमारा वोट बहुत कीमती है। केजरीवाल ने नाम लिए बिना कहा कि प्रवेश वर्मा 5 फरवरी के बाद दिखाई नहीं देंगे। शीला दीक्षित याद करके की तारीफ

पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की भी तारीफ की, जिन्हें इसी सीट से हराकर वह सत्ता में आए थे। उन्होंने प्रवेश वर्मा की आलोचना करते हुए शीला दीक्षित की तारीफ की। केजरीवाल ने कहा, ह्ययहां शरीफ लोग रहते हैं, पढ़े लिखे लोग रहते हैं। यहां सभ्य लोग रहते हैं, शांतिप्रिय लोग रहते हैं। मेरे से पहले शीला जी चुनाव लड़ती थीं। वह भी अच्छी लेडी थी, शरीफ लेडी थीं। शराफत से चुनाव लड़ती थीं।ह्ल गौरतलब है कि पार्टी बनाने के बाद पहली बार जब केजरीवाल चुनाव में उतरे तो केजरीवाल ने शीला दीक्षित पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए थे। वह तब की मुख्यमंत्री के लिए काफी तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते थे। इस बार अरविंद केजरीवाल को प्रवेश वर्मा के अलावा शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित भी चुनौती दे रहे हैं। इस वजह से नई दिल्ली सीट पर इस बार दिलचस्प त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।

## गनप्वाइंट पर लूटपाट करने वाले दो बदमाश रंगेहाथ दबोचे

नई दिल्ली। आरके पुरम पुलिस ने डिलीवरी ब्वॉय से गनप्वाइंट पर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इन्होंने गत सोमवार को होटल हयात रीजेंसी के सामने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। इनके पास से टॉयगन, लूटे हुए मोबाइल फोन व लूट की रकम बरामद कर ली गई है। आरोपियों ने बरामद इसी टॉयगन से पीड़ितों को धमकाया था। पकड़े गये आरोपियों की पहचान दीपांशु और अमन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 13 जनवरी की रात पेट्रोलिंग टीम को होटल हयात रीजेंसी के सामने विवेकानंद मार्ग पर पकड़ो पकड़ो चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। टीम ने तत्काल भाग रहे दो संदिग्धों का पीछा किया और उन्हें जेजे कॉलोनी, आंबेडकर बस्ती से दबोच लिया। इस दौरान आरोपी सेक्टर-एक, आरकेपुरम के पश्चिमी ब्लॉक की ओर भाग रहे थे। पकड़े गये आरोपियों के पास से लूटे गए सात सौ रुपये, मोबाइल फोन व एक टॉय गन बरामद हुए। पुलिस एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। वह मौके से भागने में सफल हो गया। बाद में पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने बताया कि वह डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है और डिलीवरी देकर वापस लौट रहा था। इसी बीच आरोपियों ने उनके साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दे डाला।

## दिल्ली पुलिस ने हाशिम बाबा गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने हाशिम बाबा गिरोह के 23 वर्षीय सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी चेतन शर्मा के पास से एक पिस्तौल और पांच कारतूस जब्त किए गए। वह हाशिम बाबा गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शर्मा को शनिवार को खिचड़ीपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि शर्मा एक हिस्ट्रीशीटर है और चोरी, हत्या के प्रयास व जबरन वसूली के मामलों में वांछित है। 2023 में उसने एक स्थानीय शराब तस्कर से जबरन वसूली करने की कोशिश की और मना करने पर उस पर गोली चला दी थी।

# दिल्ली में डार्क वेब ड्रग गिरोह का भंडाफोड़, 2.1 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय डार्क वेब ड्रग कार्टेल को ध्वस्त किया है। टीम ने करीब 2 करोड़ से अधिक कीमत वाले हाइड्रोपोनिक वीड को जब्त किया है। इसकी मात्रा करीब 6 किलोग्राम थी। यह जब्ती दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी में चल रहे ऑपरेशन कवच के तहत की गई है। इस अभियान में अवैध शराब, ड्रग्स और अवैध हथियार को जब्त किया जा रहा है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला।




एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि ब्लॉकचेन-आधारित गोपनीयता वाली संचार ऐप और डेड डिलीवरी तकनीत का इस्तेमाल करके, सिंडिकेट डार्क वेब के माध्यम से संचालित होता था। अधिकारी ने बताया कि इसमें क्रिप्टोकरेंसी के जरिए लेन-देन किया जाता था। इस भंडाफोड़ के बाद दिल्ली के रहने वाले 46 वर्षीय अब्दुल मलिक उर्फ परवेज और 35 वर्षीय मयंक नैयर को गिरफ्तार किया गया। ये लोग इस रैकेट के मुख्य व्यक्ति हैं। इस रैकेट की जांच तब शुरू हुई जब पुलिस ने विदेशी डाकघर में कई ड्रग पार्सल पकड़े। इनमें यूएसए से आए हुए 5 किलोग्राम से अधिक हाइड्रोपोनिक वीड था। हालाँकि पार्सल फर्जी प्राप्तकताओं को भेजे गए थे, लेकिन इंटरनेट कम्युनिकेशन और डेटा माइनिंग के विश्लेषण से पुलिस को अब्दुल मलिक का पता लगाने में मदद मिली, जिसे नशीले पदार्थ इकट्ठा करने थे।

उन्होंने कहा कि उसके परिसर पर छापेमारी में 871 ग्राम अतिरिक्त चरस और नशीली दवाओं के लेन-देन में इस्तेमाल किया जाने वाला एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ करने पर मलिक ने खुलासा किया कि वह सिंडिकेट के सरगना नैय्यर के अधीन काम करता था। अधिकारी ने बताया कि गुरुग्राम से बीबीए ग्रैजुएट नैय्यर के परिवार का कैंसर दवा एक्सपोर्ट वाले बिजनेस था। उन लोगों को कोविड-19 महामारी के दौरान काफी नुकसान हुआ तो उसने इसके बाद ड्रग तस्करी की ओर रुख किया। उसने डार्क वेब की अपनी नॉलेज और जानकारियों का खूब लाभ उठाया और फिर नैय्यर ने यूएसए से हाई डिमांड वाली हाइड्रोपोनिक वीड का ऑर्डर किया। उसने क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से भुगतान किया और मलिक के माध्यम से डिलीवरी की।

# नई दिल्ली में परेड रिहर्सल के चलते यातायात में बदलाव, तीन दिन यहां आने से बचें

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह में सिर्फ एक सप्ताह बचा है और इसे लेकर की जा रही तैयारियां भी अब अंतिम चरण में हैं। साथ ही गणतंत्र दिवस के समारोह में होने वाले परेड के लिए फूल ड्रेस रिहर्सल की भी शुरूआत हो चुकी है। यह रिहर्सल परेड 21 जनवरी तक जारी रहेगी। इसे लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। परेड के सुचारू संचालन के लिए विशेष यातायात व्यवस्था के तहत कुछ मार्गों पर रूट परिवर्तन के साथ प्रतिबंध भी रहेगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने कुछ वैकल्पिक मार्ग भी सुझाए हैं। दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी में कहा है कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। परेड रिहर्सल के कारण 18, 20 और 21 जनवरी को लोगों के आवाजाही में दिक्कत न हो, इसके लिए ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन करें। एडवाइजरी के अनुसार, कर्तव्य पथ-रफी मार्ग क्रॉसिंग, कर्तव्य पथ-जनपथ क्रॉसिंग, कर्तव्य पथ-मानसिंह रोड क्रॉसिंग और कर्तव्य पथ-सी हेक्सागन पर पूर्वाह्न 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक यातायात पर प्रतिबंध रहेगा।



इन रास्तों का करें इस्तेमालदिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त यातायात प्रबंधन अजय चौधरी ने बताया कि नॉर्थ दिल्ली से साउथ दिल्ली और साउथ दिल्ली से जाने वाले लोग रिंग रोड, सराय काले खां, आइपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग से जा सकते हैं। ईस्ट दिल्ली से साउथ-वेस्ट की ओर जाने वाले लोग रिंग रोड से वंदे मातरम मार्ग से जा सकते हैं। इसी तरह विनय मार्ग, शांति पथ या नई दिल्ली और उससे आगे जाने वाली गाड़ियों को सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, राउंड अबाउट आरएमएल, बाबा खड़क सिंह मार्ग या पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग से होते हुए उत्तर दिल्ली या नई दिल्ली की ओर से होकर जाना पड़ेगा।

# बिट्टू ने दिल्ली के लोगों से की आप के बहकावे में नहीं आने की अपील

नई दिल्ली। रेल राज्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने आम आदमी पार्टी (आप) पर महिलाओं के साथ छल करने का आरोप लगाया है और दिल्ली के लोगों से आप के नेताओं के बहकावे में नहीं आने की अपील की है। बिट्टू ने रविवार को दिल्ली भाजपा के मुख्यालय में आयोजित संवाददता सम्मेलन में आप संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला और कहा कि अन्ना हजारे को आगे करने तथा तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील संगठबंध (संप्रग) सरकार के भ्रष्टाचार को मुद्दा बना कर सत्ता प्राप्त करने वाले केजरीवाल और आप पार्टी खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गयी। भ्रष्टार के मामले में आप के कई नेताओं को जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पंजाब सरकार का पैसा लूटकर रोज संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करते हैं। महिलाओं को झूठा प्रलोभन देते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने महिलाओं को लुभाने के लिए उन्हें 2100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया और इसको लेकर फॉर्म भी भरवाने लगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के वादे केजरीवाल दिल्ली और पंजाब में पहले भी कर चुके हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले इन्होंने दिल्ली में 1000 हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन एक पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा, ह्वआप ने पंजाब और दिल्ली दोनों जगह पिछली बार 1000 रुपए देने का वादा किया था। इसके लिए फॉर्म भी भरवाए थे, लेकिन, कहीं भी इसे पूरा नहीं किया। अब आप ने महिलाओं को 2100 रुपए देने का वादा किया है, लेकिन सत्ता में आने के बाद ये एक पैसा नहीं देंगे। इसलिए मैं दिल्ली की महिलाओं को अपील करता हूं कि वे इनके बहकावे में न आएं। छल इनके रग-रग में भरा हुआ है।ह्व भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब में ड्रग का मुद्दा बनाकर सत्ता प्राप्त करने वाली आप और केजरीवाल ने दिल्ली में लोगों को शराबी बनाने का काम किया। उन्होंने कहा, ह्वआप सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में एक पर एक मुफ्त की योजना लाकर लोगों को शराबी बनाने का काम किया। यहां के जो लोग पहले कम शराब पीते थे, इस योजना के बाद वे ज्यादा शराब पीने लगे। इस योजना में हुए घोटाले से केजरीवाल ने शीश महल बनवाने का काम किया।ह्व इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने प्रसिद्ध गायक सिद्धू मुसेवाला की सुरक्षा वापस लेकर उन्हें मरवाने का काम किया। उन्होंने कहा, ह्वपंजाब सरकार ने ड्रग के कारोबार को रोकने के लिए कोई काम नहीं किया है। राज्य में काफी युवक नशे की लत की चपेट में हैं और इसके कारण जान गंवा रहे हैं।ह्व उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है और राज्य के युवा रोजगार की तलाश में कनाडा जैसे देशों में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के लोगों से आप और केजरीवाल के बहकावे में नहीं आने और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनवाने के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की।

## दिल्ली पुलिस ने 2024 में 1100 से अधिक आदतन अपराधियों को शहर से बाहर किया

नई दिल्ली। दिल्ली में पुलिस ने पिछले वर्ष दिल्ली पुलिस अधिनियम के प्रावधानों के तहत 1,100 से अधिक आदतन अपराधियों को राष्ट्रीय राजधानी से बाहर कर दिया। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शांति और सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से की जाने वाली इस प्रक्रिया का उपयोग अपराधियों को एक निश्चित अवधि के लिए विशिष्ट क्षेत्रों से दूर रखने के लिए किया जाता है। अधिकारी ने बताया, दिल्ली के विभिन्न जिलों से कुल 1,130 लोगों को शहर से बाहर किया गया। उन्हें दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 47 और 48 (अपराध करने वाले व्यक्तियों को हटाना) के तहत कार्रवाई के लिए उपयुक्त पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत पहले ऐसे व्यक्तियों को नोटिस भेजा जाता है, जिसमें उनसे यह बताने को कहा जाता है कि उन्हें शहर से बाहर क्यों न किया जाना चाहिए और अगर उनका स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया जाता है, तो आगे की कार्रवाई की जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, 2015 में दिल्ली पुलिस ने 268, 2016 में 215, 2017 में 133, 2018 में 79, 2019 में 302, 2020 में 176, 2021 में 311, 2022 में 716 और 2023 में 619 लोगों को शहर से बाहर किया था। अधिकारी ने बताया कि आदतन अपराधियों को शहर से बाहर करना समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# केजरीवाल पर पत्थर फेंका उन पर हत्या-डकैती जैसे केस : आतिशी

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली में विधानसभा चुनावों का दौर चल रहा है। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। शनिवार को आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे परवेश वर्मा पर बड़ा आरोप लगाया। एक वीडियो जारी करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि शनिवार को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के समर्थकों ने केजरीवाल पर हमला किया। अब इस मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दावा एक बड़ा दावा किया है।



केजरीवाल पर हुए कथित हमले को लेकर आरोप लगाते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि जिन लोगों ने केजरीवाल पर पत्थर फेंका उन पर हत्या और डकैती जैसे केस दर्ज हैं। आतिशी ने रविवार के एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिस शख्स ने अरविं केजरीवाल पर पत्थर फेंका है, वो एक हार्डकोर अपराधी है। आतिशी ने राहुल उर्फ शैंटी नाम के शख्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये शख्स भाजपा प्रत्याशी परवेश वर्मा का करीबी है और इसपर शकरपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। आतिशी ने कहा कि राहुल पर डकैती और हत्या जैसी धाराएं दर्ज हैं।

उधर, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले भाजपा के ही साथी निकले! अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डरी भाजपा अब उनकी हत्या की साजिश रचने पर उतर आई है। अमित शाह, दिल्ली पुलिस आपके अधीन है। फिर भी अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? क्या इन आरोपितों को शह देना भाजपा की राजनीति का ही हिस्सा है?

परवेश वर्मा ने दिया जवाब

अरविं केजरीवाल पर हमला करवाने का आरोप लगने के बाद परवेश वर्मा का जवाब सामने आया है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार परवेश वर्मा ने कहा कि अरविं केजरीवाल पिछले 11 सालों से दिल्ली के सीएम हैं, फिर भी उन्हें डो-टू-डोर कैंपेन के लिए जाना पड़ता है। इस दौरान उन्हें जो रिस्पॉन्स मिल रहा है, उससे वो निराश हैं। वर्मा ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए लिखा कि जब युवाओं ने उनके कैंपेन के दौरान उनसे रोजगार की मांग की तो उन्होंने अपनी कार से युवाओं को टक्कर मार दी। कल तीन युवाओं ने केजरीवाल से मिलकर बात करने की कोशिश की लेकिन कार के अंदर बैठे अरविंद केजरीवाल ने ड्राइवर को गाड़ी चलाने का आदेश दे दिया, जिसके बाद गाड़ी आगे बढ़ गई और युवक घायल हो गए। परवेश वर्मा ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से केजरीवाल की शिकायत की है।

# सफाई कर्मचारियों को सस्ते मकान के लिए केजरीवाल ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली में सफाई कर्मचारियों को घर बनाने के लिए सस्ती दर पर जमीन उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से सस्ती जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। केजरीवाल का कहना है कि यदि जमीन उपलब्ध कराई जाती है तो दिल्ली सरकार इस पर घर बनाकर सफाई कर्मचारियों को देगी और सफाई कर्मचारी मासिक किस्त के जरिए मकान और जमीन की रकम का पैसा लौटाएंगे। केजरीवाल के अनुसार, यह योजना कामयाब होने पर सभी सरकारी कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जा सकता है।




अरविंद केजरीवाल ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लिखा, ह्वमैं एनडीएमसी और एमसीडी क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। ये कर्मचारी हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। वे नौकरी के दौरान सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आवासों में रहते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद उन्हें ये घर खाली करने पड़ते हैं। वे अपना खुद का घर खरीदने या दिल्ली में महंगे किराए पर घर लेने में असमर्थ होते हैं, जिससे वे और उनके परिवार असुरक्षित स्थिति में आ जाते हैं। अरविंद केजरीवाल का कहना है, ह्वचूंकि दिल्ली में जमीन से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधीन आते हैं, इसलिए आपसे अनुरोध है कि केंद्र सरकार सफाई कर्मचारियों के लिए रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराए। दिल्ली सरकार इन जमीनों पर इनके लिए घर बनाकर देगी और कर्मचारी इन घरों की लागत को आसान किस्तों में सरकार को वापस चुका देंगे। यह समस्या सभी सरकारी कर्मचारियों की है, खासकर निचले तबके के कर्मचारियों की।

केजरीवाल ने पत्र में लिखा, ह्वइसलिए मेरी आपसे अपील है कि यह योजना सफाई कर्मचारियों से शुरू की जाए और उसके बाद सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू की जाए। मुझे विश्वास है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे और इस पर शीघ्र कार्य योजना बनाकर काम करेंगे। अपने ऊपर हुए हमले पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह का कैंपेन हम देख रहे हैं इस तरह का कैंपेन दिल्ली के लोगों ने देखा नहीं है, इस तरह की हिंसा नहीं देखी है। एक पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर हमला करने की कोशिश की जाए। देश और समाज के लिए मेरा जीवन समर्पित है। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि वे बुरी तरह से चुनाव हार रहे हैं। गौरतलब है कि केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने लिख कर दिया है कि केजरीवाल 20 हजार वोटों से चुनाव हारने जा रहे हैं। प्रवेश वर्मा के इस दावे पर अरविंद केजरीवाल का कहना था उनको सपने में जीने दो।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद से लापता महिला को पंजाब से तलाशा

फरीदाबाद। घर से लापता महिला को थाना सदर बल्लभगढ़ की टीम ने होशियारपुर पंजाब से तलाश करके उसके परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को जानकारी देते हुए बतलाया कि महिला के संबंध में उसके परिजनों के द्वारा दी गई शिकायत में बताया की महिला 1 जनवरी 2025 को घर से बिना बताए निकल गई थी। इसके संबंध में थाना सदर बल्लबगढ़ में संबंधित बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए अपने गुप्त सूत्रों से व तकनीकी माध्यम से महिला का पंजाब के होशियारपुर का पता लगाया। यहां से पुलिस टीम के द्वारा 17 जनवरी को गांव दिगाना से तलाश किया गया है। महिला से पूछताछ में सामने आया कि परिजनों के द्वारा किसी बात को लेकर डांटने के कारण वह घर से बिना बताए निकल गई थी। महिला को आगामी कार्रवाई के बाद परिजनों के हवाले किया है। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया गया।

### फरीदाबाद : हत्या के प्रयास में फरार चल आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल उर्फ अब्दुल्ला के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को मामले में जानकारी देते हुए बतलाया कि थाना सदर बल्लबगढ़ में 21 जुलाई 2023 को रिजवान वासी गांव कस्बा रबुपुरा जिला गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश हाल गांव चन्दावली बल्लबगढ ने एक शिकायत दी थी, जिसमें बताया कि 21 जुलाई 2023 को समय करीब 10.00 बजे गांव चंदावली स्थित अपनी मीट की दुकान के पास ही शौचालय गया था। वापस आया तो शाहरुख निवासी राजीव कालोनी व अब्दुल्ला गांव गंगेरा बुलेन्द्र दोनों लडके दुकान से भागते दिखे व दुकान में उसके साला मुस्तकीम की गर्दन पर चोट लगी हुई मिली व खुन निकल रहा था। जिसका अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। जिस संबंध में थाना सदर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी राहुल उर्फ अब्दुल्ला को पुलिस टीम ने सेक्टर 12 एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने शाहरुख के साथ मिलकर आपसी विवाद में मुस्तकीम को चोट मारी थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। आरोपी शाहरुख को 12 अक्टूबर 2023 को ही गिरफ्तार कर छूरा बरामद किया जा चुका है।

### विभिन्न श्रेणियों के लिए 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित : डीसी

फरीदाबाद। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण/सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत/सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठन को पुरस्कार देने के लिए आगामी 3 फरवरी तक पोर्टल दोबारा खोला गया है। इस दौरान संबंधित व्यक्ति/संस्थाएं 3 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकती है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी ने बताया कि विभाग द्वारा 10 श्रेणियों सेंटेनेरियन, सर्वोत्तम माता, साहस व बहादुरी पुस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर, वरिष्ठ मूर्तिकार, वरिष्ठ संगीतज्ञ/गायक, नृत्यक, वरिष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 30 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। सर्वश्रेष्ठ पंचायत, सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठन, सर्वश्रेष्ठ ओल्ड ऐज होम व डे केयर सेंटर पुरस्कार की श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 75 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

### महाराष्ट्र के रहने वाले भाई-बहन तिरुवनंतपुरम के होटल में मृत मिले

तिरुवनंतपुरम। महाराष्ट्र के रहने वाले भाई-बहन रविवार सुबह यहां एक होटल के कमरे में मृत मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक भाई-बहन मूलरूप से पुणे के रहने वाले थे। उसने बताया कि वे दोनों होटल में ठहरने के लिए पिछले शुक्रवार को आये थे। होटल के कर्मचारियों ने सुबह काफी देर तक कमरा बंद पाया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला, जबकि महिला का शव बिस्तर पर पड़ा था। कमरे से एक सुसाइड नोट मिला, जिससे संकेत मिलता है कि दोनों के पास न तो घर था और न ही नौकरी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, एक सुसाइड नोट मिला है।

# नक्सलियों का दावा- 16 जनवरी की मुठभेड़ में मारे गए थे 18 साथी

प्रात : किरण/ एजेंसी

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जंगल में नक्सलियों के खिलाफ तेलंगाना सीमा पर 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ में 12 नहीं बल्कि 18 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 12 नक्सलियों के शव बरामद हो थे, जबकि छह नक्सलियोंके शव नक्सल संगठन के लोग मौके से उठा ले गए थे। मुठभेड़ स्थल से शव उठाकर ले जाने का दावा दक्षिण बस्तर जोनलकमेटी ने अपने एक पर्चा में किया है। बरामद 12 शवों में से 10 की शिनाख्त हो गई है। इनमें पांच महिला भी हैं। मारे गए इन 10 नक्सलियों पर कुल 59 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों ने शनिवार देर रात एक बयान जारी कर बीजापुर जिले के जंगल में 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे जाने की जानकारी दी है। दक्षिण बस्तर जोनल कमेटी के सचिव गंगा के अनुसार इस मुठभेड़ में एससीएम (सेंट्रल कमेटी मेंबर) दामोदर मारा गया है। नक्सली कमांडर दामोदर पर 50 लाख का इनाम घोषित था। गंगा के जारी पर्चा में लिखा है कि, इस मुठभेड़ में एससीएम दामोदर, पीपीसीएम हुंगी, देवे, जोगा, नरसिंह राव सहित कुल 18 साथी मारे गए हैं। दामोदर उर्फ बड़े चोखा राव दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा इन 3 जिलों की सरहद में सक्रिय था। दामोदर उर्फ बड़े चोखा राव की ज्यादातर पामेड़ एरिया कमेटी में मौजूदगी की सूचना मिलती थी। यह अपने पास एके-47 और एसएलआर जैसे राइफल रखता था। इसकी सुरक्षा में



लगभग 8 से 10 गार्ड तैनात रहते थे। दक्षिण बस्तर जोनल कमेटी के सचिव गंगा ने पर्चा जारी कर बताया कि 6 नक्सलियों के शव नक्सल संगठन के लोग मुठभेड़ स्थल से उठाकर अपने साथ लेकर जाने में सफल हो गये। इस बीच पुलिस ने भी देर रात एक बयान जारी कर बताया कि बरामद 12 नक्सलियों के शव में से 10 की शिनाख्त हो गई है। पुलिस के अनुसार इनमें तामो हुंगी, बटालियन नंबर 1, कंपनी नंबर 2 सदस्य, आठ लाख का इनामी, नरसिंह राव, सीआरसी कंपनी नंबर 2, टेक्निकल टीम सदस्य, आठ लाख का इनामी, मंगडू, पश्चिम बस्तर डिवीजन, सीवायपीसी आठ लाख का इनामी, माड़वी, प्लाटून नंबर 30, सीवायपीसी आठ लाख का इनामी, माड़वी जोगा, दरभा डिवीजन टेक्निकल एसीएम पांच लाख का इनामी, नुप्पो सोमड़ी एसीएम पांच लाख का इनामी, इरपा सीते, दक्षिण सब जोनल ब्यूरो, टेक्निकल टीम एसीएम, पांच लाख का इनामी, डोडी वासू, कोंटा एरिया कमेटी पांच लाख का इनामी, उईका आयतू, कोंटा एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 4 सदस्य, पांच लाख का इनामी, पोट्टाम मंगली एलओएस सदस्य, दो लाख का इनामी है। पुलिस के अनुसार अभी दो नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस पहले ही मारे गए नक्सली सीआरसी और नक्सलियों की सबसे मजबूत टीम बटालियन नंबर 1 के नक्सली सदस्य होने की जानकारी दे चुकी है। पुलिस के अधिकारियों एवं मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगी है। इस बड़ी मुठभेड़ में एक बार फिर से हिड़मा और नक्सली देवा पुलिस की गोली से बचकर भागने में सफल रहे हैं। मुठभेड़ के बाद इलाके की छानबीन करने के दौरान सुकमा डीआरजी के जवानों ने नक्सलियों का बंकर ढूंढ निकाला जो सुकमा-बीजापुर सीमा में तुमरेल ओर तलपेरू नदी के बीच था।

# कांग्रेस ने सुरजेवाला और सैलजा को किया और मजबूत, दे दी बड़ी जिम्मेदारी; भूपेंद्र हुड्डा से किनारा

**दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम शामिल नहीं है। रणदीप सिंह सुरजेवाला कुमारी सैलजा और दीपेंद्र सिंह हुड्डा को पार्टी का स्टार प्रचारक घोषित किया गया है। भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्टार प्रचारक होंगे।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

चंडीगढ़। भाजपा और कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने-अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस की सूची में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम शामिल नहीं है। कांग्रेस ने पार्टी महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला, सिरसा की सांसद एवं कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा तथा रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का स्टार प्रचारक घोषित किया है। हालांकि दिल्ली के चुनाव में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी कांग्रेस उम्मीदवारों के नामांकन करवाए हैं।

भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में हरियाणा से सिर्फ दो नेताओं के नाम हैं और दोनों का राजनीतिक कद काफी बड़ा है। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक होंगे। मनोहर लाल और नायब सिंह





सैनी दोनों दिल्ली में लगातार भाजपा उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। दोनों नेताओं ने दिल्ली के भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन कराने के बाद उनके समर्थन में कार्यक्रमों को संबोधित किया।

**दिल्ली में नहीं लड़ रही जजपाः** मनोहर लाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और योजनाओं को लेकर दिल्ली के लोगों के बीच हैं, जबकि नायब सिंह सैनी हरियाणा में खत्म हुए भ्रष्टाचार के साथ सरकार की शुचिता से दिल्ली के लोगों को अवगत करा रहे हैं। जननायक जनता पार्टी ने इस बार दिल्ली के चुनाव से दूरी बना रखी है। जजपा अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि उनकी पार्टी दिल्ली का चुनाव नहीं लड़ेगी, लेकिन हरियाणा में होने वाले शहरी निकाय चुनाव में ताल ठोंकेंगी।

**निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी में इनेलोः** हरियाणा में दो विधायकों वाली इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने भी दिल्ली के चुनाव से दूरी बना रखी है। इनेलो शहरी निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का हरियाणा के हिसार के निकट स्थित सिवानी मंडी से नाता है।

उन्हें दिल्ली के चुनाव में हरियाणा के लाल के रूप में पेश किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी की ओर से हरियाणा के दो नेता डा. सुशील गुप्ता और अनुराग ढांडा दिल्ली में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। दिल्ली के जाटों को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर अनुराग ढांडा पिछले दिनों जाट प्रतिनिधियों को अरविंद केजरीवाल से मिलवाकर लाए हैं।

## मध्यप्रदेश के रायसेन में अवैध बोरवेल की खुदाई रोकने पर वन विभाग की टीम पर हमला किया



प्रात : किरण/ एजेंसी

रायसेन (मप्र)। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में अवैध बोरवेल की खुदाई रोकने पर वन विभाग की टीम पर लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उप-प्रभागीय अधिकारी (एसडीओ) सुधीर पटले ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सेहतगंज के वन क्षेत्र में शनिवार शाम की है और हमले में वन विभाग का एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि वन भूमि पर अवैध बोरवेल की खुदाई की सूचना मिलने पर डिप्टी रेंजर सरजन सिंह मीणा और वन रक्षक श्रीराम सरयाम मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कथित आरोपी अमन शर्मा और उसके साथियों ने वनकर्मियों पर लाठी और रॉड से हमला कर दिया और हमले में सरयाम के सिर में गंभीर चोट आई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सरयाम की मोटरसाइकिल भी तोड़ दी।

अधिकारी ने बताया कि सरयाम को रायसेन के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और 12 लोगों के खिलाफ खरबई पुलिस चौकी में मामला दर्ज किया गया है। एसडीओ ने बताया कि पिछले छह माह में क्षेत्र में वन विभाग की टीम पर यह तीसरा हमला है।

## फरीदाबाद : कथा सप्ताह के शुभारंभ पर निकली भव्य कलश यात्रा

प्रात : किरण/ एजेंसी

फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के शुभारम्भ पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकली। जिसमें 71 महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर पुराने शहर के प्रमुख मार्गो से निकलती हुई कथा स्थल पर पहुंची। बैंड बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं ढ़ोल की थाप एवं बैंड की धार्मिक धुनों पर भजन कीर्तन करती एवं नृत्य करती हुई चल रही थीं। कथा वाचक आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से जितना धर्म लाभ आयोजक को मिलता है उससे अधिक धर्म लाभ कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं को मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे लोगों को अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं धार्मिक धरोहर से जुड़े रहना बहुत आवश्यक है। जिसके लिए श्रीमद्भागवत कथा सर्वोत्तम आयोजन होता है। इसलिए ऐसे धार्मिक आयोजन में भागीदारी करना जरूरी है ताकि भविष्य की पीढ़ी भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित हो और हमारे रीति रिवाजों को सही से आसानी से कम समय में समझ सके। ओल्ड फरीदाबाद में पुरानी चुंगी रोड शर्मा डेयरी केनिकट आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के शुभारम्भ पर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा। जिसमे सैंकड़ों श्रद्धुलयों ने भाग लिया। महिलाएं कलश धारण कर भजन कीर्तन के दौरान धार्मिक भजनों की धुन पर नृत्य करती चल रही थी। इस कलश यात्रा में 71 महिलाएं कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुई। कथा आयोजन समिति से श्याम सुंदर एवं सेवादार राजू चौहान ने बताया कि प्रतिवर्ष जनवरी माह में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। यह कथा वाचन 19 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निश्चित की गयी है। कथा वाचक आचार्य श्याम सुंदर महाराज की मधुर वाणी से हम और आप एवं सभी बांके बिहारी के भक्तजन श्रीमद्भागवत का श्रवण कर धर्म लाभ उठाएंगे।

# 100 करोड़ में उपराज्यपाल बनाने का सौदा, करोड़ों रुपये का हो चुका था भुगतान; फिर बिगड़ गया खेल, कोर्ट तक पहुंचा मामला

प्रात : किरण/ एजेंसी

चंडीगढ़। अंडमान निकोबार के उप राज्यपाल का पद दिलाने के लिए 100 करोड़ रुपये की सौदेबाजी का मामला सामने आया है। इस सौदे के तहत 30 करोड़ रुपये की राशि अग्रिम देनी थी। बाकी राशि काम होने के बाद दी जानी थी।

30 करोड़ रुपये की राशि में 10 करोड़ 46 लाख रुपये आरोपित को मिल चुके हैं। इसमें से एक करोड़ रुपये खाते में भेजे गए। बाकी राशि का लेनदेन नकद में हुआ है।

उप राज्यपाल का पद संवैधानिक पद है। इस पद के लिए सौदेबाजी होने के बाद पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां सकते में आ गए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में यह मामला पहुंचा है। हाईकोर्ट ने 10 करोड़ रुपये लेकर उप राज्यपाल का पद दिलाने का झांसा देने के आरोपित की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने अंडमान और निकोबार के उप राज्यपाल पद के लिए 100 करोड़ की रिश्वत मामले में आरोपी दलबीर सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोप है कि दलबीर सिंह और वेंकट रमन मूर्ति ने सुरेंद्र मलिक से उप राज्यपाल नियुक्त करने के लिए 100 करोड़ की मांग की थी। इस सौदे के तहत 30 करोड़ रुपये अग्रिम देने थे। कोर्ट ने कहा कि जब प्रथम दृष्टया पर्याप्त सबूत मौजूद हैं, तो जमानत देना जनता में बहुत नकारात्मक संदेश देगा। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्यपाल और उप राज्यपाल का पद भारतीय संविधान के तहत हर राज्य में सर्वोच्च पद है।

दुर्भाग्यवश शिकायतकर्ता सुरेंद्र मलिक ने सोचा कि पैसे देकर उन्हें यह पद मिल सकता है, जो इस बात का प्रतीक है कि पैसे की ताकत और सही व्यक्ति को ढूंढकर लोग अपनी इच्छाएं पूरी कर सकते हैं। यदि आरोपित दलबीर सिंह को जमानत दे दी जाती है तो यह भारत के लोगों में बहुत नकारात्मक संदेश देगा, इसलिए आरोपित व्यक्ति जमानत का हकदार नहीं है। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणियां दलबीर सिंह नामक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

शिकायत के अनुसार दलबीर सिंह और वेंकट रमन मूर्ति ने सुरेंद्र मलिक को अंडमान और निकोबार का उप राज्यपाल नियुक्त करने के लिए 100 करोड़ रुपये की मांग की थी। इस सौदे के तहत 30 करोड़ रुपये अग्रिम देने थे, जिसमें से 10 करोड़ 45 लाख रुपये आरोपित को मिल चुके थे। इसमें से एक करोड़ रुपये याचिकाकर्ता दलबीर सिंह के खाते में स्थानांतरित हुए थे। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि मुख्य आरोपित वेंकट रमन मूर्ति नहीं है। वेंकट रमन मूर्ति को दलबीर से केवल उसके साले हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर मनबीर सिंह के माध्यम से परिचित कराया गया था। उसको सिर्फ पैसे के लेन-देन के लिए इस्तेमाल किया गया है। शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि भले ही वेंकट रमन मूर्ति की भूमिका छोटी हो, लेकिन उसने अपने खाते में एक करोड़ रुपये प्राप्त किए और पूरे घोटाले के बारे में वह जानकार था। सभी स्थितियों पर विचार करने के बाद हाई कोर्ट ने पाया कि तस्वीरें, वाट्सएप चैट और जांच से यह साबित होता है कि सुरेंद्र मलिक ने पैसे दिए थे।

रमन मूर्ति के खाते में एक करोड़ रुपये का ट्रांसफर भी इसे प्रमाणित करता है। कोर्ट ने कहा कि याचिका में याचिकाकर्ता के खाते में इतनी बड़ी रकम मिलने पर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि, सुरेंद्र मलिक का नौ जून 2023 को निधन हो गया, लेकिन उनके निधन से यह धोखाधड़ी समाप्त नहीं हो जाती। कोर्ट ने यह भी कहा कि अपराध के प्रभाव को देखते हुए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। इस आधार पर दलबीर की याचिका खारिज कर दी गई।

# खेत पर करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत, ट्यूबवेल से पानी चलाने के दौरान हुआ हादसा

प्रात : किरण/ एजेंसी

पलवल। सदरपुर गांव में खेत में पानी लगाने गए पिता-पुत्र की करंट लगने से मौत हो गई। चांदहट थाना पुलिस द्वारा मामले में मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई की है। सदरपुर गांव के रहने वाले श्याम सिंह ने बताया कि उसके 48 वर्षीय चाचा वीरेंद्र खेती-बाड़ी का काम करते हैं। बीती 18 जनवरी की सुबह करीब आठ बजे वीरेंद्र और वीरेंद्र का 22 वर्षीय पुत्र राकेश अपने खेत में बिजली के ट्यूबवेल से पानी चलाने के लिए गए थे। उसी दौरान दोनों को करंट लग गया। देर शाम तक दोनों घर नहीं पहुंचे तो स्वजन ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। स्वजन दोनों को ढूंढते-ढूंढते खेत पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि खेत में ट्यूबवेल की मोटर के कमरे में दोनों पिता-पुत्र करंट से झुलसे हुए पड़े हैं। वह आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से दोनों को लेकर जिला नागरिकता अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना चांदहट थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में भिजवाया।

उधर, एक अन्य मामले में कमरे में हीटर चलाकर सोए सेवानिवृत्त प्रोफेसर की जलकर मौत हो गई। सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने रात को कमरे में ठंड के कारण हीटर चलाया था और उसे अपनी बेड के नजदीक रखकर सो गए थे। किसी कारण से उनके कमरे में आग लग गई और वह जिंदा जल गए। जब कमरे में धुआं उठा तो पड़ोसियों ने उनके स्वजन को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्वजन सतीश के कमरे मं पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। कालडा कालोनी के रहने वाले मृतक के बेटे ललित कालड़ा ने बताया कि उसके पिता सतीश कालड़ा की उम्र करीब 84 वर्ष थी। वह एसडी कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रोफेसर थे। शुक्रवार रात वह मकान के निचले मंजिल पर अपने कमरे में अकेले हीटर जलाकर सोए थे। इस दौरान हीटर से आग लग गई। सतीश कालड़ा ने इस दौरान कमरे से बाहर निकलने का भी प्रयास किया, मगर वह कमरे के दरवाजे के पास ही गिर गए। आग जलने से उनकी प्रोफेसर की मौत हो गई। पड़ोसियों ने धुआं उठते देख मृतक के स्वजन को जगाया। मृतक का बेटा और पुत्रवधू डाक्टर हैं।

मृतक के स्वजन ने तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ी को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तो आग पर काबू पाया गया। मृतक के स्जन ने मामले की सूचना कैंप थाना पुलिस को भी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा. शव कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर स्वजन को सौंप दिया।

## अंतरराष्ट्रीय शूटर मनु भाकर के मामा और नानी की मौत, दर्दनाक सड़क हादसे में गई जान

चरखी दादरी। अंतरराष्ट्रीय शूटर व खेल रत्न अवार्डी मनु भाकर के मामा युद्धवीर सिंह और नानी सावित्री देवी का रविवार सुबह दादरी में सड़क हादसे में निधन हो गया। रविवार सुबह करीब 9.30 बजे नेशनल हाईवे 334बी पर दादरी के लोहारू चौक और महेंद्रगढ़ बाईपास के बीच ब्रेजा कार और स्कूटी की टक्कर हो गई। कार की टक्कर से स्कूटी सवार करीब 55 वर्षीय युद्धवीर सिंह और उनकी मां करीब 75 वर्षीय सावित्री देवी की मौत हो गई। घटना के बाद कार भी मौके पर पलट गई और कार चालक मौके से फरार हो गया। मनु भाकर के सगे मामा व नानी की सड़क हादसे में मौत की जानकारी पाकर दादरी सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बता दें कि मनु के मामा मूलरूप से दादरी के गांव कलाली निवासी युद्धवीर सिंह हरियाणा रोडवेज दादरी डिपो में चालक के पद पर कार्यरत थे।

**मांग** — अब बिहार सरकार में इस ओर ध्यान दिया है और जल संसाधन मंत्री ने कहा है कि इसको लेकर केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है।

# बांग्लादेश की बढ़ेंगी मुश्किलें, बिहार ने कहा- जहां से गंगा निकलती है वहां पानी में हिस्सेदारी हो

प्रात : किरण/ एजेंसी

पटना। बिहार की नीतीश सरकार ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि गंगा नदी जिन राज्यों से बहती है उन राज्यों को उसके पानी पर हक होना चाहिए। इसके अलावा बांग्लादेश को गंगा का पानी देने पर भी आपत्ति जाहिर की है। बता दें कि बांग्लादेश को गंगा नदी से मिलने वाले पानी का अधिकतर भाग की आपूर्ति बिहार से बिहार के हिस्से से होती है और इस कारण बिहार में ही जल संकट की स्थिति आ जाती है। अब बिहार सरकार में इस ओर ध्यान दिया है और जल संसाधन मंत्री ने कहा है कि इसको लेकर केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है।

बता दें कि भारत बांग्लादेश जल संधि का अगले साल नवीकरण (रीन्यूअल) होना है। वर्ष 1996 में भारत के प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच गंगाजल बंटवारे को लेकर समझौता हुआ था। इसके तहत दोनों देशों के बीच गंगाजल का बंटवारा किया गया था। भारत-बांग्लादेश गंगा जल संधि के 30 वर्षों बाद अब समीक्षा होनी है। यह 2026 में पूरी होगी। इस साल समस्या के बिंदुओं पर चर्चा शुरू हो गई है और जल्द ही दोनों देशों में तकनीकी वार्ता प्रारंभ होने वाली है।



**जल संसाधन मंत्री ने कहा कि फरक्का बराज के कारण संपूर्ण बिहार में गाद की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे बाढ़ की स्थिति भी विकराल हो रही है। चूंकि समझौते की समीक्षा का समय आ गया है इसलिए हम लोग चाहते हैं कि बिहार की आवश्यकताओं और गाद की समस्या को देखते हुए समझौते पर पुनर्विचार किया जाए।**

बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हमलोग आरंभ से 1996 के समझौते की समीक्षा की मांग कर रहे हैं। हमारा मानना है कि इस समझौते को अंतिम रूप देने से पहले हमारी राय नहीं ली गई थी। समझौते में बिहार की अपेक्षा की गई विरोध का बड़ा कारण फरक्का बराज भी है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि फरक्का बराज के कारण संपूर्ण बिहार में गाद की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे बाढ़ की स्थिति भी विकराल हो रही है। चूंकि समझौते की समीक्षा का समय आ गया है इसलिए हम लोग चाहते हैं कि बिहार की आवश्यकताओं और गाद की समस्या को देखते हुए समझौते पर पुनर्विचार किया जाए। दरअसल, बिहार का यह भी पक्ष है कि बांग्लादेश को गंगाजल की अधिकांश मात्रा बिहार देता है, जबकि गंगा नदी के किनारे वाले राज्य अपने यहां बेधड़क उसके पानी का उपयोग कर रहे हैं। वहां बिजली परियोजनाएं बनीं हैं, बराज बने हैं। यही नहीं सिंचाई के लिए भी गंगाजल का उपयोग कर रहे हैं, जबकि बिहार को हर कार्य के लिए केंद्र से अनुमति लेनी पड़ती है। बिहार का मानना है कि बांग्लादेश जाने वाले गंगा जल का कोटा बिहार के साथ-साथ यूपी उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के लिए भी समान रूप से तय हो। बता दें भारत और बांग्लादेश के बीच जो समझौते हुए हैं उसके तहत गंगा के पानी का बंटवारा 70 हजार क्यूसेक पानी में 35 हजार क्यूसेक भारत को रहेगा और 35 हजार क्यूसेक बांग्लादेश को। अगर यह मात्रा 70 से 75 हजार क्यूसेक है तो शेष जो प्रवाह है वह भारत के पास रहेगा। बाकी 35 हजार कि उसे बांग्लादेश के पास 75 हजार क्यूसेक से अधिक होने पर 40 हजार क्यूसेक भारत के पास रहेगा और शेष प्रवाह बांग्लादेश को जाएगा।

## आज भी कौतूहल का विषय है इमरजेंसी

(राकेश अचल-विनायक फीचर्स)



कंगना रनौत की बहुचर्चित फिल्म इमरजेंसी ह्य बॉक्स आफिस पर हिट होती है या फ्लाप यह कहना फिलहाल तो कठिन है लेकिन इस फिल्म ने दर्शकों को दो दिन तो अपनी और आकर्षित कर यह संकेत तो दे ही दिए हैं कि इमरजेंसी आज भी कौतूहल का विषय है और किंचित लोकप्रिय भी। सिनेप्लेक्स में फिल्म देखने वाली आज की पीढ़ी ने सचमुच की इमरजेंसी ह्य नहीं देखी,इसलिए उसे कंगना रनौत ह्य की इमरजेंसी ह्य में स्वाभाविक दिलचस्पी है। देश में आजादी के बाद पहली और फिलहाल अंतिम बार इमरजेंसी यानि आपातकाल 50 साल पहले लगा था। उस समय कांग्रेस का शासन था और प्रधानमंत्री के पद पर श्रीमती इंदिरा गाँधी थीं। इमरजेंसी लागू होने के बाद विपक्षी नेताओं को चुन-चुन कर गिरफ्तार किया गया और उन्हें जेल में डाल दिया गया था।

आज की इमरजेंसी रजतपट की ह्य इमरजेंसी ह्य है।

असली इमरजेंसी 25 जून, 1975 को घोषित की गयी थी , इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल लगाए जाने पर अपनी मुहर लगाई थी। ये इमरजेंसी 21 मार्च, 1977 तक देशभर में लागू रही। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ये 21 महीने काफी विवादास्पद रहे। इन 21 महीनों में जो कुछ भी हुआ उसके लिए अनेक राजनीतिक दल अभी भी कांग्रेस को समय-समय पर कोसते रहते हैं। संयोग से आपातकाल के समय इन पंक्तियों का लेखक यानि मैं समझदार हो चुका था,लेकिन कानून की दृष्टि में नाबालिग था इसलिए औरों की तरह जेल नहीं गया।उन दिनों दूरदर्शन नहीं था केवल रेडियो था इसलिए देश में इमरजेंसी लगाए जाने की घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रेडियो के माध्यम से की थी। 26 जून, 1975 की सुबह इंदिरा गांधी ने ऑल इंडिया रेडियो पर कहा, ह्यराष्ट्रपति ने देश में इमरजेंसी की घोषणा कर दी है। इसमें घबराने की कोई बात नहीं है।मुझे अच्छी तरह से याद है कि आपातकाल की घोषणा किए जाने के कुछ समय पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले पर सशर्त रोक लगा दी थी, जिसमें लोकसभा के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी के चुनाव को अमान्य घोषित किया गया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को संसदीय कार्यवाही से दूर रहने को भी कहा था । वैसे इमरजेंसी से पहले इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने 1971 के लोकसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी। तत्कालीन 521 सदस्यीय संसद में कांग्रेस ने 352 सीटें जीती थीं। दिसंबर 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान के युद्ध से आजाद कराकर इंदिरा गांधी आयरन लेडी के नाम से जानी जा रही थीं। इसके कुछ सालों बाद ही देश में इमरजेंसी की घोषणा ने आयरन लेडी के कामों पर ही सवाल खड़े कर दिए थे।

जिस समय देश में पहली बार ह्य इमरजेंसी ह्य लगाईं गयी थी उन दिनों गुजरात में सरकार के खिलाफ छात्रों का नवनिर्माण आंदोलन चल रहा था। बिहार में जयप्रकाश नारायण का आंदोलन चल रहा था। 1974 में जॉर्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में रेलवे हड़ताल चल रही थी। 12 जून, 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें रायबरेली से इंदिरा गांधी के लोकसभा के लिए चुनाव को अमान्य घोषित कर दिया गया था। गुजरात चुनावों में पांच दलों के गठबंधन से कांग्रेस की हार और 26 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष की रैली ने इंदिरा गांधी की सरकार को मुश्किल में डाल दिया था। देश में यदि इमरजेंसी न लगती तो देश को भाजपा न मिलती। इंदिरा गाँधी की इमरजेंसी में तमाम ज्यादतियां भी हुईं , लोगों की जबरन नसबंदी कराई गयी, अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाये गए । लेकिन इमरजेंसी में नागरिक बोध भी बढ़ा । सरकारी दफ्तरों में अधिकारी कर्मचारी ही नहीं बल्कि रेलें ,बसें भी समय से चलने लगीं। लेकिन इमरजेंसी एक काला अध्याय बनी सो बनी। इस इमरजेंसी के लिए बाद में कांग्रेस और इंदिरा गाँधी परिवार के अनेक सदस्य सदन के भीतर और सदन के बाहर देश से माफी भी मांग चुके हैं ,लेकिन भाजपा ने कांग्रेस को कभी माफ नहीं किया ,और अब तो इमरजेंसी पर फिल्म ही बना दी। वैसे देश में इमरजेंसी पर पहले भी अनेक फिल्में बनी।किस्सा कुर्सी काऔर आंधी जैसी फिल्में भी बनी जो काफी चर्चित और विवादास्पद भी रही। इमरजेंसी फिल्म की नायिका भाजपा की सांसद कंगना रनौत हैं। कंगना ने श्रीमती इंदिरा गाँधी की भूमिका में जान डालने की बहुत कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुईं। कंगना से पहले सुचित्रा सेन ने फिल्म आंधी में इंदिरा गाँधी बनने की कोशिश की थी। इमरजेंसी देखकर लौटे हमारे मित्र बता रहे हैं किह्वकंगना की इमरजेंसीह्व इंदिरा गाँधी को खलनायक भी ढंग से नहीं बना पायी ,कोशिश जरूर की। बेहतर होता की फिल्म के लिए कंगना की जगह प्रियंका वाड्रा को चुना जाता। एक तो कंगना के मेकअप का खर्च बचता ,दूसरे अभिनय में जान भी आती। दरअसल इंदिरा गाँधी की नकल करना आसान नहीं है।

आज की ह्वइमरजेंसीह्व देखने वालों को ये जानना जरूरी है कि जिस इंदिरा गाँधी को फिल्म के जरिये खलनायिका दिखाया गया है,उसी इंदिरा गाँधी को बाद में देश ने प्रधानमंत्री भी चुन लिया था।

फिलहाल तो खबर है कि पहले दिन जहां ह्य इमरजेंसी ह्य ने 2.5 करोड़ का बिजनेस किया था वहीं दूसरे दिन ये आंकड़ा 2.74 करोड़ पहुंच गया है। इस हिसाब से फिल्म का कुल कलेक्शन 5.24 करोड़ रुपये पहुंच गया है। संभावना है कि ये आंकड़ा अभी और बढ़ेगा और फिल्म को सप्ताहांत का भरपूर फायदा मिलता नजर आ रहा है लेकिन प्रयागराज में महाकुम्भ के कारण इमरजेंसी उतना आर्थिक लाभ नहीं दे पा रही है जितना की अनुमान लगाया गया था। लेकिन दिल्ली विधानसभा के चुनावों में इसका राजनैतिक लाभ लेने की भरपूर कोशिश की जाएगी। कंगना की ह्य इमरजेंसी ह्य कामयाब हो ,ऐसी मेरी शुभकामनायें हैं ,लेकिन मेरी शुभकामनायें कंगना के कितने काम आएंगीं ,मैं खुद नहीं जानता।

## षडयंत्र के आगे असहाय हुआ इजरायल

डा. रवीन्द्र अरजरिया

आतंकी संगठन हमास के साथ इजराइल का समझौता हो चुका है। अमेरिका जैसे हथियारों के सौदागरों की चालें कामयाब हो गई हैं। आतंकियों को हथियारों की अवैध सप्लाई करके बेतहाशा पैसे कमाने वाले देशो में केवल अमेरिका की भागीदारी 40 प्रतिशत है। इस देश की लाकहीड मार्टिन, बोइंग और रेथियान कम्पनियां प्रमुख है जो वैध-अवैध ढंग से दुनिया भर में हथियारों की बिक्री कर रहीं है। रूस की रोसोबो रोनेक्स पोर्ट, अल्माज-एंटी और यूनाइटेड शिपबिल्डिंग शस्त्र निमार्ता कम्पनियों की बिक्री में विगत 5 वर्षों में कमी आई है जबकि फ्रांस की डसाल्ट एविएशन, एयरबस और थेल्स कम्पनियां हथियारों की सप्लाई चेन बढाने में जुटी हैं। इन्होंने अपनी उत्पादन क्षमता में 44 प्रतिशत तक इजाफा कर लिया है। चीन की सरकारी स्वामित्व वाली चाइना नार्थ इंडस्ट्रीज कारपोरेशन और चाइना एयरोस्पेस साइंस एण्ड टेक्नोलाजी कारपोरेशन प्रमुखता से शस्त्रों की बिक्री बढाने में जुटी हैं। विश्व का पांचवा सबसे बडा हथियार निर्यातक देश जर्मनी है जहां की राइनमेटाल, एयरबस और कास-माफी वेगमैन प्रमुख शस्त्र निमार्ता कम्पनियां हैं। इटली की लियोनार्डो, फिनकैंटिएरी और ओटो मेलारा जैसी कम्पनियां जमकर हथियार तैयार कर रहीं हैं। इन्होंने 45 प्रतिशत तक शस्त्र निर्माण में बढोत्तरी की है। यूनाइटेड किंगडम की बीएई सिस्टम्स, रोल्स-रायल तथा एमबीडीए जैसी कम्पनियां संसार भर में हथियारों के जखीरे बेच रहीं हैं। स्पेन की नवंतिया, इंद्रा सिस्तेमास और सांता बारबरा सिस्तेमास फर्म निरंतर अपने हथियारों के उत्पादन में बढोत्तरी कर रहीं हैं। दक्षिण कोरिया की कोरिया एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज, हुडई रोटेम और हानवा डिफेन्स कम्पनियों ने विगत एक दशक में अपनी क्षमता में 74 प्रतिशत की वृध्दि की है। यूं तो इजरायल भी एक शस्त्र निर्यात देश है परन्तु उसे चारों ओर से आतंकी संगठनों ने घेर रखा है।

# अफगानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव और तालिबान

**जो संयुक्त राष्ट्र के मानवीय आवश्यकताओं के अवलोकन (2023) में उल्लिखित विकासात्मक सहायता प्रदान करते हुए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव राष्ट्रीय हितों और मानवीय मूल्यों जैसे संकट के दौरान मानवीय सहायता के बीच संतुलन को दशार्ता है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान 50, 000 मीट्रिक टन गेहूँ और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की, जो संकट के बीच अफगान लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि अफगान धरती का इस्तेमाल उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ नहीं किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि जुड़ाव मानवीय सहायता और आतंकवाद-रोधी प्रयासों दोनों को प्राथमिकता देता है। बुनियादी ढाँचे, शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं में भारत के निवेश ने क्षेत्रीय स्थिरता और अफगान नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के उसके दोहरे उद्देश्य को उजागर किया। सलमा बाँध और इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान अफगान पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। भारत लगातार अफगानिस्तान को स्थिर करने और सद्भावना बनाए रखने के लिए संवाद को बढ़ावा देते हुए अपने भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित करने के लिए तालिबान नेतृत्व से जुड़ता है।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार**

तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद-रोधी और संपर्क जैसे राष्ट्रीय हितों को सहायता, शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मानवीय मूल्यों के साथ संतुलित करने वाले एक सूक्ष्म दृष्टिकोण को उजागर करता है। रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए, भारत की अफगानिस्तान नीति विकसित वास्तविकताओं के अनुकूल है, जो संयुक्त राष्ट्र के मानवीय आवश्यकताओं के अवलोकन (2023) में उल्लिखित विकासात्मक सहायता प्रदान करते हुए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव राष्ट्रीय हितों और मानवीय मूल्यों जैसे संकट के दौरान मानवीय सहायता के बीच संतुलन को दशार्ता है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान 50, 000 मीट्रिक टन गेहूँ और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की, जो संकट के बीच अफगान लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि अफगान धरती का इस्तेमाल उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ नहीं किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि जुड़ाव मानवीय सहायता और आतंकवाद-रोधी प्रयासों दोनों को प्राथमिकता देता है। बुनियादी ढाँचे, शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं में भारत के निवेश ने क्षेत्रीय स्थिरता और अफगान नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के उसके दोहरे उद्देश्य को उजागर किया। सलमा बाँध और इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान अफगान पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।

भारत लगातार अफगानिस्तान को स्थिर करने और सद्भावना बनाए रखने के लिए संवाद को बढ़ावा देते हुए अपने भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित करने के लिए तालिबान नेतृत्व से जुड़ता है। भारत अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से अफगान छात्रों का समर्थन करता है और चिकित्सा पर्यटन की सुविधा देता है, जो दीर्घकालिक सांस्कृतिक और मानवीय सम्बंधों को दशार्ता है। हजारों अफगान छात्र भारत में शिक्षित होते हैं, जो लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव का आगे का रास्ता क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत को अफगान स्थिरता सुनिश्चित करने और पाकिस्तान या चीन जैसे विरोधी देशों पर निर्भरता कम करने के लिए मध्य एशिया, ईरान और रूस को शामिल करते हुए बहुपक्षीय प्रयासों का नेतृत्व करना चाहिए। काबुल में राजनयिक मिशनों को मजबूत करना और उदारवादी तालिबान गुटों के साथ संवाद बढ़ाना सम्बंधों और मानवीय सहायता वितरण को संतुलित कर सकता है।

अफगानिस्तान में भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों को फिर से खोलना आपसी समझ के केंद्र के रूप में काम कर सकता है। स्थिरता में आर्थिक निवेशः अक्षय ऊर्जा, कृषि और छोटे उद्यमों में निवेश का विस्तार भारत के क्षेत्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को स्थिर कर सकता है। अफगान सौर ऊर्जा परियोजनाओं का समर्थन करने से रोजगार पैदा हो सकते हैं और विदेशी सहायता पर निर्भरता कम हो सकती है। भारत को स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहायता बढ़ानी चाहिए, ताकि अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास सुनिश्चित हो सके। भारत को तालिबान पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि आतंकवादी संगठनों को बेअसर किया जा सके और उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके। सीमा पार आतंकवाद को रोकने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने पर सहयोग करने से भारत के सुरक्षा उद्देश्यों को बढ़ावा मिल सकता है।

भारत-अफगानिस्तान सम्बंधों में कई बाधाएँ हैं, जिनमें पाकिस्तान की भूमिका शामिल हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भारत की बढ़ती उपस्थिति को अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए खतरा मानता है, तथा उसने अफगानिस्तान के साथ अपने सम्बंधों को गहरा करने के भारत के प्रयासों को अवरुद्ध करने का प्रयास किया है। भारत और अफगानिस्तान दोनों ही आतंकवाद के निशाने पर हैं और अफगानिस्तान में अल-कायदा जैसे आतंकवादी समूहों की निरंतर उपस्थिति भारत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे गरीब और कम विकसित देशों में से एक है और सलमा बाँध और संसद भवन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और देश में निवेश करने के भारत के प्रयास सुरक्षा मुद्दों, भ्रष्टाचार और अन्य चुनौतियों के कारण बाधित हुए हैं। हाल के वर्षों में चीन अफगानिस्तान में तेजी से सक्रिय हो गया है और इससे क्षेत्र में तालिबान के साथ चीन के बढ़ते प्रभाव और जुड़ाव को लेकर भारत में चिंताएँ पैदा हो गई हैं। अफगानिस्तान विश्व में अफीम का सबसे बड़ा उत्पादक है और मादक पदार्थों के व्यापार ने इस क्षेत्र में अस्थिरता और हिंसा को बढ़ावा दिया है, जिससे भारत और अफगानिस्तान दोनों प्रभावित हुए हैं।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। भारत ने अब तक केवल तालिबान को अलग-थलग करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालाँकि, एक सीमा के बाद, यह विकल्प कम लाभ देगा, क्योंकि कई अन्य देश अब तालिबान से जुड़ना शुरू कर रहे हैं और भारत अफगानिस्तान में एक महत्त्वपूर्ण हितधारक है। तालिबान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ सम्बंध हैं। तालिबान के साथ बातचीत से भारत में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में भारतीय चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। तालिबान ने भारत को काबुल में अपना मिशन पुनः खोलने के लिए प्रोत्साहित किया, देश के लिए सीधी उड़ानें पुनः शुरू कीं तथा अफगान सैन्य प्रशिक्षुओं को भी स्वीकार किया। भारत को अफगानिस्तान के प्रति एक दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक आयामों को एक व्यापक रणनीति के ढांचे के भीतर एक सुसंगत समग्रता में पिरो सके।

भारत की अफगान नीति क्षेत्र में भारत के रणनीतिक लक्ष्यों तथा क्षेत्रीय और वैश्विक रणनीतिक परिवेश की स्पष्ट समझ पर आधारित होनी चाहिए। दोनों पक्षों यानी भारत और तालिबान के लिए यह आवश्यक है कि वे एक-दूसरे की चिंताओं को ध्यान में रखें और कूटनीतिक और आर्थिक सम्बंधों में सुधार करें। भारत को अफगानिस्तान

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी

**युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं**

यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरूआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे। युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है। हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

## श्री सुमति शांडिल्य महानिरीक्षक एवं प्रधान मुख्या सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा विशेष बल नयी दिल्ली

कानून प्रवर्तन का कार्य केवल व्यवस्था बनाए रखना नहीं है, बल्कि ऐसे हालात पैदा करना है, जहां सभी नागरिक सुरक्षित, सशक्त और सामाजिक ताने-बाने में शामिल महसूस करें ह्व झ जेम्सक्यू. विल्सन

डिजिटल युग में, सोशल मीडिया अपने मूल उद्देश्य झ संवाद के माध्यम झ को पार करते हुए सामाजिक बदलाव, भागीदारी पूर्ण शासन और जन उत्तरदायित्व का एक सशक्त साधन बन चुका है । रेलवे सुरक्षा बल (फ्द्धत्रऋ), जो भारतीय रेलवे के विशाल नेटवर्क पर प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, के लिए सोशल मीडिया एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मंच है । ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे मंचों का उपयोग न केवल संवाद के लिए किया जा रहा है, बल्कि विश्वास बनाने, समावेशन को बढ़ावा देने और जागरूकता अभियानों को व्यापक बनाने के लिए भी किया जा रहा है । डिजिटल संवाद का यह परिष्कृत एकीकरण, भागीदारी पूर्ण संचार, सार्वजनिक समाजशास्त्र और डिजिटल नागरिकता के सिद्धांतों के साथ मेल खाता है । इससे फ्द्धत्रऋको वैश्विक संदर्भ में एक दूरदर्शी कानून प्रवर्तन एजेंसी के रूप में स्थापित करने में मदद मिली है । सोशल मीडियाः सार्वजनिक जुड़ाव के लिए एक नया आयाम

ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने त्वरित और इंटरएक्टिव इंटरफेस




प्रदान करके संचार में क्रांति ला दी है।

कानून प्रवर्तन के लिए, ये प्लेटफॉर्म निम्नलिखित कार्यों को सक्षम बनाते हैं:

1. रीयल-टाइम सूचना साझा करना:सुरक्षा अलर्ट, यात्रियों के लिए फ्द्धत्रऋद्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के अपडेट और आपात स्थितियों के दौरान दिशा-निर्देशों का त्वरित प्रसार।

2. इंटरएक्टिव सार्वजनिक जुड़ावःयात्रियों के प्रश्नों, शिकायतों और फीडबैक के लिए सीधे संवाद।

3. इंटेलिजेंस का क्राउडसोसिंर्गःसंदिग्ध गतिविधियों की निगरानी के लिए उपयोगकर्ताओं द्वारा रिपोर्ट की गई जानकारी का उपयोग।

प्राधिकरण से पहुंच तक की यात्रा

सोशल मीडिया ने कानून प्रवर्तन और जनता के बीच पारंपरिक संबंध को फिर से परिभाषित किया है, जिससे रीयल-टाइम, दो-तरफा संवाद संभव हो सका है । फ्द्धत्रऋके लिए यह इंटरएक्टिव डिजिटल इंटरफेस एक पुल की तरह कार्य करता है, जो नागरिकों और प्राधिकरण के बीच की मनोवैज्ञानिक और आपरेशनल दूरी को कम करता है । ट्विटर और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर सत्यापित हैं डल यात्रियों को शिकायत दर्ज कराने, सहायता मांगने और महत्वपूर्ण अपडेट प्राप्त करने के लिए एक गैर-समकालिक संवाद चैनल प्रदान करते हैं, जिससे जवाबदेही और परिचालन पारदर्शिता बढ़ती है ।

यह दृष्टिकोण हाबर्मस के पब्लिक स्फीयर थ्योरी में निहित है, जो सोशल मीडिया को एक आधुनिक सार्वजनिक मंच के रूप में परिभाषित करता है, जहां व्यक्ति संस्थानों के साथ संवाद कर सकते हैं और अपने वास्तविक अनुभवों को आकार देने वाले विमर्श में योगदान कर सकते हैं । जवाबदेही और पहुंच को प्राथमिकता देकर, फ्द्धत्रऋ नागरिक-केंद्रित और सेवा-उन्मुख संगठन के रूप में अपनी वैधता को मजबूत करता है, और कानून प्रवर्तन के प्रति जनता की धारणा को दूरस्थ प्राधिकरण से सहयोगी साथी में बदलता है ।विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों जैसे आरक्षित (५४'ल्ली१ृ'ी) समूहों के लिए, यह डिजिटल पहुंच एक जीवन रेखा के समान है । सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए संकट संकेतों का फ्द्धत्रऋद्वारा त्वरित जवाब, और इसकी सक्रिय आउटरीच, डिजिटल इकोसिस्टम के भीतर प्रोएक्टिव पुलिसिंग फ्रेमवर्क के अनुप्रयोग को दशार्ता है । इन प्रतिक्रियाओं की तात्कालिकता विश्वास पैदा करती है और फ्द्धत्रऋको विशाल सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली संस्था के रूप में स्थापित करती है ।

## कार्यलय ग्राम पंचायत सुल्तानपुर ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत सुल्तानपुर विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 10-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यलय ग्राम पंचायत हरदासपुर गढ़ी ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत हरदासपुर गढ़ी विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 14-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यलय ग्राम पंचायत अम्हेडा ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत अम्हेडा विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 05-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यलय ग्राम पंचायत सल्लाहपुर ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत सल्लाहपुर विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 04-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यलय ग्राम पंचायत शाहनगर ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत शाहनगर विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 15-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यलय ग्राम पंचायत शादीपुर कलां ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत शादीपुर कलां विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 07-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यलय ग्राम पंचायत कुम्हारपुरा ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत कुम्हारपुरा विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 13-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

## कार्यलय ग्राम पंचायत इनामपुरा ब्लाक हल्दौर, [ बिजनौर ]

पत्रांक 01 ग्राम पंचायत विकास कार्य 2025 निविदा निकलने की तिथि 20-01-25

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत इनामपुरा विकास खण्ड हल्दौर द्वारा स्वीकृत कार्य के अंतर्गत पंचम वित्त/15 वा वित्त/ODF प्लस/मनरेगा की धनराशि से निम्लिखित विवरण के अनुसार कार्यो के लिए शासकीय विभागों से पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से निर्माण कार्य सामग्री जैसे { बालू, रेत, ईंट, सीमेंट, रोड़ी, सरिया, कच्चा डस्ट, पत्थर, इंटरलॉकिंग, मिटटी भराव कार्य, लाइट बल्ब, हैंडपंप मरम्मत व रेबोर का सामान, पंचायत घर आंगनवाडी स्कूल फर्नीचर का सामान, कांच, odf सम्बन्धी सामान, odf प्लस E रिक्शा ,पंचायत घर में PVC पैनल और अन्य सभी सफाई उपकरण आदि}की आपूर्ति करने हेतु को अल्पकालीन निविदाये आमंत्रित की जाती हैं

1. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार निविदा कार्य दिवस सचिव (ग्राम प्रधान) निविदा क्रय करके निर्धरित तिथि 11-02-25 को 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे निविदा उसी दिन 3 बजे खोला जायेगा
2. प्राप्त निविदायो की समीक्षा उपरांत सबसे कम दरो वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी
3. प्राप्त निविदयो को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं जाँच अधिकारी में निहित होगा
4. समस्त कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने होंगे
5. अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव



# जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट को मिली नई रिलीज तारीख, 7 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

जॉन अब्राहम ने प्रशंसकों के साथ एक दिलचस्प सरप्राइज शेयर किया है। अभिनेता-निर्माता ने वेदा के बाद अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है , जिसमें वह एक बार फिर पावर-पैक एक्शन स्टार के रूप में नजर आएंगे। द डिप्लोमैट नामक इस फिल्म की घोषणा कुछ साल पहले प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के सहयोग से की गई है।

अभिनेता ने उठाया रिलीज डेट से पर्दा इस फर्स्ट लुक पोस्टर में अभिनेता काफी फॉर्मल अवतार में नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म मद्रास कैफे , परमाणु और बाटला हाउस जैसे उनके यह फिल्म भी किसी राजनीतिक ड्रामा की तर्ज पर होगी । इंस्टाग्राम पर इसके बारे में साझा करते हुए, अभिनेता ने फोटो को कैप्शन दिया, साहस और कूटनीति की इस कहानी को जीवंत करने के लिए सम्मानित। देश को हिला देने वाली एक सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में शक्ति, देशभक्ति की एक मनोरंजक कहानी दिखाने की उम्मीद है।

### इिस दिन फिल्म होगी रिलीज

पोस्ट में, अभिनेता ने रिलीज की तारीख यानी 7 मार्च, 2025 भी साझा की। द डिप्लोमैट के बारे में अधिक बात करते हुए, जॉन एक उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म शिवम नायर द्वारा निर्देशित और रितेश शाह द्वारा लिखित है। यह फिल्म टी-सीरीज, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है।

### इस दिन फिल्म होने वाली थी रिलीज

पहले यह फिल्म 11 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे बदल दिया गया। प्रशंसक लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यह घोषणा उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।

### ये सितारे कर रहे हैं निर्माण

बता दें कि फिल्म का निर्माण जॉन अब्राहम, भूषण कुमार, समीर दीक्षित, अश्विन, राजेश बहल, विपुल शाह और कृष्णन कुमार मिलकर कर रहे हैं। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो नाम शबाना और मुखबिर जैसी फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं।



# हीरोइन पूरी फिल्म में बस तैयार हो रही थी, कंगना ने बताई दीपिका की पद्मावत ठुकराने की वजह

कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी आज 17 जनवरी को रिलीज हो गई है। इस फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। साथ ही क्रिटिक्स ने भी कंगना के अभिनय की जमकर तारीफ की है। कंगना रनौत ने बॉलीवुड में अपनी खास जगह बनाई है। कई चर्चित फिल्मों का हिस्सा रहीं कंगना रनौत को संजय लीला भंसाली ने अपनी साल 2018 में आई फिल्म पद्मावत के लिए ऑफर दिया था। मगर, कंगना ने ऑफर ठुकरा दिया। हाल ही में उन्होंने इसकी वजह बताई है।

### सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर जताई चिंता

कंगना रनौत ने हाल ही में एक बातचीत में बॉलीवुड फिल्मों में महिलाओं की भूमिकाओं और बॉलीवुड में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की आलोचना की। उन्होंने संजय लीला भंसाली की पद्मावत को लेकर भी कहा कि इसमें उन्हें महिला प्रतिनिधित्व की कमी लगी। मालूम हो कि यह किरदार फिर दीपिका पादुकोण ने अदा किया। बॉलीवुड में महिलाओं के सीमित और अक्सर रूढ़िवादी किरदारों पर उन्होंने निराशा जताई। कंगना ने अजीत भारती से बातचीत में यह कहा।

### हीरोइन फिल्म में बस तैयार हो रही है

कंगना ने कहा, मुझे पद्मावत भी ऑफर हुई थी। मैंने संजय लीला भंसाली से स्क्रिप्ट मांगी, लेकिन उन्होंने कहा कि वह कभी स्क्रिप्ट शेयर नहीं करते हैं। फिर मैंने उनसे हीरोइन की भूमिका के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ खास नहीं है, हीरोइन की भूमिका बस इतनी है कि हीरो उसे तैयार होते समय आईने में देखता है। और जब मैंने फिल्म देखी, तो मैंने देखा कि पूरी फिल्म में वह बस तैयार हो रही है..., भंसाली सही थे। हीरोइन बस तैयार हो रही है।

### महिलाओं को मिलने वाली भूमिकाएं अपमानजनक

कंगना ने कहा कि बॉलीवुड में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाओं की बहुत कमी है। इस पर बात करते हुए वे बोलीं, नामी निर्देशक महिलाओं को अच्छी भूमिकाओं में नहीं दिखाते हैं और इन दिनों हीरोइनों को जिस तरह की भूमिकाएं मिल रही हैं, वे अपमानजनक हैं। बात करें आज रिलीज हुई फिल्म इमरजेंसी की तो इसका निर्देशन भी खुद कंगना ने ही किया है। इसमें वे पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के रोल में दिखी हैं।

### कई बार टली रिलीज डेट

कंगना रनौत की इमरजेंसी की रिलीज डेट कई बार टली उसके बाद फिल्म आज शुक्रवार को रिलीज हो पाई है। इसे बीते वर्ष सितंबर में रिलीज होना था। लेकिन, सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट नहीं मिल पाने के कारण फिल्म सिनेमाघरों में नहीं आ सकी। फिल्म में महिमा चौधरी, श्रेयस तलपदे और अनुपम खेर जैसे दिग्गज कलाकार भी हैं। इसके अलावा दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक भी फिल्म में नजर आए हैं।



# लवयापा में 8 मिनट लंबा होगा खुशी का मोनोलॉग

खु शी कपूर इन दिनों फिल्म लवयापा को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ आमिर खान के बेटे जुनैद खान भी लीड रोल में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था। वहीं अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। लवयापा में खुशी का आठ मिनट लंबा मोनोलॉग होगा। इसमें कोई दोराय नहीं कि कार्तिक आर्यन का मोनोलोंग दर्शकों के दिमाग पर छप गया है। अब आगामी फिल्मों में अगर कोई मोनोलॉग पेश करता है तो उम्मीदें भी उसी किस्म की होंगी। ऐसे में अगर खुशी का मोनोलॉग दर्शकों को देखने को मिलता है तो क्या वे उम्मीदों पर खरी उतर पाएंगी? बता दें कि मोनोलॉग को लेकर अभी मेकर्स की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ये फिल्म 7 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



# निखिल द्विवेदी की नागिन की तैयारी में जुटीं श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर को पिछली बार फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। वह अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं, जिसका नाम नागिन: प्यार और बलिदान की एक महाकाव्य कहानी है।

निखिल द्विवेदी इस फिल्म के निर्माता हैं। निखिल ने मकर संक्रांति के खास मौके पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नागिन की स्क्रिप्ट साझा की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा...मकर संक्रांति और आखिरकार...। पिछले साल एक साक्षात्कार में निखिल ने कहा था कि श्रद्धा इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होने की संभावना है। बता दें कि ये फिल्म पुरानी मान्यताओं पर बेस्ड होगी।




# 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी अनुष्का शेट्टी की घाटी

बाहुबली की देवसेना यानी अनुष्का शेट्टी फिल्म घाटी इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के टीजर में अनुष्का के बागी तेवर साफ देखने को मिले थे। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। कृष जागरलामुडी की निर्देशित फिल्म घाटी की रिलीज डेट सामने आ गई है। द क्वीन यानी रानी की कहानी घाटी सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने पोस्ट पर लिखा कि घाटी की रानी की आंखों में आग और रोष की कहानी है।

घाटी फिल्म का निर्देशन कृष जागरलामुडी ने किया है। घाटी को संगीत आदित्य म्यूजिक ने दिया है। घाटी के टीजर में अनुष्का शेट्टी के तेवर फैंस को बेहद पसंद आए। इससे पहले वे बाहुबली फिल्म में अपने किरदार के कारण काफी चर्चा में रही थीं। अनुष्का के साथ इस फिल्म में विक्रम प्रभु इस फिल्म में लीडिंग रोल में नजर आएंगे।



# सलमान के अटेंशन के लिए कंटेस्टेंट करते हैं लड़ाई

**अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले की प्रबल दावेदार थीं , लेकिन शो खत्म होने से ठीक चार दिन पहले शो में उनका सफर खत्म हो गया। टॉप 6 में जगह बनाने के बाद शिल्पा शो से बाहर हो गईं। सबसे कम वोट मिलने के बाद आर्ट डायरेक्टर ओमंग कुमार ने उन्हें बाहर निकाला। विवियन डीसेना, करणवीर मेहरा, ईशा सिंह, रजत दलाल, चुम दरंग और अविनाश मिश्रा अब शो के फाइनलिस्ट हैं।**

### अपने सफर को बताया बेहतरीन

अपने एलिमिनेशन से दुखी होने के बावजूद शिल्पा ने इसे अपने जीवन का सबसे अच्छा सफर बताया। एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में बिग बॉस 18 की प्रतियोगी ने शो में अपने अनुभवों के बारे में बात की। अपने सफर के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने कहा, हमें पता था कि हफ्ते के बीच में ही एविक्शन होने वाला है, लेकिन मुझे नहीं पता था कि मैं एविक्ट हो जाऊंगी। शो के अंत में आप किसी भी चीज को लेकर शांत नहीं हो सकते।

### विवियन के साथ अपने बदले रिश्ते पर बोलीं शिल्पा

शिल्पा ने आगे कहा, मैंने अपने जीवन का सबसे बेहतरीन सफर तय किया। मैं शो में बहुत अलग थी। उन्होंने विवियन डीसेना के साथ अपने बदले हुए रिश्ते पर कहा, मुझे नहीं पता कि विवियन और मेरे बीच क्या गलत हुआ, वह अविनाश के साथ बहक गया। करणवीर के साथ मेरा रिश्ता ठीक रहा, बावजूद इसके कि लोग हर हफ्ते उसे बताते थे कि मैं उसे तोड़ रही हूं।

### मीडिया के सवाल का नहीं दे पाई जवाब

विवियन के साथ अपने रिश्तो को लेकर शिल्पा ने आगे कहा कि अगर रिश्ते में एक व्यक्ति दूसरे पक्ष को नहीं देखना चाहता है और सिर्फ एक पक्ष पर विश्वास करता है, तो उससे दूर चले जाना ही सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि कन्फेशन रूम में क्या हुआ, हमें नूरन और उसकी बातचीत के बारे में मीडिया से पता चला। मीडिया के चले जाने के बाद, पूरा सवाल उसके इर्द-गिर्द घूमता रहा कि उसने मुझे और करण को क्यों परेशान किया। यहां तक कि जब मीडिया ने उससे सवाल पूछे, तो उसके पास देने के लिए कोई जवाब नहीं था।

भाईजान के अटेंशन के लिए प्रतियोगी करते हैं लड़ाई घर से बाहर होने के बाद शिल्पा शिरोडकर ने बताया कि सलमान खान का ध्यान खींचने के लिए प्रतियोगी लड़ाई करते हैं ताकि वीकेंड के वार पर उन्हें लेकर बात की जाए और वह शो में लाइमलाइट में आ सकें।



# अली अब्बास जफर की कहानी के मुरीद हैं सलमान, अक्षय कुमार ने सुनाए दोस्ती के किस्से

मशहूर बॉलीवुड निर्देशक अली अब्बास जफर ने टशन, झूम बराबर झूम और बदमाश कंपनी जैसी फिल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में अपनी यात्रा शुरू की। उन्हें सफलता तब मिली जब उन्होंने 2011 में मेरे ब्रदर की दुल्हन के साथ निर्देशक के रूप में डेब्यू किया। रोमांटिक कॉमेडी ने न केवल उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित किया बल्कि एक शानदार करियर की शुरुआत भी की। तब से, अली अब्बास जफर ने गुंडे, टाइगर जिंदा है और अन्य सहित कई फिल्में दी हैं। उन्होंने इंडस्ट्री के कई सितारों के साथ काम किया है।



### सलमान खान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ निर्देशक अली अब्बास जफर ने कई फिल्में दी हैं, जिनमें से एक तो अभिनेता के करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई। दोनों ने टाइगर सीरीज, भारत और सुल्तान जैसी फिल्में दी हैं। कई बार इंटरव्यू के मौके पर अली अब्बास जफर और सलमान खान दोनों ने ही एक-दूसरे की जमकर तारीफ की है। सलमान खान, अली के बारे में कहते हैं कि उन्हें निर्देशक की कहानी बहुत पसंद आती है और सेट पर दोनों अच्छा रिश्ता साझा करते हैं।



### अक्षय कुमार

अक्षय कुमार ने एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के लिए अली अब्बास जफर के साथ काम किया था। फिल्म की मेकिंग के दौरान उन्होंने अली अब्बास के साथ खूब मस्ती की थी। इस दौरान कई मौकों पर अक्षय कुमार ने फिल्म में उनका काम आसान बनाने के लिए फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर की सराहना की थी। अली अब्बास जफर के साथ उनका दोस्ती वाला रिश्ता है।



### टाइगर श्रॉफ

टाइगर श्रॉफ ने भी बड़े मियां छोटे मियां में अली अब्बास जफर के साथ काम किया था। इस दौरान उन्होंने भी निर्देशक की तारीफों के पुल बांधे थे। उन्होंने कहा था कि मैं एक्शन फिल्मों का शौकीन हूं। मुझे एक्शन फिल्म में अली अब्बास जफर और अक्षय कुमार के साथ काम करने का मौका मिला, इसके लिए मैंने निर्देशक का शुक्रगुजार हूं। उनके साथ काम करना एक अच्छा अनुभव रहा है।



### कैटरीना कैफ

कैटरीना कैफ भी अली अब्बास जफर के साथ कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अली अब्बास जफ़र ने कैटरीना की तारीफ करते हुए कहा था कि जब भी कोई फिल्म बनाने की बात आती है, तो कैटरीना हमेशा उनके दिमाग में रहती हैं। उन्होंने कहा था कि जब भी वह उन्हें किसी फिल्म के लिए कास्ट नहीं करते, तो वह हमेशा उन्हें फोन करती हैं।

### शाहिद कपूर

शाहिद कपूर ने ब्लडी डैडी में अली अब्बास जफर के साथ काम किया था। इस दौरान वे निर्देशक की तारीफ भी कर चुके हैं। अली के बारे में बात करते हुए शाहिद कपूर ने कहा था कि मैंने अली के साथ काम करके बहुत अच्छा समय बिताया है। शाहिद ने खुलासा किया कि वह अली को बदमाश कंपनी के दिनों से जानते हैं और उनकी प्रशंसा करते हैं। अली के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उन फिल्मों से कोई आश्चर्य नहीं हुआ, जो वह साथ बना रहे थे। मुझे हमेशा लगता था कि अली बहुत भावुक, बहुत प्रतिबद्ध और स्पष्ट थे। वह एक अच्छे व्यक्ति है। वह चीज जो मुझे पसंद है अली के बारे में, सबसे अधिक यह है कि जिस तरह से वह अपनी टीम के साथ व्यवहार करते हैं, वह मुझे बहुत पसंद है। उन्होंने वास्तव में उन लोगों को रखा है, जिन्होंने उनका समर्थन किया है और उनके साथ रहे हैं।



### घरों की बिक्री दिसंबर तिमाही में 26 प्रतिशत घटी: रिपोर्ट

मुंबई। मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु समेत देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की गिरावट आई है। बिक्री में गिरावट का मुख्य कारण महाराष्ट्र एवं हरियाणा में चुनाव और संपत्ति की बढ़ी हुई कीमतें हैं।




### इस म्यूचुअल फंड पर टूटे निवेशक

मुंबई। तेजी से बढ़ रही म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में इस समय पैसिव फंड का दबदबा देखने को मिल रहा है। खास बात यह है कि साल 2024 में इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड सहित पैसिव फंड में निवेशकों के फोलियो (अकाउंट नंबर) में 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट 24 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले भारत के बिजनेस लीडर्स से मिले एलन मस्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से ठीक पहले शुक्रवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने टेक्सास में अपनी स्पेस-एक्स स्टारबेस में इंडियन ग्लोबल फोरम के तहत भारतीय व्यावसायिक हस्तियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में मस्क ने टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष में पार्टनरशिप और एआई इनोवेशन पर विस्तार से चर्चा की। भारत के बिजनेस लीडर्स ने स्टार बेस का दौरा भी किया।

स्पेस एक्स ऑफिस पहुंचने वाले भारतीय बिजनेस प्रतिनिधिमंडल में एस्सार कैपिटल के डायरेक्टर प्रशांत रुइया, कोटक से जय कोटक, इनोव8 और ओयो के फाउंडर रितेश मलिक, फ्लिपकार्ट के सीईओ कल्याण राणा, आदित्य बिड़ला प्रबंधन से आर्यमान बिड़ला शामिल थे। इन सभी लोगों ने मस्क के साथ बैठकर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की और अपने विचार रखे।



### भारत के साथ सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर

इस मौके पर भारतीय उद्यमियों को सीधे मस्क से जुड़ने और कंपनी की अत्याधुनिक अंतरिक्ष अन्वेषण सुविधाओं का दौरा करने का मौका भी मिला। जिसमें स्टारबेस का दौरा और स्पेसएक्स की स्टारशिप फ्लाइट 7 के सफल प्रक्षेपण और बूस्टर कैच को देखना शामिल था। इस दौरान मस्क ने अमेरिका और भारत के बीच गहन सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने टेक्नोलाजी और स्पेस रिसर्च के क्षेत्र में विशेष सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, चीजें सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही हैं। मैं अमेरिका और भारत के बीच व्यापार बढ़ाने, बाधाओं को दूर करने के पक्ष में हूं।

### प्राचीन सभ्यताओं में से एक भारत

मस्क ने कहा कि भारत प्राचीन सभ्यताओं में से एक है और अपनी विविधता में महान है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए सहयोग की आवश्यकता पर चर्चा की। इसमें टेक्नोलाजी, फाइनेंस, एक्सचेंज, स्पेस और एआई जैसी प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी की बात की गई।

इंडिया ग्लोबल फोरम के संस्थापक मनोज लाडवा ने इस आयोजन को वैश्विक नेताओं के बीच बढ़ते सहयोग का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में सार्थक बातचीत का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। मस्क ने स्पेसएक्स, टेस्ला और न्यूरालिंक सहित अपनी कंपनियों के काम के बारे में जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री अगले 5 साल मे दुनिया में नंबर एक होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री अगले पांच वर्षों में दुनिया में नंबर वन होगी। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री ने अब तक 4.5 करोड़ जॉब पैदा की हैं, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने यह बात फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल प्रोडक्ट की मांग दुनिया में सबसे ज्यादा है।



**कितनी बड़ी है यह इंडस्ट्री-** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री 22 लाख करोड़ रुपये की है। इतने बड़े आकार के साथ अभी भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री दुनिया में तीसरे स्थान पर है।

अमेरिकी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है। इसमें यह पहले स्थान पर है। अमेरिका के बाद चीन का नंबर आता है। 47 लाख करोड़ रुपये की इंडस्ट्री के साथ चीन दूसरे स्थान पर है।

**10 साल में तीन गुना बड़ा आकार-** देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री पिछले 10 साल में तीन गुनी हो गई है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये था। आज इसका आकार करीब तीन गुना बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### ये हैं दुनिया के टॉप-10 शहर, टॉप-50 में शामिल है मुंबई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2025 में रहने के लिए दुनिया के 50 सर्वश्रेष्ठ शहरों में मुंबई शामिल है। टाइम आउट की ओर से इस साल के लिए जारी रैंकिंग में मुंबई 49वें स्थान पर है। सर्वश्रेष्ठ शहरों की रैंकिंग में केपटाउन पहले स्थान पर है, जबकि बैंकॉक दूसरे और न्यूयॉर्क तीसरे स्थान पर है।



**मुंबई खास क्यों?-** मुंबई को भावनाओं का शहर बताया गया है। सर्वे के अनुसार यहां सितारों की चकाचौंध और समुद्र की शांति, दोनों का मिश्रण है। मुंबई गर्मजोशी से स्वागत करने वाले लोगों के लिए जाना जाता है। कोस्टल रोड और पहली भूमिगत मेट्रो लाइन जैसी नई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं यातायात में सुधार कर रही हैं। स्थानीय लोग मुंबई को रोमांस के लिए सबसे अच्छा शहर मानते हैं। यह शहर दुनिया का तीसरा सबसे खुशहाल शहर भी है।

**केप टाउन-** केप टाउन को दुनिया के सबसे खुशहाल शहरों में से एक माना जाता है। 95 प्रतिशत लोगों ने केप टाउन के खाने-पीने के माहौल को बढ़िया माना है, जबकि 97 लोगों ने दावा किया कि यह शहर उन्हें खुश करता है।

**बैंकॉक-** बैंकॉक भव्य मंदिरों से लेकर स्ट्रीट मार्केट लोगों को आकर्षित करते हैं। आतिथ्य के लिए भी शहर जाना जाता है। 86 स्थानीय लोग बैंकॉक के खाने के माहौल अच्छा बताते हैं, 84 लोग बाहर खाना किफायती मानते हैं।

# ट्रंप का प्लान और रॉकेट हो गई क्रिप्टो

### 5 दिनों में कीमत में 45 प्रतिशत तक का उछाल आया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरेंसी फिर से चर्चा में आ गई है। इसका कारण है अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कल यानी 20 जनवरी को होने वाली ताजपोशी। ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। माना जा रहा है कि शपथ लेने के बाद ट्रंप क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी कोई घोषणा कर सकते हैं। इस उम्मीद को लेकर पिछले 5 दिनों में क्रिप्टोकरेंसी में बड़ा उछाल आया है।

वहीं ट्रंप ने शुक्रवार को ट्रंप मीम कॉइन लॉन्च किया था। यह कॉइन लॉन्च होते ही 8000 फीसदी उछल गया था। ट्रंप के



दोस्त एलन मस्क समेत कई लोग ट्रंप के प्रशासन से जुड़े हैं। ये भी क्रिप्टोकरेंसी के समर्थक हैं। जानकारों के मुताबिक ऐसे में बिटकॉइन समेत दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी आने वाले समय में तेजी आ सकती है। हो सकती है कि बड़ी तेजी कल शपथ लेने के बाद से ही दिखाई देने लगे।

### क्या है ट्रंप का प्लान?

जानकारों के मुताबिक ट्रंप अपने कार्यकाल के पहले कुछ दिनों में क्रिप्टोकरेंसी कंपनियों पर लगने वाले विनियामक बोझ को कम कर सकते हैं। साथ ही वह डिजिटल करेंसी अपनाने को बढ़ावा देने से संबंधित कोई घोषणा कर सकते हैं।

माना जा रहा है कि ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति की सत्ता संभालने के बाद क्रिप्टो सलाहकार परिषद बनाने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। ब्लूमबर्ग न्यूज ने भी सोर्स के माध्यम से इस बारे में खबरें प्रकाशित की थीं। यह परिषद सरकार को क्रिप्टो-फ्रेंडली नीति पर सलाह देने में मदद करेगी। इसमें 20 सदस्य हो सकते हैं।

### कितना आया क्रिप्टो में उछाल?

पिछले 5 दिनों में क्रिप्टोकरेंसी में बड़ा उछाल देखने को मिला है। जानें, 5 दिनों में किस प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में कितनी तेजी आई।

### अमेरिका राष्ट्रपति का वार्षिक वेतन 400000 डॉलर

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कल यानी 20 जनवरी से सत्ता संभाल लेंगे। इसके साथ ही वह अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले सकेंगे। नवंबर में हुए चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ी जीत हासिल की थी। राष्ट्रपति पद पर बैठते ही उन्हें करोड़ों रुपये की सैलरी मिलनी शुरू हो जाएगी। साथ ही ट्रैवल और एंटरटेनमेंट के लिए भी भत्ते मिलेंगे। राष्ट्रपति को यह सैलरी सरकारी खर्चे से दी जाती है। अमेरिका के राष्ट्रपति को सालाना 400000 डॉलर (करीब 3.46 करोड़ रुपये) का वेतन मिलता है। यह सैलरी साल 2001 में निर्धारित की गई थी। तबसे लेकर अब तक इसके कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### ये सुविधाएं भी मिलती हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में रहने, एयर फोर्स वन, मरीन वन, 24 घंटे सीक्रेट सर्विस सुरक्षा सहित कई महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति को मुफ्त इलाज की सुविधा भी मिलती है। ट्रंप को भी ये सारी सुविधाएं मिलेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति देश-विदेश दौरा मरीन हेलीकॉप्टर और एयर फोर्स वन प्लेन से करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति वॉशिंगटन में अपने आधिकारिक आवास से एयरपोर्ट तक मरीन वन हेलीकॉप्टर में जाते हैं। इसमें भी उनके साथ मरीन कमांडो और सीक्रेट सर्विस के ऑफिसर होते हैं।

# मारुति सुजुकी ने पेश की अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी-ई विटारा

### ईवी की शानदार परफॉर्मेंस के लिए तैयार, ई विटारा एक नए इलेक्ट्रिक वाहन प्लेटफॉर्म पर आधारित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने डिकार्बोनाइजेशन (कार्बन कम करने) और सभी के लिए आनंदमय मोबिलिटी (यात्रा) के प्रति संकल्प को दिखाते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में व्यापक द्र द्बश्रह्ठ द्वद्र इलेक्ट्रिक ईको-समाधान के साथ अपनी पहली क्कईवी एसयूवी-ई विटारा को पेश किया है।

ई विटारा को HEARTECT-e प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, जो शानदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन रेंज के साथ उच्च स्तर का आराम और सुरक्षा प्रदान करता है। इसे प्रीमियम नेक्सा चैनल के माध्यम से बाजार में उतारा जाएगा। प्रीमियम नेक्सा चैनल में पेश किए जाने के लिए तैयार, ई विटारा नेक्सा के नवीनता, बेहतरता और प्रीमियम ग्राहक अनुभव जैसे मूल्यों पर आधारित है। इस पेशकश पर बोलते हुए तोशीहीरो सुजुकी, रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर एंड प्रेसिडेंट, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, ने कहा, हमारा उद्देश्य तीन प्रमुख रणनीतियों के जरिए ग्राहकों के लिए बीईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) को आकर्षक बनाना है। पहली रणनीति है, बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एक खास बीईवी प्लेटफॉर्म बनाना। दूसरी, ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक सही उत्पादों का विकास करना और तीसरी, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाकर उत्पादन को एक ही स्थान पर केंद्रित करना। इस दिशा में, हमने भारत को उसके उत्पादों की गुणवत्ता और पैमाने के कारण वैश्विक निर्माण केंद्र के रूप में चुना है। हिसाशी ताकेउचि, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, ने कहा, ई विटारा एक बिल्कुल नए प्लेटफॉर्म HEAR-TECT-e पर बनी SUV है, जिसे विशेषरूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है। यह अत्यधिक कुशल बैटरी पैक विकल्पों के साथ आती है, जो एक बार चार्ज करने पर 61kWh के लिए 50 किलोमीटर से अधिक दूरी प्रदान करती है। हमने ई विटारा को कई प्रीमियम और एडवांस्ड फीचर्स से लैस किया है, जैसे कि लेवल 2 ADAS, इंटीग्रेटेड डिजिटल डिस्प्ले और नेक्स्ट-जेन सुजुकी कनेक्ट।




# 70 घंटे काम की नसीहत देने वाले नारायण मूर्ति परिवार की 24 घंटे में ही कम हुई 1900 करोड़ की संपत्ति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्क लाइफ बैलेंस पर इन दिनों भारी वाद-विवाद हो रहा है। यह वाद-विवाद इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति के उस बयान से शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की नसीहत दी थी। इन्हीं नारायण मूर्ति परिवार की संपत्ति में 24 घंटे के दौरान ही करीब 1,900 करोड़ रुपये घटी है। दरअसल, शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। इस दौरान इंफोसिस के शेयरों में भारी गिरावट आई। इस वजह से कंपनी का मार्केट कैप या बाजार पूंजीकरण भी घटा है।

**क्या कहा था नारायण मूर्ति ने-** आईटी कंपनी इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति ने कहा था कि भारतीयों को वर्क लाइफ बैलेंस के बजाय काम पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सप्ताह में छह दिन के बदले पांच दिन ही काम करने की परंपरा पर भी सवाल उठाया था। उन्होंने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की वकालत की थी। उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर भारी वाद-विवाद दिख रहा है। इसमें बड़े-बड़े दिग्गज कूद गए हैं।

**इंफोसिस के शेयरों में गिरावट-** शुक्रवार को बीएसई पर इंफोसिस के शेयरों में 5.8 प्रतिशत की भारी गिरावट आई। यह शेयर शाम को 1,815.10 रुपये पर बंद हुआ। इस तरह मूर्ति परिवार की संपत्ति में भारी गिरावट आई और उनकी संयुक्त संपत्ति में से करीब 1,900 करोड़ रुपये की कमी आई। इंफोसिस में कुल 4.02 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले परिवार की हिस्सेदारी शेयरों की बिक्री के बाद घटकर 30,292 करोड़ रुपये रह गई। इस तरह इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण घटकर 7.53 लाख करोड़ रुपये रह गया।

**परिवार के पास कितनी हिस्सेदारी-** बीते साल सितंबर में समाप्त तिमाही तक इंफोसिस के को-फाउंडर और प्रवर्तक एन.आर. नारायण मूर्ति के पास इस आईटी प्रमुख कंपनी में 0.40 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि उनकी पत्नी सुधा एन मूर्ति के पास 0.92 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

# पीएम मोदी की आर्थिक नीतियों में दुनिया की रुचि, वैष्णव बोले- वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में होगी चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों को सराहा जा रहा है। दुनियाभर के देश इन नीतियों को अपनाना चाहते हैं। इसलिए दावोस में होने वाली वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में इन्हीं नीतियों पर चर्चा होगी। सोमवार से शुरू हो रही फोरम की बैठक में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत के विकास की कहानी जैसे डिजिटल परिवर्तन के लेकर काफी रुचि है। दावोस में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में हमारी विचार प्रक्रिया, प्रधानमंत्री की आर्थिक नीति, डिजिटल परिवर्तन, भारत ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत काम किए हैं और तकनीक को लोकतंत्रीकरण हुआ है उसे काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में समावेशी विकास, सामाजिक, भौतिक, डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश और प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण समेत तमाम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समावेशी विकास पर बहुत अधिक ध्यान दिया है। इससे समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।

# बजट से उम्मीदें: ग्रामीण इलाकों की योजनाओं पर व्यय बढ़ा सकती है सरकार, जीडीपी वृद्धि दर से कम रहेगी खर्च दर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैश का मानना है कि इस बार के बजट में ग्रामीण इलाकों से जुड़ी योजनाओं का आवंटन बढ़ सकता है। इसमें कल्याणकारी योजनाओं से लेकर अन्य योजनाएं शामिल होंगी। हालांकि, आगे ऐसी योजनाओं पर सरकार के खर्च की वृद्धि दर जीडीपी वृद्धि दर से कम रह सकती है।

विश्लेषकों का मानना है कि ऐसा होता है तो इससे गांव के लोगों की आय में सुधार होगा और खर्च भी बढ़ेगा। लेकिन इसके साथ बचत बढ़ाने की भी जरूरत है। जैसे-जैसे ग्रामीण भारतीयों की आय में सुधार होगा, ग्रामीण उपभोग में भी वृद्धि होने की संभावना है, लेकिन ग्रामीण विकास में भी तेजी आनी चाहिए। आय बढ़ने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बचत बढ़नी चाहिए और जमा राशि में वृद्धि की संभावना को देखते हुए बैंकिंग क्षेत्र शाखा विस्तार करने के लिए और प्रयास करेंगे। जब आय में सुधार होगा, तो लोग परिवार के भविष्य के बारे में सोचेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा की पहुंच बढ़ने की गुंजाइश है।



**ग्रामीण जीवन सुधार के लिए कई निवेश-** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी में फंड मैनेजर प्रियंका खंडेलवाल कहती हैं कि ग्रामीण भारत विकास गाथा का अभिन्न अंग है क्योंकि हमारी कामकाजी उम्र की आबादी का एक बड़ा हिस्सा इसी इलाके में है। देश की 64 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है और अर्थव्यवस्था में इसका लगभग आधा योगदान है। पिछले दशक में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार के लिए कई निवेश किए गए हैं और इससे बहुत लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है। सामाजिक कल्याण में सुधार के लिए सभी निवेशों के बावजूद, रोजगार के लिए कृषि पर बहुत अधिक निर्भरता के कारण पिछले कुछ वर्षों में समग्र स्तर पर ग्रामीण आय में अच्छा प्रदर्शन नहीं हुआ है।

**आजीविका के लिए कृषि पर ज्यादा निर्भरता-** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के पंजीकृत सलाहकार विकास आनंद कहते हैं, पिछले दस वर्षों में गैर-कृषि नौकरियों में कार्यरत लोगों के जीवन में कुछ खास बदलाव नहीं हुआ है। आजीविका के लिए कृषि पर निर्भरता अधिक थी क्योंकि कृषि आय वृद्धि सीमाबद्ध थी। शहरी आय वृद्धि बेहतर रही है।

यही कारण है कि शहरी भारत ने ग्रामीण भारत की तुलना में आय और उपभोग वृद्धि के मामले में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

**गैर-कृषि नौकरियों के लिए बेहतर दृष्टिकोण-** इस दशक में ग्रामीण भारत के लिए दृष्टिकोण अलग हो सकता है, क्योंकि गैर-कृषि नौकरियों के लिए दृष्टिकोण बेहतर दिख रहा है। घरेलू जरूरतों के साथ-साथ निर्यात के लिए भारत के विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाने पर जो जोर दिया जा रहा है, उसमें गैर-कृषि नौकरियों की उपलब्धता में सुधार करने की क्षमता है। लाडली बहना जैसी योजनाएं ग्रामीण उपभोग और/या बचत के लिए अच्छा संकेत हैं। ग्रामीण प्रति व्यक्ति आय भी उस मोड़ के करीब है जहां से गैर-खाद्य खपत बढ़नी चाहिए। जो कंपनियां इन ग्राहकों की सेवा पर ध्यान केंद्रित करती हैं उन्हें बेहतर विकास संभावनाओं से लाभ हो सकता है।

# साजिद और अबरार का कहर, पाकिस्तान की वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत

**साजिद खान 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे**



**मुल्तान (एजेंसी)।** कप्तान शान मसूद (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद साजिद खान (पांच विकेट) और अबरार अहमद (चार) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 123 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 127 रनों से जीत लिया हैं। मैच में कुल नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।

251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर पायी और पूरी टीम 36.3 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के ऐलेक ऐथनेज ने सर्वाधिक (55) रनों की पारी खेली। टेविन इमलाक (14), मिकाइल लुईस (13), क्रेग ब्रैथवेट (12), केविन सिंक्लेयर (10) रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 15 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद ने 11.3 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। नोमान अली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां इससे पहले गेंदबाजों की मददगार पिच पर जोमेल वारिकन (32 रन देकर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रनों का लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान ने कल के दूसरी पारी में तीन विकेट 109 रन के आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सऊद शकील (दो) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें वारिकन ने ग्रीव्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद वारिकन ने मोहम्मद रिजवान(दो) को भी अपना शिकार बना लिया।

बल्लेबाजी करने आए आगा सलमान ने कामरान गुलाम के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 38वें ओवर में वॉरिकन ने कामरान गुलाम (27) को आउटकर पाकिस्तान को छठा झटका दिया। नोमान अली (दो), साजिद खान (पांच), खुर्रम शहजाद (शून्य) पर आउट हुये। 47वें ओवर में गुडाकेश मोती ने आगा सलमान (14) को आउटकर 157 के स्कोर पर पाकिस्तान की दूसरी पारी का अंत कर दिया। पहली पारी के आधार पर मिली बढ़त के आधार पर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज की ओर जोमेल वारिकन ने 18 ओवरों में 32 रन देकर सात विकेट लिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 230 रन बनाये थे। वहीं वेस्टइंडीज की पहली पारी 137 के स्कोर पर सिमट गई थी।

**पाकिस्तान दूसरी पारी - 109/3 (31 ओवर)** - पाकिस्तान ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट खोकर 109 रन बना लिए हैं। कप्तान शान मसूद ने मोहम्मद हुरैन के साथ मिलकर पहली विकेट के लिए 67 रन जोड़े। मोहम्मद 29 रन बनाकर आऊट हो गए। इस दौरान बाबर आजम फिर से विफल रहे और 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शान मसूद ने टीम के लिए 52 रन बनाए। फिलहाल क्रीज पर गुलाम और सऊद शकील खड़े हैं।

**विंडीज पहली पारी - 137 रन** - विंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही। स्पिनर साजिद खान ने शुरू से ही दबाव बनाते हुए विंडीज टीम के पहले 5 ओवर में ही 4 विकेट चटका लिए। इसके बाद नोमान अली सक्रिय हो गए। उन्होंने एलिक और जस्टिन ग्रीव्स के साथ केविन सिंक्लेयर और मोती (19) का विकेट निकाला। दोनों की घूमती गेंदों का विंडीज बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। अंतिम विकेट के लिए जोमेल वारिकन और जेडन सील्स ने फाइट की और स्कोर 137 तक पहुंचाया। वारिकन ने 31 तो जेडन ने 22 रन बनाए।

**पाकिस्तान पहली पारी -230 रन** - बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के गेंदबाज जेडेन सील्स के कहर का समाना करना पड़ा। मैच में एक समय पाकिस्तान ने 13.3 ओवर में 46 के स्कोर पर अवने 4 विकेट गंवा दिए थे। मोहम्मद हुरैरा (6), कप्तान शान मसूद (11), कामरान गुलाम (5) और बाबर आजम (5) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण जब मैच रोका गया तो पाकिस्तान के 4 विकेट पर 143 रन थे। मैच के दूसरे दिन शकील (84) और मोहम्मद रिजवान (71) ने स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन उनके आऊट होते ही टीम भी 230 रन पर ढेरी हो गई। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 27 रन देकर 3, वारीकेन ने 69 रन देकर 3 तो केविन ने 61 रन देकर 2 विकेट लिए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11 -**

**वेस्टइंडीज** - क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, केवम हॉज, एलिक अथानाजे, जस्टिन ग्रीव्स, टेविन इमलाच (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन, जेडन सील्स।

**पाकिस्तान** - शान मसूद (कप्तान), मुहम्मद हुरैरा, बाबर आजम, कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, साजिद खान, नोमान अली, खुर्रम शहजाद, अबरार अहमद।

## ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर की दादी और मामा सड़क हादसे का शिकार, मौके पर तोड़ा दम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खिलाड़ी मनु भाकर की दादी और मामा की रविवार 19 जनवरी को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना रविवार सुबह करीब 9 बजे महेंद्रगढ़ बाईपास रोड पर एक स्कूटर और ब्रेजा कार की टक्कर के कारण हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनु भाकर की दादी और चाचा की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।



अभी दो दिन पहले ही मनु भाकर को राष्टपति से खेल रत्न पुरस्कार मिला था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। शहर थाना प्रभारी और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौर हो कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर को शुक्रवार को राष्टीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया। भाकर स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक ओलंपिक में दो पदक जीते हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में यह कमाल किया था।

## बोपन्ना-शुआई की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**मेलबर्न (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को यहां दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी। इससे भारतीय-चीनी जोड़ी कोर्ट पर उतरे बिना ही अंतिम आठ में पहुंच गई। बोपन्ना और शुआई का अगला मुकाबला हंगरी की टिमिया बाबोस और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवलो तथा ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना और शुआई की जोड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती मैच में फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और क्रोएशिया के इवान डोडिक को 6-4, 6-4 से हराया था।

## रवींद्र जडेजा ने अभ्यास सत्र में लिया हिस्सा, दिल्ली के खिलाफ में खेल सकते हैं रणजी ट्रॉफी मैच

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा राजकोट में टीम के अभ्यास सत्र में शामिल होने के बाद दिल्ली के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच में सौराष्ट्र के लिए खेल सकते हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जडेजा रविवार की सुबह सौराष्ट्र के नेट सत्र में थे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की कप्तानी वाली टीम के साथ प्रशिक्षण ले रहे थे। जडेजा को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में चुना गया था। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच जनवरी 2023 में तमिलनाडु के खिलाफ घुटने की चोट के बाद वापसी करते हुए खेला था और 8 विकेट लिए थे। उन्होंने हाल ही में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पांच में से तीन टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके तुरंत बाद बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट में भागीदारी को अनिवार्य बनाने के लिए 10-सूत्रीय नीति दस्तावेज पेश किया और कहा कि गैर-अनुपालन अंतरराष्ट्रीय चयन और केंद्रीय अनुबंध नवीनीकरण को प्रभावित कर सकता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव की कमी खलेगी, वह 'एक्स-फैक्टर' हो सकते थे : सुरेश रैना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना को लगता है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की कमी आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में खलेगी क्योंकि वह दुबई में 'एक्स-फैक्टर' साबित हो सकते थे, जहां रोहित शर्मा की टीम अपने सभी मैच खेलेगी। सूर्यकुमार और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज शनिवार को घोषित चैंपियंस ट्रॉफी टीम से गायब दो बड़े नाम थे। वे 2023 वनडे विश्व कप टीम में शामिल कुल छह खिलाड़ियों में शामिल हैं। अन्य खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और ईशान किशन हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में खेल से संन्यास लिया है।

रैना ने कहा, सूर्या विश्व कप टीम का अभिन्न हिस्सा थे, वह 360 डिग्री के खिलाड़ी हैं जो खेल के किसी भी चरण में 9 रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकते हैं। वह विपक्षी टीम पर हावी हो सकते हैं और अलग तरह से बल्लेबाजी कर सकते हैं। अगर सूर्या टीम में होते तो यह एक एक्स-फैक्टर होता, उनकी कमी खलेगी। अब जिम्मेदारी शीर्ष 3 पर होगी जो फॉर्म में नहीं हैं। सूर्या ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी स्थिति में बल्लेबाजी कर सकते हैं।

रैना ने यह भी कहा कि जसप्रीत बुमराह की फिटनेस और मोहम्मद शमी के चोट से वापसी को लेकर अनिश्चितता के बीच सिराज बेहतर विकल्प होते, हालांकि उन्हें अब भी लगता है कि हैदराबाद का यह तेज गेंदबाज टीम में जगह बना सकता है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में सिराज अलग फॉर्म में थे, लेकिन आप 12 फरवरी तक टीम में बदलाव कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो सिराज टीम में वापस आ सकते हैं।

उन्होंने कहा, हर्षित राणा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके पास अच्छी गति, अच्छी बम्पर, वैरिएशन, यॉर्कर और पेस है। वह और अर्शदीप सिंह दोनों डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि अगर बुमराह नहीं होते हैं तो सिराज बेहतर विकल्प हैं।

रैना ने शुभमन गिल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उप-कप्तानी देने का कदम दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा, %गिल को सही समय पर उप-कप्तानी मिली है। वह भारतीय क्रिकेट के अगले सुपरस्टार हैं और उन्होंने वनडे में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित जानते हैं कि किसी युवा खिलाड़ी को कैसे प्रशिक्षित करना है और शुभमन क्या मूल्य लेकर आएंगे।

दुबई की पिचें धीमी होती हैं और टर्न लेती हैं, इसलिए रैना ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या गेंदबाजी विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। रैना ने कहा, शमी को मैच अभ्यास की कमी है, बुमराह अभी भी अनिश्चित हैं और कुलदीप ऑपरेशन से वापस आ रहे हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि स्पिन विभाग में कुलदीप का साथ कौन देगा।

भारत ने दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है पहला 2002 में और 2013 में, और रैना को कोई संदेह नहीं है कि रोहित और उनके साथी जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, रोहित में क्षमता है, उनके पास टीम है लेकिन जो महत्वपूर्ण होगा वह 15 में से 11 खिलाड़ियों का संयोजन है। विकेट थोड़े धीमे होंगे, लेकिन हमारे पास क्षमता है।

रैना ने भी भारतीय टीम में पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत का समर्थन किया, जिसमें केएल राहुल भी हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, निश्चित रूप से पंत, उनकी विकेटकीपिंग में सुधार हुआ है। लेकिन उन्हें 50 ओवर के खेल में अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलना होगा। अगर वह 40-50 गेंदों तक टिके रहते हैं तो वह विपक्षी टीम से खेल छीन सकते हैं, लेकिन उन्हें क्रीज पर अधिक समय बिताने की जरूरत है।

## श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका

**कप्तान स्टीव स्मिथ की कोहनी में लगी चोट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ की कोहनी में चोट लग गई है, लेकिन उनके इस सप्ताह के अंत में दुबई में प्री-टूर कैंप में शामिल होने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। सीए ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलते समय अपने अंगूठे में हुए फ्रैक्चर की सर्जरी से उबर रहे हैं जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाएं टखने के दर्द की रिकवरी पर विशेषज्ञ की सलाह के बाद निगरानी जारी रहेगी।




स्मिथ को शुक्रवार को बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए फील्डिंग करते समय दाहिनी कोहनी में चोट लग गई जिसके कारण सिडनी थंडर के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। कुहनेमन के बारे में सीए ने कहा कि वह तब तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे जब तक उनके फ्रैक्चर वाले अंगूठे पर सर्जरी का घाव ठीक नहीं हो जाता। सीए ने कहा, %अगर वह अच्छी प्रगति करते रहे तो श्रीलंका में टीम में शामिल होने के उद्देश्य से वह इस सप्ताह गेंदबाजी फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

कुहनेमन ने 2023 की शुरुआत में भारत दौरे पर तीन टेस्ट खेले थे और यहां तक ??कि पांच विकेट भी लिए थे। उसके बाद वह टीम से बाहर हो गए जब तक कि उन्होंने अपनी नई टीम तस्मानिया के लिए 6 शेफ़ील्ड शील्ड में 18 विकेट नहीं चटकाए और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापस नहीं लाया गया। श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की दो मैचों की टेस्ट सीरीज 29 जनवरी को गॉल में शुरू होगी, इसके बाद दूसरा मैच 6 फरवरी को उसी स्थान पर शुरू होगा। इसके बाद कोलंबो में 12 और 14 फरवरी को दो वनडे मैच खेले जाएंगे।

# पूर्व बीएससी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने मुंबई हॉफ मैराथन में हासिल की दुर्लभ उपलब्धि




**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप द्वारा मुंबई हॉफ मैराथन (21 किलोमीटर) का आयोजन किया गया जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 21 किलोमीटर दौड़कर मुंबई मैराथन के 20वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया। चहल ने वार्षिक वैश्विक आयोजन के सभी संस्करणों में हॉफ मैराथन पूरा करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। ??मुंबई हॉफ मैराथन की शुरूआत 2004 में की गई थी और इकबाल सिंह तब से ही इसमें हिस्सा ले रहे हैं। टाटा मुंबई मैराथन 2025 में पूर्व बीएमसी आयुक्त ने 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन) पूरा करने में 2 घंटे 20 मिनट और 24 सेकंड का समय लिया। गौरतलब है कि हॉफ मैराथन रेती बंदर/माहिम दरगाह उरुस ग्राउंड से शुरू हुई जो माहिम चर्च जंक्शन के ठीक बगल में है। इकबाल सिंह को 8 मई 2020 को नगर आयुक्त नियुक्त किया गया था और उन्होंने लगभग चार साल तक सेवा की। उन्होंने अधिकतम शहर में कोविड-19 बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए प्रशंसा प्राप्त की। वह वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

**इकबाल सिंह चहल पर नजर** - इकबाल सिंह चहल का जन्म जन्म 20 जनवरी 1966 को हुआ था। वह महाराष्ट्र कैडर के 1989 बैच के आईएएसअधिकारी हैं और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व नगर आयुक्त और प्रशासक हैं। वर्तमान में वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं। इससे पहले उन्होंने विभिन्न पदों पर महाराष्ट्र और भारत सरकार की सेवा की है। अपने शुरुआती करियर में वे ठाणे और छत्रपति संभाजीनगर जिलों के कलेक्टर थे जिसके बाद वे गृह मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहे। इसके बाद वे महाराष्ट्र के जल संसाधन विभाग और शहरी विकास विभाग में प्रधान सचिव भी रहे।

**इकबाल सिंह चहल द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण काम** - इकबाल सिंह को मुंबई में कोविड-19 को नियंत्रण में रखने का श्रेय व्यापक रूप से दिया जाता है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय और बॉम्बे उच्च न्यायालय ने भी उनके मुंबई मॉडल के लिए सराहना की। उन्होंने नए फील्ड अस्पतालों के माध्यम से हजारों बेड और निजी सुविधाओं के साथ कोविड-19 वार्ड सरकार को सौंप दिए जिसमें 800 वाहनों को एम्बुलेंस में भी बदल दिया।

**आईपीएल 2025**

# लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल सकते हैं ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 संस्करण से पहले संजिका गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान बनाया जा सकता है। दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले लखनऊ फ्रैंचाइजी ने रिटेन नहीं किया जबकि उन्होंने कैश-रिच लीग के अपने पहले दो संस्करणों में टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया था। राहुल को रिटेन न करने के बाद स्त्र टीम के पास पंत और श्रेयस अय्यर के बीच भूमिका के लिए चयन करने के लिए दो विकल्प थे इसलिए फ्रैंचाइजी और प्रबंधन ने पूर्व के साथ जाने का विकल्प चुना।

पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जिन्हें जेद्दा में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। स्त्र फ्रैंचाइजी इस टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाद दूसरी टीम होगी। उन्होंने हमवतन श्रेयस अय्यर को हराया, जो कुछ मिनट पहले ही पंजाब किंग्स (पीबीकेएस ) द्वारा 26.75 करोड़ रुपए में खरीदे गए लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को पछाड़ा जिन्होंने 24.75 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली के साथ वर्षों बाद आईपीएल में वापसी की थी।



शुरू में एलएसजी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बोली लगाने की जंग हुई, जिसमें बाद में हार मान ली गई। सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्रा) ने अपने विस्फोटक बल्लेबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश में बोली लगाने की जंग में प्रवेश किया और डीसी ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन वे पंत के लिए स्त्र द्वारा लगाई गई कीमत से मेल नहीं खा सके और वे अय्यर से भी आगे निकल गए।

पंत ने 2016 से अपने पूरे आईपीएल करियर में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 110 मैचों में 35.31 की औसत से 3,284 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया और उन्होंने उसी सीजन में उन्हें प्लेऑफ में पहुंचाया। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले स्त्र ने अनकैप्ड स्टार मोहसिन खान और आयुष बदोनी के साथ निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई को रिटेन किया।

लखनऊ स्थित फ्रैंचाइजी ने 14 में से सात मैच जीतकर 14 अंकों के साथ स्टैंडिंग में 7वें स्थान पर अपना आईपीएल 2024 का सफर समाप्त किया।

### लखनऊ सुपर जायंट्स टीम

**बल्लेबाज** - एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, आयुष बदोनी (रिटेन), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके।

**विकेटकीपर** -ऋषभ पंत, निकोलस पूरन (रिटेन), आर्यन जुयाल।

**ऑलराउंडर** - अब्दुल समद (स्पिनर), मिशेल मार्श (तेज गेंदबाज), शाहबाज अहमद (स्पिनर), युवराज चौधरी (स्पिनर), राजवर्धन हंगरगेकर (तेज गेंदबाज), अर्शिन कुलकर्णी (तेज गेंदबाज)।

**स्पिनर** - रवि बिश्नोई (बरकरार), एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह।

**तेज गेंदबाज** - मयंक यादव (बरकरार), मोहसिन खान (बरकरार), आकाश दीप, आवेश खान, आकाश सिंह, शमर जोसेफ,

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के काकचिंग में उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादी को शनिवार को काकचिंग जिले के हियांगलाम लाई पंगाम्बा इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस बीच सुरक्षा बलों ने शनिवार को थौबल जिले के लिलोंग पुलिस थाना क्षेत्र से एक सिंगल-बोर बैरल (स्नाइपर), एक देसी राइफल, एक कार्बाइन मैगजीन, थ्री नॉट थ्री मैगजीन, एक हथगोला, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किए।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने के लिए दावोस रवाना

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में भाग लेने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। फडणवीस सोमवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्य रात्रि को दावोस रवाना हुए। बयान के अनुसार इस दौरान मुख्यमंत्री डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मा, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। फडणवीस ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में तीन बार विश्व आर्थिक मंच में भाग लिया था।

### मणिपुर के कांगपोकपी में 25 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई: मुख्यमंत्री

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दलों ने कांगपोकपी जिले में 25 एकड़ में अफीम की अवैध खेती को नष्ट कर दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने की पहल के तहत कांगपोकपी जिला पुलिस और 133 बीएन सीआरपीएफ की दो प्लाटून की एक संयुक्त टीम ने कांगपोकपी के वाई लांगखोंग गांव में एक विशेष अभियान के दौरान 25 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट कर दिया।'' सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियान ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण हैं और ये पूरी प्रतिबद्धता से जारी रहेंगे।

### शादी से मना करने की खौफनाक सजा; घर में घुसकर 10वीं की छात्रा का रेता गला

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में 15 साल की नाबालिग लड़की की उसके घर में घुसकर एक शख्स ने गला रेतकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काफी समय से 10वीं की छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी फरार है। उसकी तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। आरोपी के खिलाफ पहले से ही पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी उसपर शादी का दबाव बना रहा था। वह लड़की को जान से मारने की धमकियां दे रहा था। वारदात के दौरान पीड़िता घर में अकेली थी। मृतका के गले और चेहरे पर चाकू के कई निशान मिले हैं। पुलिस की अपराध शाखा और फोरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। डबुआ थाना समेत पुलिस की पांच टीम आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, किशोरी अपने भाई और मां के साथ किराए के कमरे में रह रही थी। वह पास स्थित एक स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता राजस्थान के जयपुर में रहते हैं। बच्चों के पालन-पोषण के लिए उसकी मां किसी कंपनी में काम करती है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम वह घर में अकेली थी। इस दौरान पड़ोस में रह रहा एक युवक उसके घर में घुस आया और धारदार हथियार से उसपर हमला कर दिया। आरोपी ने उसके गले को रेत दिया।

# हिमाचल में अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में 2 की मौत, हवा में टकराए ग्लाइडर



**धर्मशाला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में दो पर्यटकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि ये पर्यटक गुजरात और तमिलनाडु के थे। धर्मशाला में अहमदाबाद की एक 19 साल की युवती की मौत हो गई। हादसा शनिवार शाम करीब 5 बजे इंद्रू नाग पैराग्लाइडिंग टेक-ऑफ प्वाइंट पर हुआ। हादसे में पैराग्लाइडिंग सहायक गाइड को मामूली चोटें आई हैं।

धर्मशाला में उड़ान के थोड़ी ही देर बाद हादसा हो गया जिसमें गंभीर चोटें आने के बाद युवती को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान खुशी भवसार (19) पुत्री जिग्नेश निवासी सहजानंद एवेन्यू, नारणपुरा, अहमदाबाद गुजरात के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार, खुशी अपने परिवार के साथ धर्मशाला की यात्रा पर थी और साहसिक खेलों का आनंद लेना चाहती थी।

पैराग्लाइडिंग पायलट की पहचान मुनिश कुमार (29) के रूप में हुई है, जो जिला कांगड़ा के धर्मशाला के टाहू चोला गांव का रहने वाला है। मुनिश को हादसे में मामूली चोटें आई हैं और वह सुरक्षित बच गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पैराग्लाइडर का संतुलन बिगड़ गया जिससे दोनों जमीन पर गिर गए। खुशी को गंभीर चोटें लगीं और उसे तत्काल जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। वहीं पायलट मुनिश कुमार को मामूली चोटें आने के बाद प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा। मृतका के परिवार को सूचना दे दी गई है। धर्मशाला पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है कि क्या यह घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई या सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी। पैराग्लाइडिंग के दौरान सुरक्षा उपायों की बार-बार अनदेखी होने के आरोप पहले भी लग चुके हैं।पुलिस और प्रशासन इस मामले में पायलट से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में टेक-ऑफ प्वाइंट और पैराग्लाइडिंग उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। धर्मशाला खासकर इंद्रू नाग टेक-ऑफ प्वाइंट साहसिक खेलों के लिए लोकप्रिय है। हर साल सैकड़ों पर्यटक यहां पैराग्लाइडिंग का रोमांच अनुभव करने आते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में पैराग्लाइडिंग के दौरान दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और उपकरणों की ठीक से जांच न होना इन घटनाओं के मुख्य कारण बताए जाते हैं। वहीं एक अन्य घटना में शुक्रवार शाम को कुल्लू जिले में गार्सा लैंडिंग साइट के पास पैराग्लाइडिंग करते समय तमिलनाडु के एक 28 वर्षीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बीएसएफ ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया: सूत्र



**बाड़मेर, एजेंसी।**
सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए नौ एमएम की चार ग्लॉक पिस्तौल, आठ मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए।

बीएसएफ (गुजरात फ्रंटियर) के एक सूत्र ने बताया, ''सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।''

उन्होंने कहा, ''माना जा रहा है कि हथियारों को पाकिस्तान से तस्करी कर भारत लाया गया है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां ??हाई अलर्ट पर हैं।'' बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाश अभियान संचालित कर रही हैं और इस बात की जांच कर रही हैं कि ये हथियार भारत में कैसे पहुंचे? देश में कुछ ही दिन में गणतंत्र दिवस मनाया जाना है ऐसे में हथियारों की बरामदगी को संवेदनशील मामला माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है।

## गैंगरेप केस: जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पद से इस्तीफा दें मोहन बड़ौली: अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
गैंगरेप मामले में फंसे हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से उन्हीं की सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस्तीफा मांग लिया है। अनिल विज ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर लगे आरोपों की जांच हो रही है। गवाह ने कहा है कि मैं निर्दोष हूं और बड़ौली भी कह रहे हैं कि मैं निर्दोष हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हिमाचल पुलिस की जांच में वे निर्दोष साबित होंगे। जब तक हिमाचल प्रदेश पुलिस उन्हें निर्दोष साबित नहीं कर देती या जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पार्टी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

एक युवती की शिकायत पर मोहन लाल बड़ौली और हरियाणवी सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ 13 दिसंबर 2024 को कसौली थाना में गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर की कॉपी 14 जनवरी 2025 को सामने आई थी। 16 जनवरी को आरोप लगाने वाली महिला की फ्रेंड मीडिया के सामने आई थी और उसने कहा था कि होटल में कोई गैंगरेप नहीं हुआ। वह कभी बड़ौली से नहीं मिली। होटल में वह सिर्फ रॉकी मित्तल से मिली थी और उसका नाम जबरन गवाह के तौर पर एफआईआर में डलवा दिया गया है।

वहीं, हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ गई हैं। बड़ौली पिछले साल जुलाई में हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष बने थे। बड़ौली के एक बार फिर से भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने की संभावना थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश के कसौली थाने में उनके विरुद्ध दर्ज दुष्कर्म की रिपोर्ट ने उनकी फिर से अध्यक्ष बनने की राह में अड़चनें पैदा कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अब बाकी दावेदार भाजपा के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय हो गए हैं। दुष्कर्म कांड में क्लीन चिट मिलने के बाद भी उन्हें दोबारा कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।

## ग्रेटर नोएडा के 14,931 घरों की होगी बिजली गुल?





**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी खबर है। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने बिजली बिल के बकायेदारों पर शिकंजा कसने और बड़ा ऐक्शन लेने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के तिलपता करनवास, सैनी, साकीपुर, श्योराजपुर और खेड़ी समेत 10 गांवों में सोमवार से बकायेदारों के कनेक्शन काटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन गांवों में 14,931 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे। इससे राजस्व का नुकसान हो रहा है। एनपीसीएल के पास ग्रेटर नोएडा शहरी क्षेत्र के अलावा 118 गांवों में बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी है। ग्रामीण उपभोक्ताओं से बकाया बिल वसूलने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। लगभग हर गांव में ऐसे उपभोक्ता हैं, जो नोटिस भेजने के बाद भी बकाये का भुगतान नहीं कर रहे हैं। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बकायेदारों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। बिजली चोरी के साथ बकायेदार उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान न किए जाने पर राजस्व का नुकसान हो रहा। कार्रवाई से पहले गांवों में कैंप लगाए जा रहे हैं। प्रथम चरण में तिलपता करनवास, सैनी, साकीपुर, श्योराजपुर, खेड़ी, खैरपुर गुर्जर, बिसरख जलालपुर, जुनैदपुर, सूरजपुर और सुनपुरा में अगले 2-3 दिन में विद्युत निगम की टीम पुलिस बल के साथ बकायेदारों के कनेक्शन काटेगी। इन गांवों में 14,931 ऐसे उपभोक्ता हैं, जो लंबे समय से बकाये का भुगतान नहीं कर रहे हैं। कई बार नोटिस भेजे जा चुके हैं। अब इन पर कार्रवाई की जाएगी। एनपीसीएल से मिली जानकारी के मुताबिक, तीन दिन में तिलपता, करनवास, थापखेड़ा, खोदनाखुर्द, सूरजपुर, खेड़ा चौगानपुर, मुबारकपुर, सुनपुरा और ऐच्छर गांव में अभियान के दौरान 352 बकायेदारों कनेक्शन काटे गए हैं।

# ह्यूस्टन पर बर्फीले तूफान का संकट, खतरे से निपटने के लिए जरूरी सामान खरीदने उमड़े लोग, 21 जनवरी को स्कूल बंद



**ह्यूस्टन, एजेंसी।**
अमेरिका इन दिनों मौसम की मार झेल रहा है। आर्कटिक तूफान के चलते ह्यूस्टन में 21 जनवरी को स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि आर्कटिक तूफान के चलते तापमान शून्य से भी नीचे चला जाएगा और अगले सप्ताह भारी बर्फबारी होगी। इसके बाद पूरे शहर में लोगों को तूफान से बचाने की तैयारियां तेज हो गई हैं।

बताया जा रहा है कि तूफान के कारण कड़ाके की ठंड पड़ेगी और भारी बर्फबारी के चलते तापमान काफी नीचे चला जाएगा। साथ ही सप्ताह के मध्य तक ओले गिरने और हिमपात की स्थिति बन सकती है। हालांकि शहर में औसतन हर चार साल में एक बार ही हिमपात होता है। मौसम विभाग की रिपोर्ट मिलने के बाद लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोगों ने आवश्यक सामान जुटाना शुरू कर दिया है। इसके चलते शहर के सुपर मार्केट में भीड़ नजर आई। किराने की दुकानों पर बड़ी संख्या में लोग नजर आए।

लोगों ने दूध, ब्रेड और बोतलबंद पानी की खूब खरीद की। आलम यह रहा कि तमाम सुपर मार्केट तो आधे दिन में ही खाली हो गए। लोग सामान जुटाने के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान की ओर दौड़ लगाते रहे। वहीं स्थानीय नेताओं ने भी लोगों को तूफान से बचाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

मेयर जॉन व्हिटमायर ने हैरिस काउंटी जज के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ठंड से बचने के लिए दस वार्मिंग सेंटर बनाने की घोषणा की गई है। यह केंद्र आज शाम को खुलेंगे। वहीं शहर के पशु आश्रय स्थल बीएआरसी में पालतू जानवरों को रखने के लिए केनेल बनाए गए हैं। वहीं ह्यूस्टन पब्लिक वर्क्स और टेक्सास परिवहन विभाग ने खतरनाक बर्फ जमने से रोकने के लिए पुलों, ओवरपास और प्रमुख राजमार्गों पर काम शुरू कर दिया है।

मेयर व्हिटमायर ने कहा कि हम शहर में मौसम से निपटने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से पाइपों, पौधों और पालतू जानवरों, घरों और प्रियजनों की सुरक्षा करने का आग्रह किया। वहीं मैराथन और दो मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे परेड सहित बड़े आयोजनों को भी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। वहीं स्कूलों ने भी बर्फीली सड़कों और संभावित बिजली कटौती को लेकर एहतियात के तौर पर 21 जनवरी को स्कूल बंद करने की घोषणा कर दी है।

इसके अलावा सेंटर प्वाइंट एनर्जी के कर्मचारी हाई अलर्ट पर हैं। उन्होंने बिजली कटौती को रोकने के लिए 3,500 मील लंबे पेड़ों की छंटाई की है और पावर ग्रिड की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हीटर लगाए हैं। सेंटरपॉइंट एनर्जी की मिशेल हंडले ने कहा कि बर्फबारी से हमारे सिस्टम को नुकसान न पहुंचे इसलिए हम पूरी तरह से तैयारी कर रहे हैं।

## ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी, 2 जजों की हत्या

**तेहरान, एजेंसी।**
तेहरान में शनिवार को ईरान के सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने गोलीबारी की। इस हमले में 2 जजों की मौत हो गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने दावा किया है कि जजों को उनके कमरों में घुसकर मारा गया है। दोनों जज नेशनल सिक्योरिटी, आतंकवाद, जासूसी के मामलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पर गोली चलाने के बाद हमलावार ने सुसाइड कर लिया। पूरी घटना में एक और जज भी घायल हुआ है। इसके अलावा एक बॉडीगार्ड भी घायल हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों को निशाना बनाया गया, उनकी पहचान अली रजिनी और मोघीसेह के तौर पर हुई है। ये ईरानी न्यायपालिका के वरिष्ठ जजों में शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा फांसी की सजा सुनाए जाने के चलते दोनों जजों को हैंगमैन कहा जाता था।

हमले के मकसद का पता नहीं, पुलिस ने जांच शुरू की रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर जस्टिस डिपार्टमेंट का ही कर्मचारी था। ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक तेहरान के कोर्ट हाउस से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। रजिनी की 1988 में भी हत्या की कोशिश की गई थी। उस दौरान उनकी बाइक में मैग्नेटिक बम लगाया गया था। वहीं, अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट के मुताबिक दूसरे जज मोघिसेह पर अमेरिका ने 2019 में बैन लगा दिया था।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा फांसी देने वाला देश ईरान ईरान दुनिया में सबसे ज्यादा फांसी की सजा देने वाले देशों में से एक है। ईरान में 2024 में 901 लोगों को मौत की सजा दी गई। इनमें 31 महिलाएं भी शामिल हैं। पिछले साल दिसंबर महीने के एक हफ्ते में 40 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी।

## एलेक्सी नवलनी के 3 वकीलों को रूसी अदालत ने भेजा जेल

**मास्को, एजेंसी।** नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजेटा' ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा कि नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है। रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का प्रतिनिधित्व कर चुके तीन वकीलों को जेल में डाल दिया गया है। पेतुस्की की अदालत ने नवलनी के वकील रहे वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन, एलेक्सी लिपस्टर को साढ़े तीन से 5 साल तक कैद की सजा सुनाई। मॉस्को से लगभग 100 किमी पूर्व में पेटुस्की शहर की एक अदालत ने वादिम कोबज़ेव, इगोर सेरगुनिन और एलेक्सी लिपत्सर को 3 1/2 से पांच साल तक की जेल की सजा सुनाई थी। उन्हें अक्टूबर 2023 में चरमपंथी समूहों से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जैसा कि अधिकारियों ने नवलनी के नेटवर्क को माना था। नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजेटा' ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा कि नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है।''

## अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण का विरोध, हजारों प्रदर्शनकारी पोस्टर बैनर लेकर सड़कों पर उतरे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। शपथ ग्रहण से पहले ही देश के कई हिस्सों में उनके विरोध में प्रदर्शन हो गए हैं। शनिवार को हजारों लोगों ने अलग-अलग जगहों पर ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। राजधानी वॉशिंगटन में कई हल्ल्ह के एक ग्रुप ने 'पीपुल्स मार्च' बैनर के तले ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के अलावा इलॉन मस्क और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ पोस्टर और बैनर के जरिए विरोध जताया। इससे पहले भी इस ग्रुप ने जनवरी 2017 में ट्रम्प के पहले शपथ ग्रहण पर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए थे।




शपथ ग्रहण के लिए वाशिंगटन पहुंचे ट्रम्प

डोनाल्ड ट्रम्प शपथ ग्रहण के लिए राजधानी वॉशिंगटन पहुंच चुके हैं। ट्रम्प ने शनिवार दोपहर फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच से वायुसेना के सैन्य विमान सी-32 में सवार होकर उड़ान भरी। उनके साथ उनकी पत्नी मेलानिया और बेटे बैरेन ट्रम्प भी साथ थे। इस फ्लाइट को स्पेशल एयर मिशन 47 नाम दिया गया था। मिशन 47 का मतलब है कि डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्रम्प को ये विमान मुहैया कराया। अमेरिका में आमतौर पर सत्ता से बाहर जा रहे राष्ट्रपति नए राष्ट्रपति के लिए ऐसा करते हैं। हालांकि 2021 में डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन के लिए ऐसा नहीं किया था। इस वजह से बाइडेन को निजी प्लेन से वॉशिंगटन आना पड़ा था। सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प 100 से ज्यादा कार्यकारी आदेशों पर साइन करेंगे। उनकी टीम ने कार्यकाल शुरू होने से पहले इन आदेशों को तैयार कर लिया है। ओवल ऑफिस में ट्रम्प की टेबल पर इन्हें रखा जाएगा। ट्रम्प के चुनावों वादों को पूरा करने के मकसद से इन आदेशों को तैयार किया गया है। एक इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह पहले दिन रिकॉर्ड संख्या में आदेशों पर साइन करने की योजना बना रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इन आदेशों में मैक्सिको बॉर्डर को सील करना, अवैध प्रवासियों को देश से भेजना और महिलाओं के खेलों में ट्रांसजेंडर्स को शामिल होने से रोकने के आदेश शामिल हो सकते हैं। कार्यकारी आदेश वह आदेश होते हैं जो राष्ट्रपति द्वारा एकतरफा जारी किए जाते हैं और जो कानून की शक्ति रखते हैं। इन्हें कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। कांग्रेस इन्हें पलट नहीं सकती, लेकिन इन्हें अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129